Received: 13 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

महिला शक्ति भारतीय प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार

– डॉ. आनन्द कुमार त्रिपाठी
प्रधानाध्यापक,
प्राथमिक विद्यालय, अगरडीहा,
विकास खण्ड गिलौला, श्रावस्ती–
(उत्तर प्रदेश)

– सतीश कुमार
सहायक अध्यापक,
प्राथमिक विद्यालय, कछपुरा, सरैंडा,
आगरा– (उत्तर प्रदेश)
ई–मेलःsatish.kumar8619@gmail.com

– कंचन कामिनी
सहायक अध्यापक,
प्राथमिक विद्यालय, संगसियापुर,
अकबरपुर, कानपुर देहात–209301 (उ.प्र.)
ई–मेल :
kanchankamini6@gmail.com

हमारे शास्त्रों में जो भी बातें कही गयी है, वह सारी बातें मनुष्य मात्र के लिए नहीं हैं, अपितु महिला के लिए भी कहा गया है, क्योंकि हमारे यहाँ ब्रह्म का निरूपण करते समय न ही ब्रह्म का कोई लिंग है और न ही आत्मा का कोई लिंग है। इसलिए महिला और पुरुष को अलग-अलग देखना यह भारत की दृष्टि में नहीं है। हमारे यहाँ शिव और शक्ति एक है तथा दोनों ही मिलकर पूर्ण होते हैं। इसलिये अर्धनारीश्वर की कल्पना पूर्णता की कल्पना है। भले ही शब्द में अर्ध आया है, ईश्वर भी तभी पूर्ण होते हैं, जब शिव और शक्ति को एक साथ पूजा जाता है। वैदिककाल में भी देखा जाय तो महिलाओं को विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त थी। धर्म, राजनीति, ज्ञान-विज्ञान तथा समाज व्यवस्था में भी महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त था, पर कहीं-कहींतो उसे पुरुष से भी अधिक अधिकार प्राप्त था ।

'अहं केतुरहं मूर्धा अहमुग्रा' (ऋग्वेद, 10-1512) मैं कुलकीर्ति की ध्वजा हूँ। अतएव कुल को मेरे कारण ही कीर्ति मिली है अर्थात् नारी उसकी पताका है, उसी के कारण ही कुल के यश का झण्डा फहराया है एवं कुटुम्ब का मष्तिष्क भी है। मूर्धन्य स्थान में भी रहकर कुटुम्ब को इच्छानुसार चलाती है। वह कोई दुर्बल भीरू, पति के चरणों में पड़ी दासी नहीं है। वह अन्याय चुपचाप नहींसहेगी। इस उदार दृष्टिकोण के होते हुए भी नारी दुराचारिणी नहीं थी, वह केवल वासना के वशीभूत होकर पति का त्याग नहीं करती थी। सुकन्या इसका एक उत्तम उदाहरण है। शर्यती ऋषि की इस सुन्दर कन्या का विवाह च्यवन ऋषि के साथ हुआ। च्यवन अत्यन्त कुरूप व अकालबद्ध लगते थे। परन्तु यौवनोत्फुल्ल वालण्यमयी सुन्दरी कन्या ने उनका तिरस्कार नहीं किया, अश्विनी आदि देवताओं के बहुत समझाने पर भी कि सुकन्या अपना रूप यौवन इनके साथ व्यर्थ में मत गंवाओ मेरे साथ चलो। तो वह कहती है, कि हे देवता यदि आप ऐसा ही चाहते हैं कि मेरा रूप-यौवन व्यर्थ न जाय तो आप मेरे पति च्यवन को ही रूपवान बना दीजिए। उनकी पति के प्रति अनन्य प्रीति देखकर अश्विनी कुमारों ने वैसा ही किया, ऐसी थी वैदिककालीन नारियाँ। अतएव यज्ञ क्रिया आदि करने वाली एवं करवाने वाली नारियों का उल्लेख अथर्ववेद में भी आता है।

'कामं गृहयै अग्नौः पत्नी प्रातर्होमौ।' (गौभिलगृहाय सूत्र -13)

रात्रि का होम तो पत्नी को करना ही चाहिए। यदि इच्छा हो तो उसे प्रातहोम भी करना चाहिए। यज्ञक्रिया में पत्नी का होना अनिवार्य माना है।

'पुत्रीणां वा कुमारिणां विश्वं आयुर्विअश्नतुः।
अपत्नीकः कथमग्निहोत्र जुहोति? श्रद्धापत्नी सत्यं यजमानः ।।'

- शतपथ ब्राह्मण

पत्नी के बिना अग्निहोत्र कैसे किया जाय। श्रद्धा और सत्य दोनों सर्वोत्तम युगल हैं। यदि पत्नी का निधन हो गया तो श्रद्धा को पत्नी मानकर यज्ञक्रिया जारी रखनी चाहिए। ऐसा ऐतरेय ब्राह्मण में कहा गया है।

युद्ध में नारियों की सहभागिता पुरुषों के जैसी स्वाभाविक मानी गयी है। महर्षि पाणिनि द्वारा रचित शब्दकोश में तलवार धारण करने वाली बताया

गया है एवं तैत्तरीय ब्राह्मण में इन्द्राणी को सेना के देवता के रूप में मान्यता दी गयी है। 'उदसौ सूर्यौ अगादुदयं मामको भगः।' अर्थात् सूर्योदय हुआ है अरुणोदय। मेरे अर्थात् नारी के भाग्य का अरुणोदय, इसलिए हे - नारी तुम अपने अधिकारों का स्मरण करो।

अतएव तुम याद करो तुम्हारी दादियाँ, परदादियाँ अपने अधिकारों का अपने पराक्रम से रक्षा करती थी। वे राजनीति सामाजिक कार्यों जनता के संरक्षण और कल्याण के कार्यों में पुरुषों के बराबर हिस्सा लेती थीं। कभी कभी पुरुषों को भी मात दे देती थीं। वैदिककाल में स्त्रियों ने शिक्षा और प्रेरणा प्राप्त कर महिलाओं ने अपने अधिकार प्राप्त किये एवं पुरुषों के समान ही सभी क्षेत्रों में अपना कर्तव्य दिखाया। ऋग्वेद में पुरुषों ने ही सर्वसक्तिमान परमेश्वर से प्रार्थना की है, कि हे देव उर्वशी ने पुरुरवा का त्याग किया, तब वह उसके वियोग में पागल होकर जंगल-जंगल भटकता रहा। ऐसा दारुण वियोग कभी मत देना ।

'इहैव सा मां वियौष्टम्।' (ऋग्वेद 10-85-42)

ऐसी दशा में पुरुष विवाह विच्छेद की धमकी भी कहाँ से करते। पति मनःपूर्वक आर्त स्वर से प्रार्थना करता था कि जब एक जल दूसरे जल से इतना मिल जाता है, उन्हें अलग करना असम्भव हो जाता हैं। उसी प्रकार मेरी पत्नी का हृदय मिलकर एक रूप हो जाने दो।

'समञ्जंतु विश्वे देवा समापो हृदयानि नौ।'

हे देवताओ मैं विवाह विच्छेद नहीं करना चाहता हूँ। चाहे वही मुझसे अलग होना चाहे। अतः मुझसे अलग होने व विवाह विच्छेद की बुद्धि उसे कभी मत दीजियेगा। इस प्रकार से वैदिक काल की नारियों की प्रधानता चली आ रही है। वह अपना और अपने परिवार का निर्णय लेने में स्वयं सक्षम थी। श्रीमद्भगवद्गीता के 10वें अध्याय के 34वें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण ने को सप्तशक्ति के रूप में बताया है, कि नारी के अन्दर ईश्वरतत्व सप्त रूपों में विद्मान है, उसमें दूसरी शक्ति श्री है-

'कीर्तिः श्रीर्वाकच नारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमाः।'

नारी जो भी प्राप्त करती है, वह कीर्ति को प्राप्त करती है एवं यश को प्राप्त करती है। उसकी वाणी में शक्ति है। जब एक महिला सभा में अपना वक्तव्य प्रस्तुत करती है, तब प्रायः सभी का ध्यान उसी की ओर रहता है और उसका असर सब पर होता है। क्योंकि वाक् शक्ति उसके पास है। श्री भी एक शक्ति हैं। श्री का आशय केवल पैसा नहीं है, पैसे से परे समृद्धि हैं। वर्तमान में रक्षाबन्धन विपर्यास हो गया है और लोग यह कहने लगे, कि बहन-भाई को राखी बाँधकर रक्षा की याचना करती है। पर ऐसा नहीं है, रक्षासूत्र किसको बांधा जाता है, भाई की रक्षा के लिए बांधा जाता है -

'येनबद्धो बलिः राजा दानवेन्द्रो महाबलः।'

'तेन् त्वाम् अनुबध्नामि रक्षे माचल-माचलः' ।।

अर्थात् दानवेंद्र महाबली को जिस रक्षासूत्र में बांधा गया, उसमें मैं तुम्हें बांध रही हूँ, यह तुम्हारी रक्षा करेगा। इसलिए रक्षा के लिए रक्षा सूत्र बांधा जाता है। अतएव नारी की रक्षा कौन कर सकता है। वह सबकी रक्षा करने वाली होती है, क्योंकि उसके अन्दर शक्ति है, वह स्वयं शक्ति स्वरूपा है। अजसी और कुलशी नामक युवतियों ने इंद्र से लड़ाई कर उन्हें भाग दिया एवं वृत्तमाता ने भी इंद्र से लड़ाई की थी। **- (ऋ - 1-32-9 ब्राह्मण)**

वघ्रनिमती के युद्ध में दोनों हाथ कट गये किन्तु उन्हें पुनः जोड़कर वह युद्ध में शामिल हुई थी। **- (ऋ.10-39)** वैदिककाल से जो उदाहरण और समत्व भावना प्राप्त हुई, उससे हर्षित होना स्वाभाविक है। वैदिककालीन महिलाओं में अदिति का अनूठा चरित्र हमारे सामने उपस्थित होता है। वह मातृत्व का एक अनोखा उदाहरण है। उनके द्वारा मातृत्व को अलग ही अर्थ प्राप्त हुआ है। जगत् गुरु आदि शंकराचार्य ने अपने स्रोत में 'देव्यापराधक्षमापण' में कहा है - हे माता मैंने कभी तुम्हारी सेवा नहीं की, तुम्हें खर्च करने के लिए तुम्हें फूटी कौड़ी भी नहीं दी। कदाचित् तुम्हें कष्ट ही दिये होंगे। तब भी माँ तुमने मुझे प्रेम ही दिया। निराभिलाष और निरूपम प्रेम दिया-

'कुपुत्रो जायते क्वचिदपि कुमाता न भवति।'

पुत्र बुरा हो सकता है, परन्तु माता कभी बुरी नहीं हो सकती। माता संतान से लाड़-प्यार करे, परन्तु उसके साथ ही कठोर अनुशासन द्वारा उसे जीवन में संघर्ष का सामना करने योग्य बनाये, यह सीख अदिति ने विश्व को दी है। उसने अपने पुत्रों को सभी क्षेत्रों में शीर्ष स्थानों पर पहुंचाया। उन्हें नेता एवं देवता बनाया। यह सब करते हुए वह कोमल, स्नेहमयी जननी अत्यन्त कठोर भी बनी। ऋग्वेद में कहा गया है कि - उसने लोहार की भाँति हथौड़े से ठोंक पीटकर देवताओं का निर्माण किया- **'सं कर्मार इवाधमत् देवानां पूर्वे युगे।'**

- (ऋग्वेद 10-62-2)

अदिति माता ने प्रचण्ड प्रेम, सहज आत्मीयता और अवर्णनीय वात्सल्य की प्रतीति स्त्रीत्व के महान गुणों के रूप में होती है। नारी का प्रेम और वात्सल्य अपनी सन्तान तक ही सीमित नहीं होता। अपितु स्वयं कष्ट सहकर दूसरों से प्रेम करना अपनी जीवन सुखमय बनाना एवं उसकी विविध प्रकार से चिन्ता कर उसका कल्याण करना नारी के रक्त में होता है। इसलिए एक नारी जिस प्रकार माता के रूप में पुत्र की देखभाल करती है, उसी प्रकार कन्या के रूप में पिता तथा

पत्नी के रूप में पति की अपने प्राणों से भी अधिक चिंता करती है। शतपथ ब्राह्मण में माता को पिता और गुरू से भी अधिक श्रेष्ठ बताया गया है।

'मातृवान् पितृवान् आचार्यवान् पुरुषोवेदः ।'

विश्व का निर्माण कर उसे आधार देने वाले देवताओं को देवत्व उसी के कारण मिला।

भारतीय दर्शन की गणना विश्व के श्रेष्ठतम दर्शनों में होती है। विश्व में एकत्व खोजकर उसने विश्व कल्याण का सुन्दर मार्ग उसे दिखाया है।' इन्द्रः पुरुरुप मायाभिरियतैः वह अन्तिम सत्य एक ही है, तब भी लोग उसे अनेक मानते हैं। 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति।' आत्मा सर्वत्र एक ही है। इस एकात्मवाद के प्रभाव से मनुष्य और मनुष्य के बीच का द्वैभाव समाप्त हुआ। प्रेम और सामंजस्य के फलस्वरूप विश्व शांति दृढ़ हुई- **'विश्वेस्मिन् शान्तिरस्तु मानवाः सन्तु नुर्भयाः।'**

यह सीख और विश्वास इस दर्शन ने दिखाया। परन्तु इस श्रेष्ठ भारतीय दर्शन में अमूल्य योगदान देने वाली विदुषी थी- गार्गी तथा ऐसी महान प्रतिष्ठा प्राप्त महिलाओं में से सर्वोपरि मानी गयी । तथा याज्ञवल्क्य जैसे महान ऋषियों को भी अपने प्रश्नों के द्वारा पराजित कर देती हैं। अन्तोगत्वा वे ही गार्गी से चुप रहने को कहते हैं।

तत्पश्चात् गार्गी ने आत्म-विश्वासपूर्ण उद्गार कहे। उनसे उन विद्वानों की सभा में उनकी श्रेष्ठता का अनुमान लगाया जा सकता। तदनन्तर गार्गी ने शांत स्वर में पण्डितों से कहा- 'कि मैं अब याज्ञवल्क्य से दो प्रश्न पूछंगी, यदि वह सही उत्तर देते हैं तो यह सिद्ध होगा, कि ब्रह्मवेता आप सबके लिए अजेय हैं, आप सबसे श्रेष्ठ हैं। अन्य विद्वानों ने उन्हें मान्यता देकर कहा ठीक है, गार्गी तुम दो प्रश्न पूंछो, विदुषी गार्गी ने प्रश्न पूंछे और धनुष की प्रत्यंचा खींचकर उसमें लगाने के लिए दो बाण हाथ में लिए एवं हाथ को ऊपर उठाने वाले धनुर्धर की मुद्रा बनाई और याज्ञवल्क्य से कहा मेरे दोनों प्रश्न इन दोनों मर्मभेदी बाणों के जैसे हैं एवं अत्यन्त आत्म-विश्वास के साथ प्रश्न किये, वे आकाश तथा अवकाश पृथ्वी से नीचे तथा स्वर्ग से बहुत ऊपर का वातावरण आदि से सम्बन्धित प्रश्न किए तथा वे प्रश्न शून्य में वास करने वाले उस तत्व से सम्बन्धित थे, जो पहले भी था आज भी है, और भविष्य में भी रहेगा। वह कौन सा तत्व है? वह कौन सी शक्ति है? उसके मूल में कौन सी प्रक्रिया हैं। ऐसे विज्ञान निष्ठ प्रश्न गार्गी ने पूंछे तथा याज्ञवल्क्य ने संतोषजनक उत्तर भी दिये एवं वैदिककाल के बाद रामायण और महाभारत का अवगहन होता हैं। इन दोनों महाकाव्य में आदर्श मानवता और राक्षसी प्रवृत्ति के बीच संघर्ष चित्रित किया गया है और अन्ततः नैतिक धर्म की सत्ता विजयी होता है। परन्तु कहीं-कहीं शारीरिक दुर्बलता का लाभ उठाकर महिला के अपमानित करने के भी प्रसंग मिलते हैं। परन्तु यह भी सत्य है कि अपमानित हुई सीता अथवा द्रोपदी अर्थात् स्त्रीजाति की प्रतिष्ठापना का कार्य इन रचनाओं में हुआ है। वाल्मीकि रामायण में स्वयं महर्षि वाल्मीकि कहते हैं, कि सीता के चरित्र का गान करने के लिए मैंने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की है। रामायण में अद्भुत शालिनी जैसी अनेक महिलाएँ हैं। माता शबरी को महान तपस्वनी के रूप में वर्णित किया गया है। मुनि अत्रि की पत्नी अनुसुइया श्रेष्ठ तपस्विनी थी, जिससे पृथ्वी सुजलाम सुफलाम बनी।

विलक्षण एवं प्रभावी महिलाओं के उदाहरण महाभारत में देखने को मिलते हैं एवं द्रोपदी को पण्डिता कहा गया है। पाँचों पतियों में सदैव युद्ध का बदला लेने के लिए धर्म स्थापना के लिए उपयुक्त किया। कुन्ती, गंधारी, विदुला ऐसी अनेक महिलाएँ अपने विशेष व्यक्तित्व के कारण सदैव प्रेरणादायी रही हैं। इन्होंने वास्तव में अपने पतियों को धर्म के रास्ते पर चलने के लिए हर सम्भव प्रयास किये। मन्दोदरी और गांधारी ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने धर्म का पालन करते हुए, अपने पति को सही मार्ग पर चलने के लिए हर सम्भव प्रयास किए ऐसी नारियाँ का आदर्श रूप हमारे सम्मुख रखा जाता है। सीता का उदाहरण तो ऐसा है कि उन्होंने श्रीराम के शौर्य पर विश्वास व्यक्त भी किया और स्वयं को तेज सदैव प्रकट करती रही।

अतएव हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति में नारी में विलक्षण शक्ति थी, जो पुरुषों से किसी भी मामले में कम नही थी, जो हमारे लिए प्रेरणादायी है, ऐसी महान विभूतियों से हमें बहुत कुछ सीख मिलती हैं। अतएव समकालीन जीवन में प्रासंगिक हैं।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1- अहं केतुरहं मूर्धा अहमुग्रा (ऋग्वेद 10-15-12)
2- यज्ञक्रिया करने और करवाने का विधान (अथर्वेद)
3- कामं ग्रहौ अग्नौ पत्नी प्रातर्होमऔ (गौभिलगुहयासूक्त)
4- अपत्नीकः कथमग्निहोत्र जुहोति (शतपथ ब्राहमण)
5- उदसौ सूर्यो अगादुदयं मामको भगः
6- 'इहैव सा मां वियौष्टम्'
7- 'समज्जतुं विश्वे देवा समापो हृदयानि नौः'
8- कीर्तिः श्री वार्कच नारीणां स्मृति मेधा धृति, क्षमा (श्रीमद्भगवद्गीता 10अध्याय 34वाँ श्लोक)
9- 'येन्हद्धो बलिः राजा दानवेन्द्रो महबलः'
10- अजसी और कुलशी नेइन्द्र से लड़ाई करके भगा दिया (ऋ - 1-32-9ब्रा.)
11- कुपुत्रो जायते क्वचिदपि कुमाता न भवति (आदि शंकराचार्य)
12- व्याघ्रमती के हाथ काट देने पर पुनः जोड़ना और युद्ध करना (ऋग्वेद -16-39)

ISSN : 2394-4366

Received: 17 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

स्नातक स्तर के विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरुकता का अध्ययन

– प्रो. प्रतिभा श्रीवास्तव
मनोविज्ञान विभाग,
महिला महाविद्यालय,
किदवई नगर, कानपुर–208011
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
pratibhasri1504@gmail.com

सारांश

स्नातक स्तर की छात्राओं का पर्यावरण जागरुकता का स्तर छात्रों के जागरुकता स्तर से ज्यादा अच्छा पाया गया। इस प्रकार के परिणाम के अनेकों कारण एवं परिस्थितियाँ हो सकती हैं। छात्राएं या लड़कियाँ स्वभावतः, कोमल, तथा संवेदनशील होती है। प्रकृति प्रेम, पेड़–पौधों से लगाव, पशु–पक्षियों से प्रेम एवं दया–भाव, अधिक सजग एवं सतर्क सफाई पसन्द, अनुशासित एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक जागरुक होती हैं। परिणामों में अन्तर का कारण कुछ भी हो, परन्तु आज भी भारत में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता (विशेष रूप से विद्यार्थी तथा युवा वर्ग) का अभाव है जब कि युवा ही देश का भविश्य है। अभी भी विद्यार्थी अपने पर्यावरण के प्रति वैसा व्यवाहर नहीं करते जैसा उन्हें करना चाहिए। अत्यधिक तीव्र तकनीकी विकास, प्रकृति का दोहन, प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय, अत्यधिक महत्वाकांक्षा, स्वार्थ–सिद्धि की धुन, ये सभी न स्वयं अपना वरन् सम्पूर्ण मानव जाति का विनाश करने की दिशा में बढ़ा हुआ एक कदम है तथा जिसकी परिणिति आए दिन हमारे समक्ष प्राकृतिक आपदाओं के रूप में प्रकट हो रही हैं।

पर्यावरण शब्द से आशय उन समस्त भौतिक तथा जैविक पर्यावरण से है जिसमें जीवधारी निवास करते है। भारतीय परम्परा के अनुसार प्रकृति तथा मानव जाति, जीवन के आधार प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। पाँच तत्व (वायु, जल, भूमि, वनस्पति तथा जीव–जन्तु) परस्पर सम्बद्ध तथा परस्पर आश्रित हैं। इन पाँच तत्वों में से एक में भी गड़बड़ होने पर दूसरों में असंतुलन उत्पन्न हो जाता है। अतः इनके बीच संतुलन आवश्यक है।

आज मानव जाति के लिए अपने इतिहास का सबसे कठिन दौर चल रहा है क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण की प्रतिध्वनि आज भूमण्डलीय समस्या के रूप में विद्यमान हो गई है। सामाजिक तथा भौगोलिक दृष्टिकोण के नजरिए से देखें तो आज यह समस्या व्यक्तिवादी से विश्वव्यापी हो गई है। वर्तमान में मानव ने जितना तकनीकी विकास किया है, उतना ही तेजी से उसने अनेक नई–नई समस्याओं को भी विकसित किया है तथा यह समस्या प्रदूषण के रूप में जलमण्डल, जीव मण्डल तथा वायुमण्डल सभी जगह फैल चुकी है। जिसका परिणाम भी मनुश्य को ही विभिन्न शारीरिक तथा मानसिक रोगों से ग्रसित होकर, विनाशकारी घटनाओं से प्रभावित होकर करना पड़ रहा है।

पर्यावरणीय प्रदूषण का शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी अत्यधिक प्रभाव देखने को मिल रहा है विशेष

रूप से ध्वनि प्रदूषण का। अत्यधिक शोर, गुल का न केवल मनुष्यों, वरन पशु–पक्षियों, जीव–जन्तुओं पर भी नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। सड़क पर वाहनों का शोर, फैक्ट्री में मशीनों का शोर, सार्वजनिक तथा धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर का शोर, बाजारों में जनरेटर का शोर सभी मनुष्यों पर मनो–दैहिक प्रभाव डाल रहे हैं। इससे एक ओर सुनने की शक्ति प्रभावित हो रही, वही दूसरी ओर व्यक्ति के व्यवहार में चिड़चिड़ापन, क्रोध, एकाग्रता की कमी, सीखने तथा स्मृति की क्षमता का ह्रास, मानसिक कार्यकुशलता में कमी देखने को मिल रही है।

आज मनुष्य को यह अहसास कराना भी आवश्यक है कि इन पर्यावरणीय समस्याओं को स्वयं मनुष्य ने ही जन्म दिया है तो इनका समाधान भी वही करे। यदि इस समस्या के प्रति सजग रहकर अभी से आवश्यक सुरक्षात्मक कदम नही उठाए गए तो भावी पीढ़ी को निश्चित रूप से इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे। इसके लिए पर्यावरण शिक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर सकती है। पर्यावरण मनोवैज्ञानिक तथा समाजविद मानव की सोच, उसके व्यवहार तथा दृष्टिकोण को बदलने हेतु सक्रिय हैं जिससे पर्यावरण संरक्षण हेतु जन–सहभागिता बढ़ाई जा सके। वर्तमान समय में हमारे विद्यार्थियों तथा युवा वर्ग में पर्यावरण जागरूकता लाना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि जिस प्रकार व्यक्तिगत विकास हेतु शिक्षा आवश्यक है, उसी प्रकार पर्यावरण जागरुकता सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक है। आज आवश्यकता है कि पर्यावरणीय शिक्षा द्वारा प्रारम्भिक जीवन से ही उनके हृदय तथा मस्तिष्क में पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी सजगता एवं जागरुकता उत्पन्न की जाए।

पर्यावरणीय समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए 1972 में संयुक्त राष्ट्र ने सर्वप्रथम ''मानव–पर्यावरण'' पर एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्वीडन के स्टाक होम नगर में आयोजित किया जिसमें पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से मानव के व्यवहार को नियंत्रित करने की बात उठी। इस हेतु 1975 में ''अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम बनाया गया। वर्तमान में यू. एन. ओ., यूनेस्को, W.H.O, विश्व बैंक तथा अनेको सरकारी तथा गैर–सरकारी संस्थाएं पर्यावरण सुरक्षा तथा शिक्षा पर महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।

भारत में भी स्टाक होम (1972) सम्मेलन के पश्चात पर्यावरण जागरुकता को महत्व मिलना प्रारम्भ हुआ जिसके अन्तर्गत भारत सरकार तथा पर्यावरण मंत्रालय ने अनेको पर्यावरण अनुकूल कार्यक्रम कराए तथा 1986 में पर्यावरण सुरक्षा कानून भी बनाया। 2016 में स्वच्छ भारत अभियान' पर्यावरण जागरुकता का एक बेहतरीन प्रयास है।

अतः आज एक ऐसे समाज तथा संस्कृति के विकास करने की आवश्यकता है जिसमें प्राकृतिक सम्पदा का विवेकपूर्ण दोहन हो तथा अपव्यय रुक सके, जीव–जन्तुओं के प्रति दया का भाव हो, इसके लिए वर्तमान में ऐसी शिक्षा देने की आवश्यकता है जो आर्थिक तथा सामाजिक विकास के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण कर सके तथा पर्यावरण जागरुकता को एक क्रान्ति के रूप में विश्व स्तर तक फैला सके। व्यक्ति को आत्म चिन्तन करना होगा तथा इन समस्याओं हेतु खुद को विलासिता के जीवन से मुक्त कर नियंत्रित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना होगा। इसके लिए जब तक जन मानस सामान्य नागरिक पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से नही जुड़ेगा तब तक सरकारी/गैर–सरकारी प्रयास सफल नहीं होंगे।

अध्ययन की आवश्यकता –

वर्तमान समय में पर्यावरणीय समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। पर्यावरणीय प्रदूषण, प्रकृति का दोहन, ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याओं से निबटने के लिए शिक्षाविद्, समाजशास्त्री निरन्तर कार्य कर रहे हैं। जिसके अन्तर्गत पर्यावरण शिक्षा को पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है जिससे बच्चों को प्रारम्भिक से लेकर उच्च शिक्षा तक पर्यावरण के प्रति जागरुक किया जाए जिससे वे भावी नागरिक के रूप में पर्यावरण के महत्व को समझ सकें, उसके प्रति सहृदय हों तथा पर्यावरण का संरक्षण कर सके।

अध्ययन का उद्देश्य –

स्नातक स्तर के छात्र–छात्राओं में पर्यावरण जागरुकता का अध्ययन करना।

उपकल्पना – स्नातक स्तर के छात्र–छात्राओं में पर्यावरण जागरुकता के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

प्रतिदर्श – अध्ययन हेतु कानपुर शहर के महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक स्तर के 25 छात्र एवं

परिणाम एवं व्याख्या

	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	df	टी–मूल्य	सार्थकता स्तर
छात्र	25	32.7	10.30	48	3.48	.01
छात्राएं	25	40.6	5.27			.05

25 छात्राओं का यादृच्छिक क्रम में चयन किया गया।

उपकरण – प्रस्तुत अध्ययन में अध्ययनकर्ता द्वारा स्व–निर्मित पर्यावरण जागरुकता प्रश्नावली का उपयोग किया गया है जिसमें पर्यावरण जागरुकता से सम्बन्धित 50 कथन हैं तथा यह सभी कथन धनात्मक हैं।

(टेबिल देखें)

उपरोक्त परिणामों से यह ज्ञात होता है कि 25 छात्रों का मध्यमान 32.7, मानक विचलन, 10.30 प्राप्त हुआ जब कि 25 छात्राओं का अध्ययन 40.6 तथा मानक विचलन 5.27 प्राप्त हुआ। गणना से प्राप्त टी का मान 3. 48 प्राप्त हुआ जो कि 48 df पर .01 स्तर के टी–मान 1. 96 तथा .05 स्तर के टी मान 2.58, दोनों स्तरों के टी–मान से अधिक है। अर्थात छात्र–छात्राओं के मध्यमानों के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

निष्कर्ष –

प्रस्तुत अध्ययन में प्राप्त सम्पूर्ण प्राप्तांकों के आधार पर कहा जा सकता है कि स्नातक स्तर की छात्राओं का पर्यावरण जागरुकता का स्तर छात्रों के जागरुकता स्तर से ज्यादा अच्छा पाया गया। इस प्रकार के परिणाम के अनेकों कारण एवं परिस्थितियाँ हो सकती हैं। छात्राएं या लड़कियाँ स्वभावतः, कोमल, तथा संवेदनशील होती है। प्रकृति प्रेम, पेड़–पौधों से लगाव, पशु–पक्षियों से प्रेम एवं दया–भाव, अधिक सजग एवं सतर्क सफाई पसन्द, अनुशासित एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक जागरुक होती हैं।

परिणामों में अन्तर का कारण कुछ भी हो, परन्तु आज भी भारत में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता (विशेष रूप से विद्यार्थी तथा युवा वर्ग) का अभाव है जब कि युवा ही देश का भविश्य है। अभी भी विद्यार्थी अपने पर्यावरण के प्रति वैसा व्यवाहर नहीं करते जैसा उन्हें करना चाहिए। अत्यधिक तीव्र तकनीकी विकास, प्रकृति का दोहन, प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय, अत्यधिक महत्वाकांक्षा, स्वार्थ–सिद्धि की धुन, ये सभी न स्वयं अपना वरन् सम्पूर्ण मानव जाति का विनाश करने की दिशा में बढ़ा हुआ एक कदम है तथा जिसकी परिणिति आए दिन हमारे समक्ष प्राकृतिक आपदाओं के रूप में प्रकट हो रही हैं।

इन परिस्थितियों में पर्यावरण मनोवैज्ञानिकों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। वे व्यवहार परिवर्तन के नियमों, विधियों आदि के द्वारा तथा पर्यावरणीय शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित कर सकेंगे। विद्यार्थियों को पर्यावरणीय समस्याओं के वास्तविक स्वरूप तथा मानव व्यवहार तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुश्प्रभावों की जानकारी दी जाए तथा उसके वैकल्पिक उपायों की भी जानकारी दी जाए जिससे उनका व्यवहार परिवर्तित हो सके तथा वैकल्पिक उपायों के प्रति वह सजग हो तथा उन्हें अपना सकें।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. डॉ. रामपाल सिंह, प्रो. अशोक सेवानी, डॉ. बी. पी. अग्रवाल – पर्यावरणीय मनोविज्ञान, पृष्ठ संख्या– 196–202, श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
2. डॉ. वी. सी. सिन्हा, डॉ. पुष्पा सिंह – विकास एवं पर्यावरणीय अध्ययन, पृष्ठ संख्या– 365–391, एस. बी. पी. डी. पब्लिकेशन, आगरा।
3. एच. के. कपिल – अनुसंधान विधियाँ, एच. पी. भार्गव बुक हाउस, आगरा।
4. डॉ. दशरथ सिंह, डॉ. एम. पी. पाल – पर्यावरणीय अध्ययन, विजय प्रकाशन मन्दिर, वाराणसी।
5. https//Times of India.India times.com "The Importance of Environmental Awareness".

ISSN : 2394-4366

Received: 19 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

21वीं सदी में दक्षिणी एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) : समस्याएँ एवं संभावनाएँ

– डॉ. गौतम कुमार
अतिथि शिक्षक –
राजनीति विज्ञान विभाग,
सब–डिवीजनल गवर्नमेंट डिग्री कालेज, बेनीपुर, दरभंगा –846001 (बिहार)

ई–मेल :
ghostel03@gmail.com

प्रस्तावना–

आधुनिक युग विकास एवं तकनीकी के युग में आत्मनिर्भर विकास एवं अस्तित्व की कल्पना सम्भव नहीं है। आपसी सहयोग ही शान्ति, आर्थिक विकास, प्रतिरक्षा, लोकतंत्र एवं मानवाधिकारों के संरक्षण की दिशा में सशक्त माध्यम हो सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में द्वितीय महायुद्ध के उपरान्त अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर अनेकानेक क्षेत्रीय संगठन– सैनिक, आर्थिक, राजनीतिक उद्देश्यों के आधार पर अस्तित्व में आये। दक्षिण एशिया या भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के बीच सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सहयोग स्थापित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय संगठन दक्षिण क्षेत्रीय सहयोग संगठन–स्थापित किया गया।

दक्षिण एशिया वह क्षेत्र है जो उत्तर में हिन्दुकुश व हिमालय से लेकर दक्षिण में हिन्द महासागर एवं बंगाल की खाड़ी के मध्य स्थित सुविस्तीर्ण प्रायद्वीप रूपी एक भौगोलिक इकाई है। इस क्षेत्र में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव द्वीप समूह सम्मिलित हैं। जिसमें ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के संदर्भ में बहुलता व्याप्त है। दक्षिण एशिया क्षेत्र वह क्षेत्र है जो 50 के दशक से पूर्व ब्रिटिश साम्राज्यवाद से त्रस्त रहा, तथा द्वितीय विश्व युद्ध के उपरान्त नवोदित राष्ट्रों के रूप में विकासशील देशों की श्रेणी में जाने गये। जिनके समक्ष कई प्रकार की चुनौतियाँ विद्यमान थीं। 1980 में बांगलादेश के राष्ट्रपति जियाउर रहमान ने दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक ढाँचे की स्थापना का प्रस्ताव रखा। 1985 को ढाका में एक सार्क सम्मेलन रखा गया और सभी देशों को एक साथ आने की बात कही ताकि आपसी सम्बन्धों को सुधारा जा सके। दक्षेस के गठन के समय यह निश्चित किया गया कि इस संगठन का निर्माण क्षेत्रीय, सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों को हल करने के लिए किया गया है और राजनीतिक मुद्दों और द्विपक्षीय विवादों को इससे दूर रखा जायगा। लेकिन आज सार्क की कार्य प्रणाली और इसके सम्मेलनों पर नजर डालने से ज्ञात होता है कि द्विपक्षीय विवादों को इससे दूर नहीं रखा जा सका। भारत इस संगठन का एकमात्र ऐसा सदस्य है जिसकी सीमा चार देशों के साथ साझी होती है। दक्षेस का सबसे बड़ा राष्ट्र होने के कारण भारत की सकारात्मक भूमिका दक्षेस को सफल बनाने में अधिक हो जाती है। लेकिन इसका ज्यादा सक्रियता को पड़ोसी देश संदेह की दृष्टि से देखते हैं।

यद्यपि दक्षेस द्वारा क्षेत्र के देशों के बीच में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सहयोग स्थापित करने की दिशा में अनेक कार्य किए गए।

किन्तु दक्षिण एशिया के देशों में ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के संदर्भ में व्याप्त बहुलता एवं विवादों, संदेहों तथा अविश्वास की प्रवृत्ति के कारण सार्क के सामने कई चुनौतियाँ भी खडी हैं। प्रस्तुत लेख में दक्षेस के सामने आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों को रेखांकित करते हुए उनके समाधान हेतु सुझाव प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

दक्षेस संगठन की कार्य प्रक्रिया–

दक्षेस संगठन के कार्यक्रम मुख्यतः शिखर सम्मेलन हेतु सचिव एवं मंत्री–स्तरीय समिति की बैठक में प्रस्तावित होती है एवं अन्तिम रूप में शिखर सम्मेलनों में स्वीकार किये जाते हैं। कुछ कार्यक्रम संवेदनशील होते हैं एवं तैयारी समिति स्वयं निर्णय न लेकर पक्ष–विपक्ष पर विचार करते हुए अंतिम निर्णय हेतु शिखर सम्मेलन पर छोड़ देती है। जैसे–वीजा में छूट, तटकर छूट आदि शिखर सम्मेलनों में प्रस्तावों पर उदारता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार किया जाता है ताकि सहमति पर सोचा जा सके।

आरम्भ में शिखर सम्मेलनों का आयोजन काफी उत्साह भरे परिवेश में हुआ। भारत–पाक विवाद या अन्य दक्षिण एशियाई देशों के मामले में भारत की रुचि या हस्तक्षेप को लेकर दक्षेस संघ की अल्पायु या व्यापार रोड की आशंकाएं निर्मूल सिद्ध हुईं। 1985 से 1989 तक, 1990 से 1992, 1994 एवं 1996 को छोड़कर शिखर सम्मेलनों का आयोजन वार्षिक ही होता रहा है, जिनमें शासन अध्यक्षों द्वारा निश्चित प्रतिबद्धताएं एवं सहमतियों की अभिव्यक्त की है किन्तु उसके बाद शिखर सम्मेलनों के वार्षिक आयोजन में व्यवधान आते रहे।

पिछले दो दषकों में मात्र आठ (2002, 2004,, 2005, 2007, 2008, 2010, 2011, 2014) शिखर सम्मेलन ही सम्पन्न हुए हैं। पिछले छह वर्षों में एक भी षिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। 2016 में 19वाँ शिखर सम्मेलन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होना था किन्तु उरी में भारतीय सेना पर आतंकवादी हमले के कारण भारत समेत कई देशों के मना करने पर सम्मेलन रद्द हो गया। उसके बाद भारत–पाक सम्बन्धों में तनाव एवं उग्रता के कारण क्षेत्र में अविश्वास एवं भय का वातावरण बना हुआ है। परिणामतः दक्षेस की गतिविधियों पर प्रश्न–चिह्न लग गया।

दक्षेस का 19वाँ शिखर सममेलन 2016 में पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित होना था, लेकिन 18 सितम्बर को उरी में भारतीय सेना पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने इसमें शामिल होने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी शामिल होने से इन्कार कर दिया था, जिसके बाद सम्मेलन को रद्द कर दिया गया। 20वें दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग शिखर सम्मेलन का आयोजन पाकिस्तान में होना था। 2016 में 19वें शिखर सम्मेलन का आयोजन भी पाकिस्तान में किया जाना था लेकिन भारत समेत कई देशों के मना करने पर यह सम्मेलन रद्द करना पड़ा था। पिछले दो सालों से सार्क सम्मेलन का आयोजन नहीं हो सका है और भारत अगर इस साल भी सार्क सम्मेलन का बहिष्कार करता है तो लगातार तीसरे साल भी ये सम्मेलन रद्द हो सकता है।

दक्षेस की गतिविधियाँ–

शिखर सम्मेलन, बैठकें तथा वार्ता का आयोजन एवं संचालन में गत दो–तीन दशकों से सामान्य रुप से नहीं हो पा रहा है। दक्षेस की गतिविधियों में आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों को राजनीतिक, आर्थिक, आतंकवाद सम्बन्धी, सैन्य चुनौती, प्राकृतिक चुनौती आदि में विभक्त कर सकते हैं। जिसका विवेचन इस प्रकार है–

राजनीतिक चुनौतियाँ–

दक्षिण एशियाई देशों के मध्य विवादित राजनीतिक समस्याएँ आपस में जुड़ी हुई हैं। नेपाल व भूटान को छोड़कर ब्रिटिश शासन के 150 वर्षों के शासन ने कई विरोधाभासों को जन्म दिया। पड़ोसी देशों की ताकतों ने भारत का जब–जब समर्थन किया तब–तब सम्बन्धित देश की सत्तावादी ताकतों को भारतीय समर्थन रास नहीं आया। उपनिवेशकाल में ब्रिटिशों ने यहाँ एक इकाई के रूप में काम किया और दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय राजनीति में सीमा विवादों ने सम्बन्धों को बहुत प्रभावित किया है। इन देशों का विश्व की ओर देखने का दृष्टिकोण भी अलग–अलग है। राष्ट्रीय क्षमता और शक्ति की दृष्टि से भारत अपने सभी पड़ोसियों से इस क्षेत्र व जनसंख्या में अधिक शक्तिशाली है। भारत की विशालता पड़ोसियों में भौगोलिक लघुपन को जन्म देती है।

भारत और उसके पड़ोसियों के बीच तीन स्तरों पर सम्बन्ध पाये जाते हैं। पहले स्तर पर भूटान व मालदीव जैसे देश हैं जो भारत से अपनी विषमता को अपना प्रारब्ध मान चुके हैं। दूसरे स्तर पर नेपाल, बांग्लादेश और

श्रीलंका जैसे अन्तर को अपूरणीय मानते हैं और मुद्दों के प्रति संतुलित रहने की कोशिश करते हैं। तीसरे स्तर पर पाकिस्तान है जो भारत से बराबरी का प्रयास करता है। भारत के प्रति पाकिस्तान का रुख दक्षेस की सफलता में बाधा है।

आर्थिक चुनौतियाँ –

दक्षिण एशिया एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ दुनिया की सबसे जीवन्त अर्थव्यवस्था है, फिर भी दक्षिण एशिया के देशों में वास्तविक व्यापार और संभावित व्यापार का अन्तर 2001 से ही लगातार बढ़ रहा है। संरक्षणवादी नीतियों, राजनीतिक इच्छाशक्ति और व्यापक विश्वास की कमी के कारण दक्षिण एशिया में अन्तर क्षेत्रीय व्यापार निम्न स्तर का है। 2018 में भारत का अपने पड़ोसियों के साथ व्यापार, 36 बिलियन अमेरिकी डालर तक पहुँच गया था। इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा बाजार बांगलादेश है। इसके बाद नेपाल और श्रीलंका और सबसे अधिक मूल्य का आयात म्याँमार, श्रीलंका और बांग्लादेश से आता है। 2018 के आँकड़ों के अनुसार भारत व्यापार में लाभ की स्थिति में है। बांगलादेश 7.6 बिलियन अमेरिकी डालर, नेपाल 6.8 बिलियन अमेरिकी डालर है। भारत और पाकिस्तान के बीच 2017–18 के मध्य 2.4 अरब डालर का व्यापार हुआ जब कि दोनों देशों के बीच लगभग 38 अरब डालर के व्यापार की क्षमता मौजूद है। पाकिस्तान को छोड़कर देखो तो भारत का अपने पड़ोस के साथ व्यापार लगातार बढ़ रहा है। लेकिन इनके बाद भी सार्क देशों को आपसी कारोबार बढ़ाने की जरूरत है।

आतंकवाद की चुनौती –

आतंकवाद से निपटने के लिए 12वें सार्क सम्मेलन में आतंकवाद सम्बन्धी प्रोटोकाल पर हस्ताक्षर किये गये और उम्मीद की गयी थी कि सभी सदस्य राष्ट्र इस प्रोटोकाल का समर्थन करेंगे। लेकिन इसके बाद भी भारत और पाकिस्तान के बीच जिस तरह की घटनाएं घटित हो रही हैं, उससे लगता है कि सकारात्मक बदलाव आने की संभावना न के बराबर है। 2019 की घटनाओं ने तय किया कि 2020 का साल भारत और पाकिस्तान के लिहाज से कैसा रहेगा। 2019 में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मुहम्मद ने पुलवामा का आत्मघाती हमला किया इससे दोनों देशों के रिश्तों में गिरावट का दौर आरम्भ हो गया था।

अगस्त 2019 में हुआ दूसरा क्रांतिकारी परिवर्तन जिसने पाकिस्तानी सरकार को झकझोर कर रख दिया। सार्क की विदेश मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद को एक वैश्विक चुनौती माना गया।

सतत् विकास एक चुनौती–

दक्षिणी एशिया में पूरे विश्व के क्षेत्रफल का लगभग 35 प्रतिशत स्थित है, पर जनसंख्या की बात कहें तो विश्व की कुल जनसंख्या का एक चौथाई भाग ही यही निवास करता है। दक्षिणी एशिया में विश्व के 30 प्रतिशत से अधिक निर्धन व्यक्ति निवास करते हैं और यह क्षेत्र आर्थिक और पर्यावरण सम्बन्धित चुनौतियों का वर्षों से सामना करता आया है। सतत् लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 2015 में एक सूची तैयार की गई थी जिसमें 17 लक्ष्यों का वर्णन किया गया और 2030 तक सभी सदस्य देशों को यह लक्ष्य पूरा करना था। भारत के प्रदर्शन की बात करें तो इसका प्रदर्शन दक्षिणी एशिया के देशों में सबसे बुरा है। चारों ओर स्थल से घिरे और विकास के निम्न स्तर वाले भूटान और नेपाल जैसे देशों में भी इस मामले में अच्छी रैंक प्राप्त की थी। अधिकांश दक्षिण एशियाई देशों ने अत्यधिक गरीबी को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए बहुत ही अधिक प्रयास किया है। लेकिन ये देश उद्योग, नवाचार, लिंग, समानता, शिक्षा सम्बन्धी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सदस्य देशों का आपस में समन्वय जरूरी है।

सैन्य चुनौती–

भारत अपने सभी पड़ोसी देशों में सैन्य शक्तियों को देखते हुए सबसे मजबूत है। अगर हम भारत और पाकिस्तान की सैन्य ताकतों को देखें तो भारत अधिक शक्तिशाली दिखाई देता है। थल सेना की क्षमता के मामलों में पाकिस्तान भारत से बहुत पीछे है। भारत की सैनिक क्षमता 1,20,00,235 है जब कि पाकिस्तान के पास 6,20,000 ही सैनिक हैं। भारत के पास कॉम्बैट टैंक 4,426 हैं वहीं पाकिस्तान के पास 2924 है। वायुसेना की बात करें तो यहाँ भी भारत पाकिस्तान से बहुत आगे नजर आता है। वर्तमान में भारत के पास 2102 विमान हैं वहीं पाकिस्तान के पास 951 विमान हैं।

भारतीय भौगोलिक स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण है। इसके एक ओर चाइना है जिससे भारतीय सीमा विवाद प्रारम्भ से ही उलझा रहा। स्वतंत्रता के बाद चाइना ने युद्ध प्रयासों के बाद भारत के भू–भाग को अपने अधीन कर

लिया लेकिन भारत के सीमावर्ती देशों बर्मा, बांग्लादेश, नेपाल से भारत को कोई सैन्य चुनौती नहीं है। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन 'दक्षेस' क बारे में पिछले कुछ वर्षों में यह धारणा व्यक्त की जाने लगी है कि यह संगठन शिथिल हो गया है तथा एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में इतना प्रभावशाली नहीं हो सकता है। जिस प्रकार से दक्षेस देशों द्वारा शिखर सम्मेलन के स्थगन की घोषणा की जाती है उससे तो दक्षेस की राह और कठिन होती जा रही है। इस राजनीतिकरण का सबसे ज्यादा संकट दक्षेस के शिखर सम्मेलनों में देखने को मिला है। अगर इसके घोषणा–पत्र में देखा जाए तो यह लिखा गया था कि दक्षेस के शासनाध्यक्ष वर्ष में एक बार या अधिक बार शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे लेकिन दक्षेस इसकी न्यूनतम पूर्ति भी नहीं कर पाया है। आतंकवाद का मसला सबसे पहले दक्षेस मंच पर श्रीलंका ने उठाया था। सभी देशों ने इस बात का समर्थन किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। पाकिस्तान भी इस घोषणा में सम्मिलित था। एक ओर तो पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ नजर आता है वहीं दूसरी ओर उसकी सरजमीं पर ही आतंकवाद पनप रहा है।

इन सब बातों के बावजूद भी दक्षेस के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। दक्षेस के सभी देश भारत के पड़ोसी जरूर हैं लेकिन उनमें से भारत के सिवाय किसी की सीमा दूसरे से नहीं मिलती।

दक्षेस के सामने एक चुनौती यह भी है कि सामाजिक–आर्थिक मुद्दे जो कि उसके गठन के मूल आधार थे कहीं–न–कहीं वो दूर जा रहे हैं। दक्षेस को समय रहते सामाजिक, आर्थिक, कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि पड़ोसी देशों की यह सोच बनती जा रही है कि भारत और पाकिस्तान अपने सीमा सम्बन्धी विवादों में इतना घिर गये हैं कि दक्षेस को उन्होंने दरकिनार कर दिया है।

दक्षेस का सबसे बड़ा राष्ट्र होने के कारण भारत की भूमिका बनती है कि वह दक्षेस को सफल बनाने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाए। भारत की नीति आरम्भ से ही संभलकर चलने वाली रही है। क्योंकि उसको लगता था कि वो अगर ज्यादा सक्रिय हो जाएगा तो पड़ोसी देश उसको संदेह की दृष्टि से देखेंगे। इसलिए भारत पहले प्रतीक्षा करो, देखा और तब हाथ काम में लो की नीति पर चलता रहा। अब जरूरी है कि भारत को अपनी व्यापक भूमिका निभानी पड़ेगी और बहुक्षीय समझौतों को महत्व देना होगा दक्षेस के अन्य राष्ट्र भी भारत से अपेक्षा कर रहे हैं कि वह उन्हें नेतृत्व प्रदान करे और सभी सदस्य राष्ट्र सामूहिक रूप से मिलकर चुनौतियों का सामना करें।

निष्कर्ष–

दक्षेस के सामने आने वाली समस्याओं और चुनौतियों को कम करके नहीं आंका जा सकता, लेकिन हम दक्षिण एशिया और सार्क को आधा भरा गिलास के रूप में देख सकते हैं। जब कि निराशावादी इसको आधा खाली गिलास के रूप में देखते हैं। दक्षेस का सबसे बड़ा राष्ट्र होने के कारण दक्षेस को सफल बनाने में भारत की भूमिका बढ़ जाती है। हमें अधिक जनसंख्या, अत्यधिक गरीबी और अन्तहीन छोटे–मोटे झगड़ों पर निराश होने की जरूरत नहीं है। इसकी बजाय हमें क्षेत्र पर अत्यधिक युवा और बदलाव वाला तथा सकारात्मक दृष्टिकोण, चालू सुधार, विषाल बाजार तथा लाभ के नजरिए से ध्यान देना चाहिए ताकि दक्षेस को अपना वाजिब स्थान मिल सके। सार्क के सभी देषों को ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए ताकि बुरी राजनीति अच्छी अर्थव्यवस्थाओं पर हावी न हो सकें और हमें यह मानकर चलना चाहिए कि दक्षेस के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना हम सबको मिलकर करना होगा। हम पास–पास नहीं हैं हम साथ–साथ हैं।

Refrences

1. SAARC Challenge and Prospects, "Dr. Bajrang, Highbrow Scribes Publication, 2018, Nov.
2. Inter State Conflics and issues in South Asia challenges and prospects for sarcs, "Emanual Nahlar, Kalpaz Publication, Jan 2019.
3. Regional Coporation in South Asia, "Nidhi Sharma, Kalpaz Publication, March. 2019.
4. India and Sarc Engagements, "Goyal O. P., Gyan book Publishes.
5. Thirty years of Sarc – Society, Culture and Development, "Rajiv Kumar, Omita Goyal, Sage Publication, Feb 2019 .
6. India's Relation with her Neighbour, "Trivedi Romesh, Isha Publishing, 2016.

ISSN : 2394-4366

Received: 21 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

पंजाबी लोक साहित्य दशा और दिशा

– डॉ. रश्मि सूद
असिस्टेन्ट प्रोफेसर – हिन्दी विभाग,
डी. ए. वी. कॉलेज, कानपुर–208001
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
drrashmidav@gmail.com

सारांश

पंजाब के मध्यकालीन साहित्य का सबसे बड़ा अंग गुरु मत साहित्य है। यह रचना प्रथम पाँच गुरुओं द्वारा की गई है। गुरु नानकदेव, गुरु अंगददेव, गुरु अमर दास, गुरु रामदास तथा गुरु अर्जुनदेव ने गुरूमत साहित्य में गुरुवाणी के उच्चारण द्वारा योगदान किया। गुरु नानक ने वाणी उच्चारण करनी आरम्भ की और प्रभु महिमा का गान करने लगे। कुछ विशिष्ट वाणियां भी अस्तित्व में आई, जो प्रबन्ध मुक्तक कही जा सकती हैं। प्रबन्ध मुक्तक में आई 'जपुजी', आशा दी वर, सिद्धगोष्ठ थिंती, 'बाहरमासे', 'दक्खिणी ओअंकार, 'वार मलार' आदि वाणियाँ प्रसिद्ध हैं। ये सभी रचनाएं– मुक्तक एवं प्रबन्ध मुक्तक यथा समय गुरु ग्रन्थ साहब में दर्ज कर ली गई।

साहित्य कोमल भावों की सहज अभिव्यक्ति है। साहित्य में बुद्धि और नियम का शासन होता है। इसके मौखिक और लिखित दो रूप पाए जाते हैं। लिखित साहित्य को कला साहित्य कहा जाता है। मौखिक साहित्य, बोली द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांत्रित होता है। जिसे लोक साहित्य कहा जाता है। लोक साहित्य किसी समय में ना बंधकर निरन्तर प्रवाहित होने वाली धारा है। यह सम्पूर्ण जाति का अनुभव होता है। जिसे सजा संवारकर सम्पूर्ण जाति की धरोहर बनाया जाता है। पंजाबी लोक साहित्य अपने आप में बड़ा ही समृद्ध है तथा इसके विविध रूप हैं। पंजाब की सौंधी–सौंधी मिट्टी से उठने वाली साहित्य रूपी मीठी सुगन्ध पाठकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

पंजाबी भाषा का नियमित भाषा–वैज्ञानिक अध्ययन आज तक सम्पन्न नहीं हो सका। इसका मुख्य कारण पंजाबी प्रदेश की स्थिरता और जुझारू प्रवृत्ति रही है। पंजाब ऋषियों की धरती है, प्राचीन वैदिक संस्कृत का केन्द्र रहा है। अतः यह स्वीकार करने में किसी को संदेह नहीं है कि पंजाबी भाषा का सम्बन्ध सीधा संस्कृत से है। जहाँ संस्कृत अपभ्रंषों में बिखरी है, वहीं पंजाब का मूल विद्यमान है। डॉ. ग्रिर्यसन की मान्यता है कि माझे के प्रदेश में पहले पैषाची बोली जाती थी, धीरे–धीरे शौरसैनी का प्रचार यहाँ हुआ। अर्थात पंजाबी की नींव पैशाची पर रखी गई, किन्तु भवन निर्माण शौरसैनी से हुआ। पंजाबी ने अपभ्रंषों की प्रकृति को आज भी संजोए रखा है, इसलिए हिन्दी की अपेक्षा यह संस्कृत के अधिक निकट कही जा सकती है।

लहंदा पंजाबी का एक रूप है तो पूर्वी पंजाबी (माझी, दोआबी, मलवई आदि) इसका दूसरा रूप, इन दोनों की रंगत से ही पंजाब का श्रृंगार है। धीरेन्द्र वर्मा ने स्वीकार किया है कि पंजाबी भाषा लहंदा के साथ

इतनी घुली–मिली है कि उसे अलगाना सम्भव नहीं, जब कि पश्चिमी हिन्दी पंजाबी से पूरी तरह अलग है। अर्थात् शौरसैनी अपभ्रंश का पंजाबी पर पड़ने वाला प्रभाव पश्चिमी हिन्दी के रूपाकार से पूर्णता भिन्न रहा है। धीरेन्द्र वर्मा तथा भोलानाथ तिवारी इस दिशा में एक कैकेय अपभ्रंश की कल्पना करते हैं। वे बेझिझक पंजाबी को इसी प्राकृत से उपजा मानते हैं। कैकेय नाम से प्राकृत और अपभ्रंश भाषाएं आज स्वीकार की जा रही हैं और कैकेय प्रदेश के अन्तर्गत सम्पूर्ण पंजाब आ जाता है। जहाँ पंजाबी को सीमा तक शौरसेनी से समानताएं और भिन्नता रखती हैं। वहीं वह कैकेय अपभ्रंश के साथ भी मेल रखती है। जिसका उदय पश्चिमी पंजाब से ही हुआ है।[1] अपने प्रदेश का विस्तार करते हुए दिल्ली तक को इस भाषा ने स्पर्श किया। जिस पर समय–समय आने वाली जातियों की भाषाओं–अहीरी, गुर्जरी, पिशाची तथा पिशाची का प्रभाव भी पड़ा। पंजाबी भाषा ने उदारतापूर्वक न केवल उसे ग्रहण किया, अपितु आत्मसात् कर लिया।

संस्कृत से पंजाबी तक के विकास का चित्र कुछ इस प्रकार समझा जा सकता है– वैदिक संस्कृत < पाली < कैकेय (शौरसेनी प्रभावित) < कैकेय अपभ्रंश (ढक्की, पांचाली) < हिन्दवी, हिन्दकी, हिन्दको < मुलतानी (लहंदा) लाहौरी (पूर्वी पंजाबी) ग्यारहवीं शताब्दी में हेमचन्द्र की रचना तथा उससे पूर्व अपभ्रंश दूहों में पंजाबी के बीज देखे जा सकते हैं। यथा–

भल्ला हुआ, मीरिआ, बहिणि महारा कंतु,
लज्जेजुतु वअसिअहु जइ भग्गा घरू अतू।[2]

इस दोहे में भल्ला, मारिआ, महारा, भग्गा आदि शब्दावली पुरानी पंजाबी के अधिक निकट है। पंजाबी भाषा का पहला युग अपभ्रंश काल कहा जा सकता है, जिसका समय 9वीं व 10वीं शताब्दी है। इस समय तुर्कों और महमूद गजनवी ने भारतीयों के निकट आने के लिए यहाँ की लोक भाषा को अपनाने का प्रयास किया। अमीर खुसरो ने अपने से पूर्व इस स्थिति की चर्चा की तथा अपभ्रंश का उदय हुआ तथा हिन्दवी शब्द का प्रयोग होने लगा। खुसरो की भाषा जिसे हिन्दवी नाम दिया गया है, पंजाबी के काफी समीप दिखाई पड़ती है।

नाथो (गोरखनाथ आदि) की वाणी भी अपभ्रंशकाल की है, जो पंजाब को रूपायित करती दिखाई देती है। इसी समय चन्दबरदाई की रचना "पृथ्वीराज रासो" प्रकाश में आती है। चन्दबरदाई लाहौर का रहने वाला था, अतः उसकी भाषा में पंजाबी (लाहौरी) का प्रभाव होना सहज है। यथा–

पुस्तक जल्हन हत्थ दै,
चलि गज्जन न्रिप–काज।[3]

इस पंक्ति में हत्थ दै तथा गज्जन पंजाबी द्वितवादी परम्परा के शब्द हैं। "दै" का आधुनिक पंजाबी रूप "देके" है। पंजाब के विकास में फरीद–युग विशेष स्थान रखता है। तेरहवीं सदी में बाबा फरीद की रचना सुघड पंजाबी का नमूना है। पंजाबी में रचना करने वाले अधिकतर मुसलमान ही हैं। हिन्दुओं ने पंजाब में रहकर भी शुद्ध पंजाबी को रचना का माध्यम नहीं बनाया। सिक्खों के दसों गुरुओं की रचना, गुरु–दरबार के कवियों की रचना, हिंदू–सिक्ख रजवाड़ों के आश्रय में रहने वाले कवियों की रचना में उपलब्ध है। प्रसिद्ध विद्वान संत सिंह सेखों ने स्पष्ट लिखा है–

"मुसलमानों का पंजाबी भाषा को स्वतंत्र भाषा के रूप में प्रयोग ही पंजाबी साहित्य का तथा इसी कारण पंजाबी भाषा की स्वतंत्रता का श्रीगणेश है। उन्नीसवीं सदी के अन्त तक पंजाबी साहित्य रचना में मुसलमानों का योगदान सिक्खों–हिंदुओं की आपेक्षा अधिक है।"

पंजाबी लोक साहित्य के क्षेत्र में सर रिचर्ड टेम्पुल तथा स्विनटर्न ने अपना मौलिक कार्य किया है। सन 1882 में रिचर्ड टेम्पुल ने अपने एक लेख में पंजाब के लोक गीतों का संग्रह किया था। इस 75 पृष्ठों के विस्तृत लेख में टेम्पुल ने वर्ष को 12 महीनों में गाए जाने वाले हाशिम के गीतों तथा काबुल युद्ध के विषय में अनेक लोकप्रिय गीतों को संकलित किया है। इसी प्रकार से पंजाब के कांगड़ा प्रान्त के कुछ गीतों का विवरण इन्होंने अन्यत्र दिया है।[4]

पंजाब के लोकगीतों के विदेशी संग्रहकर्ताओं में डब्लूकोल्ड स्ट्रीम का भी नाम लिया जा सकता है। इन्होंने पेशे वाली जातियों में प्रचलित श्रम–गीतों का संकलन किया है। इस संग्रह के गीत सन 1887 ई. में पठानकोट तथा डलहौजी नगरों में पालकी ढोने वाले श्रमिकों से संकलित किए गए हैं। इस संग्रह की विशेषता यह है कि इसमें अंग्रेजी अनुवाद के साथ मूल गीत भी अपने असली रूप में दिए गए हैं। इस गीत में जो दोहे आए हैं वे पालकी को आगे और पीछे ढोने वाले कहारों के द्वारा क्रमशः बारी से गाए जाते हैं।[5]

पंजाबी लोक गीतों के सम्बन्ध में आधुनिक काल

में देवेन्द्र सत्यार्थी का योगदान अविस्मरणीय है। सत्यार्थी जी का सबसे प्रसिद्ध ग्रन्थ "मीट माई पिपुल" है। जिसमें उन्होंने भारत के समस्त प्रान्तों के लोकगीतों का अंग्रेजी में अनुवाद करके प्रकाशित किया है।[6] सत्यार्थी जी ने इस ग्रन्थ को लोकगीतों की सुभाषितावलि (एन्थोलॉजी) कहा जा सकता है। इसमें पंजाबी लोकगीतों विशेषकर चरखे के गीतों का बड़ा ही सुन्दर अनुवाद प्रस्तुत किया गया है। इस ग्रन्थ की भूमिका सुप्रसिद्ध लेखक श्री मुल्कराज आनन्द ने लिखी जिसमें सत्यार्थी जी के लोक–साहित्य के कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा की है। लोक साहित्य के प्रेमी श्री नरेन्द्र धीर ने "मैं धरती पंजाब की" शीर्षक पुस्तक लिखी है। जिसमें पंजाबी लोक साहित्य तथा जन–जीवन का सुन्दर परिचय दिया गया है। श्री महेन्द्र सिंह रंधावा, कुलवंत सिंह विरक्त और नौरंग सिंह ने "पंजाब दे लोकगीत" पुस्तक (1955 ई.) लिखी है। इसमें इस प्रान्त के गीतों का सुन्दर संग्रह किया गया है। इस सम्बन्ध में हरभजन सिंह लिखित "पंजावण दे गीत" (1948) पठनीय है। अवतार सिंह दिलेर ने पंजाबी लोकगीत (1954) में इन गीतों को लिपिबद्ध किया है। अमृता प्रीतम ने पंजाब दी आवाज (1952) के द्वारा पंजाबी लोकगीतों को प्रकाश में लाने का सफल प्रयास किया है। अमृता प्रीतम के विचार से "लोकगीतों की बाँहों में किसी भी गीतकार का नाम नहीं खुदा होता पर उनमें रोम–रोम पर जो लफज लिखा होता है, वह है– लोक लोक ।"[7]

पंजाबी लोक गीतों का संचार मौखिक रूप से किया जाता है। लोक गीत इसी रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांत्रित होते चले आ रहे हैं। नई पीढ़ी अपने बुजुर्गों से मौखिक रूप में ग्रहण करके आगामी पीढ़ी को इसका मौखिक संचार करती है। लोकगीतों में गेयात्मकता प्रमुख है। लय, सुर, टेक, तोड गुण गीतों में संगीतात्मकता भरते हैं। गीतों की संगीतात्मकता पाठकों और श्रोताओं को भाव विभोर करती है। सुर विहीन गीत आत्मा विहीन शरीर के समान है। लय गीत की आत्मा है। शब्द जिस्म है, हड्डी मांस और लहू तथा धमनी उनमें चलते श्वास, एक के बिना दूसरे की कोई हस्ती नहीं।[8]

पंजाबी लोक गीत लोक बोली में होते हैं। इसलिए इसकी बोली मीठी और सरल होती है। यह सरलता से स्मरण हो जाते हैं तथा नित नूतन–नवीन बने रहते हैं। परम्परा की धारा में बहते लोकगीत सदा नवीनता लिए रहते हैं। यह लोगों के सहज भावों की अभिव्यक्ति है। कोई इसके शब्दों को बनाता है, कोई सजाता–संवारता व अन्य नवीन पहेलियों की कड़ी जोड़ता है। अन्ततः यह रचना सम्पूर्ण जाति का अनुभव अपने में संजोए एक सामूहिक कृति बनती है।

पंजाबियत कोई दो चार सौ वर्ष की सांस्कृतिक गाथा नहीं है। इसकी पुरातन पृष्ठभूमि वेदों–उपनिषदों में है, पूर्व मध्यकाल को स्मृतियों–भगवद्गीता तथा उत्तर मध्यकाल को पवित्र गुरुवाणी ने दिशा दी है। महानता की इस परम्परा को हमने आगे बढ़ाना है यह हमारा दायित्व है कि हम अपनी पृष्ठभूमि की मान–मर्यादा बनाए रखें। सहनशीलता, प्रेम, त्याग, आत्म–बलिदान परोपकार तथा भाईचारे के महान गुणों को एक–एक पंजाबी के तन–मन पर अंकित कर दे। गीता के कर्मयोग को सही अर्थों में अपनाएं। हम सम्पूर्ण विश्व को यह दिखा दें कि पंजाबियत किसी संकीर्णता या कुछ वर्षों की उपलब्धि का नाम नहीं है, वरन हजारों वर्षों की सम्पन्न परम्परा से प्राप्त है। हम पंजाबी हैं, पंजाबियत हमारा जीवन है तथा हमें संसार के सांस्कृतिक इतिहास में इसे सोने के अक्षरों में छापना है। पंजाब का इतिहास अपने भीतर एक तरफ संघर्ष, बलिदान तथा चट्टान की तरह कर देश रक्षा की वृति की गवाही देता है, तो दूसरी और प्रेम की बढ़ती पींघें, गिद्दे–भंगड़े बोलियाँ, ढोल–ताशे मेले–मंडुवे के हृदय–आकर्षक दृश्य पेश करता है। कभी सप्तसिन्धु, कभी पंज + आब, पंजाब की ये नदियाँ वर्तमान पंजाब की धरती का श्रृंगार करती हैं। पंजाब के गबरू जवान कभी किसी मुसीबत के आगे झुकते नहीं, सिकन्दर महान जैसे आक्रामकों की फौज के मुँह मोड़ दिए गये, तैमूर व अब्दाली सरीखे आततायियों को सबक सिखाया गया। गुरु नानक के चोले में जुल्मों के विरुद्ध खुद खुदा को ललकारा, 'न कोई हिन्दू, न कोई मुसलमान, कह कर एकता और प्यार का संदेश दिया। मनुष्य को मनुष्य बनने की प्रेरणा दी तथा सबको उनका असली धर्म सिखाया। यह गुरुओं सन्तों–महात्माओं, वीर योद्धाओं, धर्म स्थानों व विचित्रताओं की धरती है। जालिमों ने सदा ईर्ष्या वश यहाँ फूट के बीज बोये। कहानी चाहे आम्भीक या पोरस की हो या जयचन्द और पृथ्वीराज की। पाकिस्तान की साजिश हो या साम्प्रदायिक घृणा फैलाने का निन्दनीय कार्य, पंजाब की सहनशक्ति अपने आप में असीम है। सीने में हजारों तूफान दबाकर समुद्र जैसी गम्भीरता पंजाब की शान है। ज्यों–ज्यों हम पंजाब के इतिहास पर दृष्टिपात

करते हैं, हमें शिव–शक्ति के यज्ञ से लेकर गुरु नानक जी के चमत्कारों के चित्र मिलते हैं। महाभारत के युद्ध में श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए उपदेश तथा विराट रूप दर्शन की कथा से लेकर धन्ना भगत द्वारा पत्थर से भगवान पैदा करने की साखियाँ मिलती हैं। सिकन्दर के आक्रमण से लेकर जलियाँवाला बाग–काण्ड तक देखने को मिलते हैं। पंजाबी गैरत हर तरफ दिलेरी, आत्म–त्याग सिर–फरोशी की कहानी सुनाती रही है– अर्जुन हो या पुरु, गुरु गोविन्द सिंह हो या बन्दा बहादुर, नलवा हो या फिर भगत सिंह, लाजपत हो या ऊधम, सब पंजाबी माँ की गैरत की शमा पर मिट जाने वाले परवाने थे।

समाज में शिक्षा का संकल्प तो पंजाब की देन है। उपनिषदों और गीता की इस धरती पर सबसे पहले ऋषि–मुनियों ने शिक्षा की नींव रखी है। तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय यहाँ बने तथा अंग्रेजी शासनकाल में भी पंजाब के शिक्षा प्रेम दर्शाते हुए सर्वप्रथम बने विश्वविद्यालयों में अपना नाम दर्ज करवाया। राष्ट्रीय जीवन में ऊँचे संस्कारों की देन में पंजाब का बहुत बड़ा हाथ है। जाति–पांति का भेदभाव ऊँच–नीच, पवित्र–अपवित्र की कथाएं, पाखंडवाद का अस्तित्व पंजाब में सब कम है। पंजाब ने सबसे पहले विधवा विवाह अपनाया, स्त्री शिक्षा को स्थान दिया, पर्दे को समाप्त किया, बेटियों को प्यार करना सिखाया। पंजाब के सामाजिक रहन–सहन में संकीर्णता अनुदारता आडम्बर पूर्ण पवित्रता की अग्नि–रेखाओं को स्थान दिया। पंजाब का सामाजिक मूल्य है। 'सर्वत्र दा भला' मधुरता और विनम्रता के व्यवहार को ही गुणों का सार माना जाता है।

पंजाब के मध्यकालीन साहित्य का सबसे बड़ा अंग गुरु मत साहित्य है। यह रचना प्रथम पाँच गुरुओं द्वारा की गई है। गुरु नानकदेव, गुरु अंगददेव, गुरु अमर दास, गुरु रामदास तथा गुरु अर्जुनदेव ने गुरूमत साहित्य में गुरुवाणी के उच्चारण द्वारा योगदान किया। गुरु नानक ने वाणी उच्चारण करनी आरम्भ की और प्रभु महिमा का गान करने लगे। कुछ विशिष्ट वाणियां भी अस्तित्व में आई, जो प्रबन्ध मुक्तक कही जा सकती हैं। प्रबन्ध मुक्तक में आई 'जपुजी', आशा दी वर, सिद्धगोष्ठ थिंती, 'बाहरमासे', 'दक्खिणी ओअंकार, 'वार मलार' आदि वाणियाँ प्रसिद्ध हैं। ये सभी रचनाएं– मुक्तक एवं प्रबन्ध मुक्तक यथा समय गुरु ग्रन्थ साहब में दर्ज कर ली गई।

गुरु नानक देव की वाणी की मूल भाषा पंजाबी है तथापि संस्कृत और फारसी के अनुकरण पर शब्दावली और अनुनासिक का सहारा लेकर ऐसी भाषा लिखी गई जिसे संस्कृतमयी या फारसी मिश्रित कहा जा सकता है। फारसी मिश्रित पंजाबी की बानगी देखते ही बनती है–

यक अरज गुफतम पेसि तो दर गोस कुन करतार।
हका कबीर करीम तू बे–ऐब परवदगार।।

गुरु नानक देव जी ने सामान्य पंजाबी भाषा का प्रयोग किया, जो कि लोक भाषा का रूप ले चुकी थी।

सोचै सोचि न होवई जे सोची लखवार।
चुपै चुप ना होवई जे लाय रहा लिवतार।
भुखिआ भूख ना उतरी जे बनां पुरीआ भार।
सहज सिआपपालख हाहि त एक न चलै मालि।
– जपुजी

अर्थात तीर्थों का स्नान, शास्त्रों की फिलासफी जंगल में जाकर समाधि लगाना, मन की भूख को पहले माया की भूख से तृप्त करने की कोशिश से कुछ नहीं होने वाला यदि मन की स्वच्छता नहीं कोई सब व्यर्थ है। यदि मैं (शरीर की) एक तार समाधि लगाई रखूँ (तो भी इस तरह) चुप रहने से मन शांत नहीं रहने वाली अर्थात पंजाबी साहित्य यह कहता है कि –

'मन चंगा तो कठौती में गंगा।'

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. पंजाबी भाषा साहित्य और संस्कृति, सहगल डॉ. मनमोहन पृष्ठ संख्या–5।
2. पंजाबी भाषा साहित्य और संस्कृति, सहगल डॉ. मनमोहन पृष्ठ संख्या– 6 ।
3. पंजाबी भाषा साहित्य और संस्कृति, सहगल डॉ. मनमोहन पृष्ठ संख्या– 7 ।
4. सम हिन्दू सांग्स (कलकत्ता रिव्यू 1882) टेम्पुल ।
5. भारत में लोक साहित्य पृष्ठ संख्या– 62, अध्याय डॉ. कृष्णदेव, संस्करण 1996, साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद।
6. मीट माई पिपुल– देवेन्द्र सत्यार्थी – संगम पब्लिशर्स लिमिटेड लाहौर (सन 1946) इसका द्वितीय संस्करण चेतना प्रकाशन सन् 1951 ई. में हैदराबाद से प्रकाशित हुआ।
7. पंजाब दी आवाज, अमृता प्रीतम, पृष्ठ संख्या– 75 ।
8. पंजाब दी लोकधारा– बेदी सोहिन्दर सिंह पृष्ठ संख्या– 154।
9. श्री गुरु ग्रन्थ साहिब दर्पण, प्रोफेसर सिंह साहिब टीकाकार।

ISSN : 2394-4366

Received: 24 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

पूर्व मध्य काल में उत्तर भारत में श्रेणी संगठन

– सुमित्रानन्द श्रीवास्तव
असिस्टेंट प्रोफेसर –
इतिहास विभाग,
डी. बी. एस. कालेज, कानपुर–208005 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
snsrivastavdb@gmail.com

प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से प्राचीन भारतीय औद्योगिक एवं आर्थिक संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली श्रेणी संगठनों का इस काल में उनके ह्रास के कारणों को आकलित करने का प्रयास किया गया है। पूर्वकाल में श्रेणी और निगमों को व्यापार–वाणिज्य के क्षेत्र में स्वायत्तता प्राप्त थी। पूर्व मध्य काल के अधिकांश लेखों में छठी शताब्दी ई. से लेकर दसवीं शताब्दी ई. के बीच व्यापारिक और औद्योगिक श्रेणियों का उल्लेख बहुत ही कम मिलता है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि इस काल में सामंतवाद के उदय से इन संस्थाओं का पतन हो गया था। इस दौरान भौतिक रूप से सिक्के बहुत ही कम मिलते हैं। यद्यपि साहित्यिक और अभिलेखिक स्रोतों में सिक्कों के नाम अवश्य ही मिलते हैं। इससे यह ध्वनित होता है कि इस काल में मुद्रा ह्रास का प्रभाव औद्योगिक एवं व्यापारिक श्रेणी संगठनों पर अवश्य ही पड़ा होगा।

गुप्तकालीन रचना 'अमरकोश' में कहा गया है कि एक ही शिल्प में लगे समुदाय को श्रेणी कहते हैं। यह परिभाषा मिताक्षरा का उल्टा है। मिताक्षरा में श्रेणी संघ की व्याख्या करते हुए विज्ञानेश्वर[1] कहते हैं कि श्रेणी उन विभिन्न जाति के व्यक्तियों का समूह है जो एक जाति की व्यवसाय के द्वारा जीविकापार्जन करते हैं। उदाहरण स्वरूप अश्व विक्रेता, पान विक्रेता, बुनकर, चर्मकार आदि। मिताक्षरा के इस विवरण से स्पष्ट है कि श्रेणी पूर्व मध्यकाल में एक जाति विशेष से जुड़ने लगी थी। यह परिवर्तन पूरे तौर पर देवण भट्ट की 'स्मृति चन्द्रिका'[2] एवं वीरमित्रोदय में दिखाई देता है, जो श्रेणी को 18 नीच जाति के रूप में देखते हैं। उदाहरणस्वरूप– रजक (धोबी)। भट्टोत्पल[3] के समय से ही श्रेणी संगठन का आधार व्यवसाय न होकर जाति हो गया था। वैजयन्ती[4] के अनुसार– 'एक जाति एवं एक ही शिल्प वाले व्यक्तियों के संगठन को श्रेणी कहते हैं।' हेमचन्द्र के अभिधान चिन्तामणि[5] तथा चम्बा एवं गढ़वाल के अभिलेखों में श्रेणी एवं प्रकृति समानार्थक शब्द के रूप में प्रयुक्त हुए हैं। जैन ग्रन्थ जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति[6] में 18 श्रेणियों (प्रकृति) की सूची है।

कुम्हारो, जुलाहों, सुनारों, रसोइयों, गायकों, नाइयों मालियों, रस्सी बनाने वाले, तमोलियों, चमारों, तेलियों, कपड़े पर छपाई करने वाले, कसेरों, दर्जियों, ग्वालों, भीलों और धीवरों की श्रेणियों का उल्लेख किया गया है। पहले 9 श्रेणियों को नारुआ कहा गया है, शेष 9 श्रेणियों को 'कारुआ' (अछूतों) की श्रेणी में रखा गया है।

जिनेश्वर सूरी के कथा कोष प्रकरण[7] में सुनार, कुम्भकार, लोहार, रजक तथा अन्य शिल्पियों को 'अधम' कहा गया है। मेघातिथि[8] (मनुस्मृति की टीका) मनु भाष्य के अनुसार शिल्पी, व्यपारी, महाजन तथा गाड़ीवान श्रेणी के रूप में संगठित थे।

पूर्व मध्यकालीन ग्रन्थों के अनुशीलन से हमें आभास होता है कि श्रेणी संगठन धीरे–धीरे अपना प्रभाव एवं महत्व खो रहे थे। मेघातिथि[9] गण और श्रेणी में भेद करते हुए कहते हैं कि श्रेणी के सदस्य तो एक ही व्यवसाय के द्वारा जीविकार्जान करते हैं किन्तु आवश्यकता पड़ने पर वे व्यक्तिगत रूप से भी कार्य कर सकते हैं, जब कि गण के सदस्यों को सदैव सामूहिक रूप से कार्य करना आवश्यक है। इससे स्पष्ट है कि इस काल में श्रेणी संगठन निर्बल हो रहा था।

इस काल के अभिलेखों में हमें प्राचीन काल के विपरीत श्रेणियों को दान मिलते हुए नहीं पाते हैं और न ही लोग श्रेणियों के पास धन जमा करते थे और न ही श्रेणियों द्वारा उस धन पर ब्याज देन` की सूचना मिलती है जो इस बात की ओर इंगित करते हैं कि इस काल में श्रेणी संगठन की शक्ति कमजोर हो गयी थी और जनता का विश्वास उस पर कम होने लगा था। मेघातिथि के अनुसार किसी भी विवाद पर विचार करने के पहले दोनों पक्षों से जमानतें ले लेना आवश्यक था और कोई भी पक्ष यदि संगठन के निर्णय को नहीं मानता था, तो उसकी जमानत जब्त हो जाती थी, जो श्रेणी संगठन की निर्बलता का प्रमाण है।

इसके साथ ही साथ हम पाते हैं कि इस काल में इन श्रेणियों की प्रकृति स्थानीय होने लगी थी। इस सन्दर्भ में हम दो दानों का उल्लेख करते हैं। उदाहरण स्वरूप– ग्वालियर के 877 ई. के अभिलेख में हमें दो दानों का उल्लेख मिलता है।

इस अभिलेख में श्री सर्वेश वरपुर के तेलियों के श्रेणियों की और श्री गोपगिरि की मालियों की श्रेणी का उल्लेख है। इस अभिलेख में इन दोनों श्रेणियों द्वारा दिये गये दान का उल्लेख मिलता है। इस अभिलेख से यह भी ज्ञात होता है कि ग्वालियर में श्रेष्ठियों तथा सार्थवाहों का एक मण्डल था जो नगर का प्रशासन चलाता था। इस अभिलेख से यह भी स्पष्ट होता है कि इन दोनों स्थानों में केवल यही एक–एक श्रेणी थी।

प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था में चार प्रकार की श्रेणियों और कारीगरों का उल्लेख मिलता है –

1. ग्रामों में निवास करने वाले जिन्हें जिन्स के रूप में एक निश्चित राशि प्राप्त होती थी।

2. अपने स्वयं के गाँव में रहने वाले।

3. राजाओं सामन्तों एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में बसाये गये।

4. स्वतंत्र शिल्पी एवं कारीगर लेख पद्धति से हमें ज्ञात होता है कि छोटे गाँव में 5 शिल्पी और बड़े गाँव में 18 प्रकृतियों के निवास की सूचना भी मिलती है। 11वीं एवं 12वीं शताब्दी में सामंतवाद के पतन, व्यापार के उन्नति के साथ–साथ, व्यापारिक एवं औद्योगिक श्रेणी संगठनों के उन्नति एवं विकास के प्रमाण पुनः मिलते हैं। यही कारण है कि इस काल के विधि ग्रन्थों में श्रेणी संगठनों से सम्बन्धित लेख विस्तार से मिलते हैं।

कृत्य कल्पतरू से ज्ञात होता है कि श्रेणियों को अपने कार्य संचालन के लिए आवश्यक नियमों को बनाने का अधिकार था। स्मृतिचन्द्रिका[10] के अनुसार यदि किसी समहू के सदस्य किसी झगड़े को एकमत होकर न निपटा सकें तो उन्हें दो, तीन या पाँच कार्यचिन्तकों की उपसमिति नियुक्त करनी चाहिए। इनके निर्णय को सभी सदस्यों को मानना पड़ता था। इस ग्रन्थ[11] के अनुसार समूह अपने अपराधी सदस्य को दण्डित भी कर सकता था। श्रेणियाँ अपनी वस्तुओं की बिक्री के विषय में भी कानून या नियम बनाती थीं तथा अपने सदस्यों से उपकर वसूल करती थीं।

पूर्व मध्यकाल में श्रेणी संगठन में मुख्य की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण हो गयी थी। श्रेणी के प्रमुख को गलती करने वाले सदस्यों को डांटने, फटकारने तथा समूह से निष्कासित करने का भी अधिकार था। 1086 ई. के झालर पाटन अभिलेख में तैलिक श्रेणी के प्रधान की चर्चा है। जो इतिहासकार यह कहते हैं कि पूर्व मध्यकाल में श्रेणी संगठन कमजोर हो गया था, या इनकी भूमिका आर्थिक कार्यकलापों में न के बराबर थी, उस मान्यता पर अब प्रश्नचिन्ह लग गया है। उस मान्यता का खण्डन करते हुए प्रो. बी. डी. चट्टोपाध्याय[12] ने इसके पक्ष में कई साक्ष्य प्रस्तुत किये हैं। उदाहरण के लिए– सियोडोनी अभिलेख (दसवीं शताब्दी–झाँसी) में कई श्रेणियों का उल्लेख मिलता है।

यह अभिलेख गुर्जर प्रतिहारों के समय का है। उनके द्वारा दिये गये दान की चर्चा इस अभिलेख में है। ग्वालियर के बैतल भट्ट स्वामी के मन्दिर से प्राप्त अभिलेख[13] (877 ई.) में कुछ महत्वपूर्ण सूचनायें श्रेणियों के विषय में प्राप्त होती हैं। इस अभिलेख में नवीं शताब्दी में नगर के शासन से सम्बद्ध श्रेणियों तथा सार्थवाहों के संगठन का उल्लेख है। इनके द्वारा दिये गये दानों का

विवरण मिलता है

हरियाणा के पहेवा अभिलेख (नवीं शताब्दी)[14] से घोड़े के व्यापारियों के विषय में भी सूचना मिलती है। चाहमान राजा निग्रहराज (1088 ई.) के हर्ष प्रस्तर अभिलेख (जयपुर) में उत्तर देश के घोड़े के व्यापारियों की एक श्रेणी का उल्लेख मिलता है जिसमें कहा गया है कि हर घोड़े की बिक्री पर एक द्रम्म (चाँदी का सिक्का) दान में दिया जाता था। स्पष्ट है कि पूर्व मध्य काल में श्रेणी संगठन पूर्णतया समाप्त नहीं हुए थे।

11वीं, 12वीं शताब्दी में ये पुनः सबल होने लगे थे। लेख पद्धति के अनुसार– गुजरात में चालुक्यों के शासन काल में 'श्रेणीकरण' नामक एक राजकीय विभाग था जो श्रेणियों के कार्य को देखता था। 13वीं शताब्दी के अनवद अभिलेख के अनुसार– गुजरात के राजा सारंगदेव के काल में महाजन, श्रेष्ठी, ठाकुर जो अपनी श्रेणियों के प्रमुख थे, का उल्लेख मिलता है।

1. संक्षेप में पूर्व मध्यकालीन स्रोतों की व्याख्या करने से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि इस काल में श्रेणियाँ एक जाति विशेष से जुड़ने लगीं थीं। इसलिए अब श्रेणी शब्द का प्रयोग प्रकृति तथा जाति के लिए भी मिलता है।

2. श्रेणियाँ तथा उनसे सम्बन्धित सदस्य अधम जातियों में गिने जाते थे, जो उनके गिरते हुए सामाजिक स्तर की ओर संकेत करता है।

3. इस काल में अवरुद्ध अर्थव्यवस्था के परिणाम स्वरूप श्रेणियाँ स्थान विशेष से जुड़ गयीं तथा कारीगर एवं शिल्पी गतिहीन हो गये थे। पूर्व मध्यकाल में श्रेणी संगठन निर्बल हो रहा था। इस काल में इनकी सीलें भी नहीं मिलती हैं जो इस निष्कर्ष का समर्थन करते हैं।

4. 11वीं तथा 12वीं शताब्दी में श्रेणी संगठन पुनः उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं, इनके प्रधान अधिक शक्तिशाली हो रहे थे तथा कभी–कभी राजकीय शक्ति को भी चुनौती देने की स्थिति में थे।

5. इस काल में श्रेणियों को सैन्य शक्ति प्राप्त करने का अधिकार था। सेना के परम्परागत 6 अंगों में 'श्रेणीबल' एक था। यह बात मान्सोल्लास से भी स्पष्ट हो जाती है।

6. श्रेणियाँ स्वयं अपना नियम बनाती थीं, इनका स्वायतशासी संगठन था। न्याय करते समय राजा इन नियमों को ध्यान में रखता था।

7. औद्योगिक उत्पादन का मानक श्रेणियाँ ही तय करती थीं, शासक वर्ग उनसे उधार भी लेते थे। ये श्रेणियाँ बैंकों का भी कार्य करती थीं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. विज्ञानेश्वर, टीका याज्ञवल्कस्मृति, 2, 30।
2. स्मृति चन्द्रिका, 3 (व्यवहार काण्ड) भाग 1 पृष्ठ संख्या– 40।
3. टीका वृहत्संहिता।
4. पृष्ठ संख्या– 237, 1, 179, उद्धृत लल्लन जी गोपाल (दि इकोनॉमिक लाइफ आफ नार्दन इण्डिया)।
5. अभिधान चिन्तामणि, 3, 5, 714।
6. जम्मू द्वीप प्रज्ञप्ति, 43, पृष्ठ संख्या– 193।
7. भूमिका 'कथाकोश प्रकरण' पृ0 116 आदि।
8. मेघातिथि, टीका मनुस्मृति, 8, 41।
9. मेघातिथि, टीका मनुस्मृति, 8, 2।
10. स्मृतिचन्द्रिका, 3, पृष्ठ संख्या– 526 आदि।
11. स्मृतिचन्द्रिका, 3, भाग–1, पृष्ठ संख्या– 66।
12. चट्टोपाध्याय, बी. डी. इण्डियन हिस्टोरिकल रिव्यू।
13. एपिग्राफिया इण्डिका, 1, 159 आदि, पृष्ठ संख्या– 11–20।
14. राय, एच. सी. डायनेस्टिक हिस्ट्री आफ नार्दन इण्डिया, 1 पृष्ठ संख्या– 119।

ISSN : 2394-4366

Received: 22 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

महात्मा गाँधी जी की बेसिक शिक्षा का समालोचनात्मक अध्ययन

– प्रो. साधना पाण्डेय
अध्यक्ष, षिक्षाषास्त्र विभाग,
महिला महाविद्यालय (पी. जी.) कालेज,
किदवई नगर, कानपुर–208011 (उ.प्र.)

ई–मेलः
sadhnapandey1901@gmail.com

सारांश

सर्वविदित है कि महात्मा गाँधी जी ने अपने श्रेष्ठ कर्मों एवं बुद्धिमत्ता से समस्त विश्व को आश्चर्यचकित किया। वह नवयुग की नवचेतना के मूर्तिमान पुरुष थे। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा है– कि 'गाँधी की अतीत एवं भविष्य की देहली थे। उनमें अतीत के युगों का समन्वय था और भावी युगों का निर्माण करने की शक्ति थी। मानव जीवन से सम्बन्धित ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें इन्होंने कार्य न किया हो। गाँधी जी वर्ग विहीन, जाति विहीन समाजवादी सर्वोदय समाज की स्थापना करना चाहते थे। वे समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़ियों एवं कुरीतियों को दूर करना चाहते थे, अतः उन्होंने शिक्षा को सामाजिक शेषण एवं उत्पीड़न से मुक्त करने का उपकरण माना तथा इसका इसी रूप में क्रियान्वयन किया। सामाजिक कल्याण में शिक्षा की भूमिका पर बल देते हुये गाँधी जी ने कहा था– अस्पृश्यता, दहेजप्रथा, विधवा पुर्नविवाह, पर्दा प्रथा, अंधविश्वास, ग्रामीणवासियों, स्त्रियों एवं श्रमिकों की दयनीय दशा का समाधान केवल शिक्षा द्वारा ही सम्भव है।''

शैक्षिक दृष्टिकोण से गाँधी जी ने अनेक प्रयोग किये और तात्कालिक भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप एक राष्ट्रीय शिक्षा योजना तैयार की। उन्होंने राजनीतिक विधियों की भाँति शिक्षा की विधियों को भी प्रयोग के आधार पर परीक्षण किया था। गाँधी जी के शैक्षिक परीक्षणों का प्रारम्भ टॉलस्टाय आश्रम दक्षिण अफ्रीका से प्रारम्भ होकर परिष्कृत होते हुये, चम्पारन, 'साबरमती, वर्धा के आश्रमयों में साकार हो रहे थे। इन सभी के परिणामस्वरूप 'बुनियादी' अथवा 'बेसिक शिक्षा' का प्रारम्भ हुआ। गाँधी जी ने ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली को राष्ट्र के लिए अनुपयुक्त बताया तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के अनुकूल सार्थक एवं व्यापारिक शिक्षा प्रणाली की सीपना की, जिसे वर्धा शिक्षा योजना कहा जाता है। वे व्यवहारिक शिक्षाशास्त्री थे। अतः वे शैक्षिक उद्देश्यों, सिद्धान्तों, सूत्रों विषयों आदि प्रतिपादन करने में कम विश्वास करते थे। उन्होंने अपनी तीस वर्षें की कठोर तपस्या एवं प्रयोगों का निचोड़ वर्धा योजना में रख्खा है। इन प्रयोगों के परिणामस्वाय भारत में शिक्षा की दशा में सुधार सम्भव हो सका, अन्यथा भारत गुलामी की जंजीरों से मुक्त नहीं हो जाता। गाँधी जी ने अपने शैक्षिक अनुभवों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा का स्वरूप निश्चित किया और इसे 'बेसिक शिक्षा' नाम दिया।

प्रस्तुत शोध प्रपत्र में महात्मा गाँधी जी की बेसिक शिक्षा योजना की विशेषताओं को समझने के साथ ही उनके शैक्षिक विचारों के प्रतिफल के रूप में महत्वपूर्ण देन ''बेसिक शिक्षा योजना' के महत्वपूर्ण पक्षों को रखा गया, साथ ही विभिन्न आरोपों–प्रत्यारोपों से गुजरने के बाद भी

उसकी सार्थक उपयोगिता को दर्शाने का प्रयास किया गया है।

शोध पत्र

बेसिक शिक्षा योजना की मौलिकता उसकी अवधारणा में निहित है। इस शिक्षा योजना के आगमन से पूर्व जितने भी आयोगों और समितियों में प्राथमिक शिक्षा पर विचार किया था, उनका लक्ष्य केवल मिशनरियों एवं मैकाले के विचारों को भारत में लागू करना था। इस दिशा में 'गोखले बिल' को एक अपवाद कहा जा सकता है, ऐसे में गाँधी जी की बुनियादी शिक्षा का मुख्य आधार भारतीय दर्शन, संस्कृति, ज्ञान विज्ञान था। यह योजना केवल भारत की आवश्यकताओं क्षमताओं एवं परिवेश को दृष्टिगत करते हुये निर्मित की गई। छात्रों द्वारा उत्पादित की गई वस्तुओं का विक्रय करके विद्यालय को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना इसी दिशा में किया गया ठोस कार्य था। दूसरे शब्दों में– बेसिक अथवा बुनियादी शिक्षा उस समय किया गया एकमात्र ऐसा के शैक्षिक सुधार था, जो विशुद्ध रूप से भारतीयता पर आधारित था।

बेसिक शिक्षा योजना की उपादेयता को जानने से पूर्व इसके स्वरूप को जानना आवश्यक है–

सर्वप्रथम–

1. यह गाँधी जी की मौलिक या योजना है, यह गाँधी जी के शैक्षिक प्रयोगों एवं अनुभवों के आधार पर विकसित शिक्षा सिद्धान्तों के अनुरूप निर्मित की गई थी तथा भारत की तत्कालीन परिस्थितियों के अध्ययन, देश की समस्याओं के निराकरण एवं बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु बनाई गयी थी।

2. इसे क्रियात्मक एवं अनुभवजन्य माना गया है। बालक स्वयं कार्य के सीखता है। रायबर्न के अनुसार– बालक हस्तशिल्प के क्षेत्र में सक्रिय रहकर, मानसिक अनुभवों के साथ अन्य अनुभवों की प्राप्ति करता है।

3. इसमें सम्पूर्ण शिक्षा किसी उद्योग के माध्यम से दी जाती है।

4. बेसिक शिक्षा बालक प्रधान है।

5. पश्चात्य संस्कृति एवं सभ्यता का अन्धानुयायी बनाने वाली अंग्रेजी शिक्षा पद्धति की काट के रूप में बेसिक शिक्षा को एक राष्ट्रीय शिक्षा योजना के रूप में गाँधी जी ने प्रस्तुत किया।

6. बुनियादी या बेसिक शिक्षा बालक को घर, समाज एवं विद्यालय से जोड़ती है। अर्थात् बालक घर एवं समाज में जो कुछ सीखता है, उसी आधार पर विद्यालय में शिक्षित किया जाता है। जैसे– ग्रामीण बालक कृषि के अधिक निकट होता है, अतः कृषि को माध्यम बनाकर उसे शिक्षित किया जाता है।

7. यह शिक्षा योजना बालकों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की हेतु पहल करती है। हस्तकला या उद्योग की सहायता से बालक अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल सकते हैं।

8. गाँधी जी ने बेसिक शिक्षा के सम्बन्ध में कहा है, कि इस शिक्षा द्वारा सामाजिक क्षेत्र में ऊँच–नीच के भेदभाव मिट जायेंगे और मानसिक श्रम एवं शारीरिक ग्राम के बीच की खाई पट जायेगी।

9. इस शिक्षा योजना में बालकों की रुचि के अनुकूल हस्तकौशलों को शिक्षकगण सिखाते हैं तथा तत्सम्बन्धित विषयों का अलग निर्धारित समय में शिक्षण करते हैं।

10. बुनियादी शिक्षा का माध्यम– 'आधारभूत शिल्प है, सभी विषयों की शिक्षा इसके चारों ओर घूमती है। अर्थात् बालकों के भीतर कौशल विकसित करके उनके वास्तविक जीवन से शिक्षा का सम्बन्ध स्थापित करना।

11. ब्रिटिश काल से चली आ रही शिक्षा के कारण समाज दो वर्गों में विभक्त हो गया – श्रमजीवी एवं बुद्धिजीवी। इन दोनों वर्गों के मध्य खाई को पाटने के लिये गाँधी जी ने हस्तशिल्प के माध्यम से बेसिक शिक्षा योजना को देने का संकल्प लिया।

12. बेसिक शिक्षा बालकों के सम्यक विकास की पोषिका है, जो योजना बालक के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य लेकर चलती है, इसमें बालक के शरीर, मन, मस्तिष्क और आत्मा सभी के समुचित विकास को ध्यान में रख्खा गया है। उपरोक्त बातें गाँधी जी के शैक्षिक क्षेत्र में दिये गये योगदान को भलीभाँति स्पष्ट करती हैं।

गाँधीजी तत्कालीन समाज को देखकर अत्यन्त दुखी थे भारतीय अपने आदर्शों और मूल्यों को भूल गये थे। जनता का शोषण हो रहा था, वह गरीबी, विषमता, भय, अज्ञानता और अस्पृश्यता से त्रस्त थी। सामान्य लोगों की शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। हर तरफ निरक्षरता व्याप्त थी। सामान्य जनता के पास अर्थोपलब्धि का कोई

साधन नहीं था। महात्मा गाँधी ने इस विपरीत स्थिति के निराकरण का मार्ग ढूंढा, इसके लिये उन्होंने शिक्षा को माध्यम बनाया उन्होंने अपनी मौलिक सूझ के आधार पर राष्ट्र के पुर्ननिर्माण के लिये ''बुनियादी शिक्षा पद्धति'' की रुपरेखा दी। गाँधी जी ने ''बुनियादी शिक्षा पद्धति'' किन परिस्थितियों में और किन व्यक्तियों के माध्यम से अपने देशवासियों को भेंट किया इसका यथार्थ चित्र प्रस्तुत करते हुये ए. एन. बसु ने लिखा है– ''कांग्रेसी मंत्रिमंडलों के कार्यक्रम में दो मुख्य बातें थीं– जन शिक्षा और नशा निषेध किन्तु वे इस दुविधा में थे। नशा निषेध का पक्षपोषण करने का परिणाम होता – आय में भारी कमी, जब कि जन शिक्षा के कार्यक्रम को वास्तव में प्रभावपूर्ण बनाने के लिये अतिरिक्त व्यय की आवश्यकता थी। इन दोनों विरोधी कार्यों में समन्वय की आवश्यकता थी उसी समय गाँधी जी ने अपनी स्वावलम्बी बुनियादी शिक्षा को योजना प्रस्तुत की।'' बुनियादी शिक्षा योजना की रूपरेखा इस प्रकार है–

1. बेसिक शिक्षा के पाठ्यक्रम की अवधि 7 वर्ष की है।

2. यह शिक्षा 7 से 14 वर्ष तक के बालकों एवं बालिकाओं के लिये निशुल्क एवं अनिवार्य है।

3. शिक्षा का माध्यम मातृभाषा है।

4. पाठ्यक्रम में अंग्रेजी का कोई स्थान नहीं है।

5. शिल्प को बालकों की योग्यता एवं स्थान की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर चुना जाता है।

6. सम्पूर्ण शिक्षा का सम्बन्ध किसी आधारभूत शिल्प से होता है।

7. चुने हुये शिल्प की शिक्षा इस प्रकार दी जाती है, कि वह बालकों को अच्छा शिल्पी बनाकर उनको स्वावलम्बी बना देती है।

8. उक्त शिल्प की शिक्षा इस प्रकार दी जाती है, कि बालक उसके सामाजिक और वैज्ञानिक महत्व से भलीभांति परिचित हो जाते हैं।

9. शारीरिक श्रम पर बल दिया जाता है, ताकि बालक सीधे हुये शिल्प के द्वारा अपनी जीविका चला सके।

10. बालकों द्वारा बनाई जाने वाली वस्तुयें ऐसी होती हैं, जिनका प्रयोग किया जा सकता है या जिनको बेचकर विद्यालय का कुछ व्यय चलाया जा सकता है।

गाँधी जी ने उपर्युक्त नवीन राष्ट्रीय शिक्षा योजना प्रस्तुत करके शिक्षा जगत् में एक नई जाग्रति उत्पन्न कर दी।

उन्होंने तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार शिक्षा की पुर्नसंरचना द्वारा शिक्षा की प्रक्रिया को एक नवीन दिशा प्रदान की। गाँधी जी के शिक्षा सम्बन्धी सिद्धान्तों का विवेचन करने के पश्चात् यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि गाँधी जी एक महान भविष्य दृष्टा एवं एक उच्च कोटि के शिक्षा विचारक के रूप में हमारे समक्ष आते हैं। गाँधी जी का प्रभाव देश की राजनीति पर भी पड़ा और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर अनेक राजनीतिक नेता भारत को स्वतंत्र कराने के लिए संघर्षरत रहें। आज का स्वतंत्र भारत 'बापू' का बहुत ऋणी है।

गाँधी जी ने तत्कालीन राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप भारतीय शिक्षा का विकास किया। पाश्चात्य शिक्षा के दोषों को दूर करने के उद्देश्य से उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली की पुनर्स्थापना गाँधीजी ने देश काल एवं परिस्थितियों का सूक्ष्म अध्ययन एवं विश्लेषण करने के उपरान्त देश में बुनियादी शिक्षा विकसित की। बुनियादी शिक्षा पद्धति जन–जन की आवश्यकता के अनुकूल तथा समाज निर्माण की भावना से प्रेरित थी। यह राष्ट्र को संगठित करने का एक अनोखा प्रयास था। यह राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुकूल सार्थक एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रणाली थी। उस समय देश में प्रचलित शिक्षा प्रणाली अव्यावहारिक, एकपक्षीय, पुस्तकीय तथा पूर्ण रूप से सैद्धान्तिक भी थी। इस प्रणाली में बालक के मस्तिष्क को पुस्तकीय तथा पूर्ण रूप से सैद्धान्तिक भी थी। इस प्रणाली में बालक के मस्तिष्क को पुस्तकीय ज्ञान से भर दिया जाता था, जिसका व्यावहारिक जीवन से दूर–दूर तक कोई सम्बन्ध नहीं था। इसके विपरीत गाँधी जी द्वारा प्रचलित शिक्षा पद्धति व्यावहारिक जीवन से सम्बन्धित थी। ये शिक्षा प्रणाली मानव जीवन के विभिन्न पक्षों को ध्यान में रखकर बनायी गयी थी अतः यह केवल सैद्धान्तिक नहीं थी परन् मानव जीवन से सम्बन्धित थी। एक कहावत है–

`Where there are six men, there are seven opinion'.

अर्थात् जितने व्यक्ति होते हैं, उतने ही मत बन जाते हैं। ऐसा ही कुछ गाँधी जी की बेसिक शिक्षा योजना के साथ भी हुआ है एक ओर जहाँ नई तालीम के गुणों के लिए उसकी सराहना की गयी है, वहीं कुछ बिन्दुओं पर

आलोचकों ने टीका–टिप्पणी भी की है।

बुनियादी शिक्षा योजना को वर्तमान वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक वातावरण (Technical Atmosphere) में उसकी उपयोगिता को लेकर पर्याप्त आलोचना को लेकर पर्याप्त का सामना करना पड़ा है। यह सत्य है कि इस योजना का निर्माण सन् 1937 में तत्कालीन भारत की निर्धन, ग्रामीण एवं निरक्षर जनता तथा देश की आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक व्यवस्था को ध्यान में रखकर किया गया था, परन्तु इसके मूल में निहित दार्शनिक एवं शैक्षिक सिद्धान्त इतने सशक्त एवं शाश्वत थे कि समय के द्वारा उनकी नित्यता और उपयोगिता को नष्ट नहीं किया जा सकता है।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि शिक्षा एक गतिशील एवं परिवर्तनशील प्रक्रिया है। इसमें सामाजिक परिस्थितियों के बदलते हुए स्वरूप के साथ आवश्यकतानुसार अनेक परिवर्तन किए जाते हैं। अतः यदि उम गाँधी जी द्वारा बनायी गयी बेसिक शिक्षा योजना में आधुनिक वैज्ञानिक एवं तकनीकी युग के अनुरूप कुछ परिवर्तन कर लें तो आधुनिक युग में आज भी यह भारतीय वातावरण के लिए उपर्युक्त शिक्षा पद्धति हो सकती है।

गाँधी जी बहुत अधिक पुस्तकीय ज्ञान के विरुद्ध थे। वे ज्ञान प्राप्ति को केवल आत्मा को सक्रिय करने का साधन मानते थे। एक वैचारिक प्रक्रिया (Reflective Thinking) के रूप में स्वीकार करते थे। यही कारण था कि गाँधी जी भी प्रसिद्ध प्रकृतिवादी विचारकों की भाँति बालकों को सक्रिय बनाकर स्वयं अनुभव करके सीखने पर बल देते थे। उन्होंने अपनी बुनियादी शिक्षा योजना में इसी विचार को व्यावसायिक शिल्पों के माध्यम से मूर्त रूप देने का प्रयत्न किया है। यदि इन शिल्पों को आधुनिक युग के अनुरूप नवीन स्वरूप प्रदान कर दिया जाये और छात्रों को मिट्टी, गारे, लकड़ी, चरखा और तकली के स्थान पर कम्प्यूटर, लैपटॉप और अन्य आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रदान कर दिये जायें, तो भारत के होनहार छात्र भी यह सब करने में सक्षम हो सकेंगे, जिन पर पाश्चात्य जगत आज गर्व कर रहा है।

वर्तमान में भारत के समक्ष निर्धनता और बेकारी की समस्याएँ एक चुनौती के रूप में उभर आयी है आर्थिक दृष्टि से कमजोर होने के कारण अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने में असमर्थ है। पर्याप्त योग्यता होने के बावजूद भी अधिकांश बालक गरीबी के कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते। शिक्षा को निःशुल्क कर देने से यह समस्या दूर हो जाती है तथा दस्तकारी के माध्यम से शिक्षा देने पर बेकारी की समस्या भी समाप्त हो जाती है। आज पुस्तकीय ज्ञान तथा रटने पर अधिक बल दिया जा रहा प्रचलित पाठ्यक्रम का जनजीवन से कोई सम्बन्ध नहीं है और न ही इसका व्यावसायीकरण किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप लाखों शिक्षित बेरोजगारों की भीड़ बढ़ती जा रही है। भारतवर्ष प्रायः 62 वर्ष की आजादी के पश्चात् भी बेरोजगारों की मार से तबाह है। सैकड़ों पढ़े–लिखे तथा योग्य नौजवान नौकरी की तलाश में मारे–मारे फिरते हैं। जिन नवयुवकों को हर्ष और उल्लास से फूला रहना चाहिए था वे मात्र रोजी रोटी की तलाश में भटकते फिरते हैं। अगर उनके परिवार की आर्थिक दशा शोचनीय है, तो उन नौजवानों की अवस्था और भी बद्तर हो उठती है। आज पर्याप्त शिक्षा और योग्यता के उपरान्त भी नौजवानों को रोजगार के अवसर प्राप्त नहीं हो पाते क्योंकि आज पुस्तकीय शिक्षा का व्यक्ति के व्यावहारिक जीवन से कोई सम्बन्ध नहीं है। जिस शिक्षा को प्राप्त करके विद्यार्थी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं (रोटी, कपड़ा और मकान) की पूर्ति भी न कर सके वह शिक्षा व्यर्थ है। अर्थोत्पलब्धि हमारे जीवन की अगर सर्वश्रेष्ठ नहीं तो सर्वश्रेष्ठ समस्याओं में एक अत्यधिक प्रमुख समस्या है। धर्मशास्त्रों ने भी अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष, मानव जीवन के चार प्रमुख लक्ष्य बताए हैं। अतः शिक्षित बेरोजगारी की समस्या को हस्तशिल्प की शिक्षा के द्वारा कुछ सीमा तक दूर किया जा सकता है। दस्तकारी द्वारा शिक्षा प्राप्त करके बालक नौकरी की तलाश में इधर–उधर न घूमकर अपनी जीविका का अर्जन कर सकते हैं तथा विद्यालयीय जीवन की समाप्ति के पश्चात उन्हें मात्र नौकरी का ही आश्रय नहीं ढूंढना पड़ेगा, अपितु प्राप्त शिक्षा के आधार पर वे अपनी रोजी–रोटी की समस्या का समाधान बिना किसी परिश्रम के स्वयं निकाल सकेंगे।

इस शिक्षा से हमारी सरकार का आर्थिक भार भी कुछ सीमा तक हल्का हो जायेगा क्योंकि शिक्षा को स्वावलम्बी कर देने से सरकार की शिक्षा पर अधिक धन व्यय नहीं करना पड़ेगा।

आर्थिक दृष्टि से पिछड़े होने के कारण हमारे देश के होनहार नौनिहाल विदेशों की ओर आकर्षित हो रहे हैं,

अपनी जीविका कमाने के लिए वे विदेशों को पलायन कर रहे हैं, जब कि हमारी भारतभूमि ऐसे बहुमूल्य मानव रत्नों को उत्पन्न करने के बावजूद भी गरीबी तथा बेकारी का दंश झेल रही है।

आज यदि हस्तशिल्प की शिक्षा प्रदान करके व्यक्ति को आत्मनिर्भर बना दिया जाये जिससे यह सरलता से अपनी जीविका का अर्जन कर सके तो निश्चित ही हमारे देश की प्रतिभायें विदेशों में न जाकर अपने ही देश में अपनी प्रतिभा का उपयोग करके देश को गौरवान्वित करेंगे।

वर्तमान समय में शिक्षा संस्थाओं में बढ़ती हुयी अनुशासनहीनता एक चिन्ता का विषय बन गया है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों का वातावरण विद्यार्थियों की उच्छृंखलताओं के कारण विषाक्त हो। गया है विद्यार्थी अनुशासनहीन हो गये हैं।

पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में अनुशासन की अनेक घटनाएँ से रही हैं। छोटी–छोटी बातों पर हड़ताल, तोड़–फोड़, आगजनी, सरकारी बसों तथा रैली में बिना टिकट यात्रा करना तथा 'छात्र यूनियन' के नाम पर अपनी नाजायज मांगों को मनवाना आम बात हो गयी है। स्थिति यहाँ तक पहुँच गयी है कि नकल करते हुए पकड़ लेने की भूल करने वाले शिक्षकों, अधीक्षक या पर्यवेक्षक पर विद्यार्थी आक्रमण करते हैं और शिक्षकों के साथ गाली–गलौज, मारपीट आदि की खबरें हमें अक्सर ही समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलती हैं। इस प्रकार देश के विद्यार्थियों में असामान्य रूप से अनुशासनहीनता बढ़ती जा रही है। इस बढ़ती हुयी अनुशासनहीनता के लिए आर्थिक स्थिति, सामाजिक वातावरण, पारिवारिक वातावरण के अतिरिक्त हमारे शिक्षक तथा वर्तमान शिक्षा प्रणाली भी कुछ सीमा तक उत्तरदायी है। आज शिक्षक अनुशासन स्थापित करने के लिए दण्ड का प्रयोग करते हैं, वे छात्रों में आत्मानुशासन स्थापित करने का प्रयास ही नहीं करते। दण्ड देने से छात्रों में प्रतिशोध एवं विद्रोह की भावना उत्पन्न हो जाती है, फलस्वरुप वे और अधिक उद्दण्ड हो जाते हैं। छात्र बहुत सी बातें अपने शिक्षकों के अनुकरण द्वारा सीखते हैं। अतः पहले शिक्षक बालकों के समय आदर्श अनुशासन के अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। विद्यार्थियों पर शिक्षक के शुद्ध आचरण, सच्चरित्रता, विश्वास, दैनिक व्यवहार, समय की पाबन्दी आदि का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है।

अतः आज यदि हम चारों को अनुशासित देखना चाहते है तो सबसे पहले शिक्षकों को स्वयं अनुशासित होना पड़ेगा। बुनियादी शिक्षा में शिक्षक स्वयं को अनुशासित करके अर्थात् प्रभावात्मक अनुशासन द्वारा छात्रों को अनुशासित करते थे। बुनियादी शिक्षा में इस बात पर बल दिया जाता है कि शिक्षक स्वयं बालकों के सम्मुख उच्चादर्शयुक्त अनुशासन प्रस्तुत करके उनमें स्वानुशासन की भावना को विकसित करें।

उपर्युक्त तथ्यों का अध्ययन करने के पश्चात् हम ये कह सकते हैं कि बुनियादी शिक्षा के आत्मानुशासन पक्ष को कुछ सीमा तक नियन्त्रित किया जा सकता है, जो आज हमारे समक्ष एक विकराल समस्या के रूप में उपस्थित है परीक्षा की वर्तमान दोषपूर्ण प्रणाली भी आज छात्रों में व्याप्त अनुशासनहीनता का एक बड़ा कारण है। श्री एल. मुखर्जी का विचार है– ''गम्भीर अनुशासनहीनता त्रुटिपूर्ण परीक्षा प्रणाली की देन हैं।'' परीक्षा वर्ष में एक बार या दो बार होती है तथा पूर्ण सफलता के लिए उसी में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उत्तीर्ण होने के लिए छात्र अनुचित साधनों का प्रयोग करते हैं। वर्ष भर समय नष्ट करने वाले कुछ छात्र समाज विरोधी, अनुशासनहीन कार्यों को अपनाना प्रारम्भ करते हैं, जिससे वे मात्र परीक्षा उत्तीर्ण कर सके ऐसे छात्र उत्तीर्ण होने के लिए शिक्षकों तथा निरीक्षकों पर अनावश्यक दबाव डालते है।

अतः इस अनुशासनहीनता को बेसिक शिक्षा की मूल्यांकन प्रणाली को अपनाकर दूर किया जा सकता है। गाँधी जी की बेसिक शिक्षा योजना की भाँति आज भी यदि दैनिक, साप्ताहिक व मासिक परीक्षा तथा विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक, चारित्रिक और भावात्मक विकास की प्रगति का लेखा–जोखा रखकर उसके आधार पर मूल्यांकन किया जाये तो निश्चत ही अनुशासनहीनता की समस्या से निपटा जा सकता है।

निष्कर्ष –

गहन अध्ययन के पश्चात् अन्त में हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कोई भी प्रणाली चाहे कितनी ही अच्छी क्यों न हो, समय व स्थिति में परिवर्तन के अनुसार उसमें कुछ दोष उत्पन्न होते हैं। अतः सुधार की भी आवश्यकता पड़ती है। एक अंग्रेज कवि Alfred Lord Tennyson की पंक्तियों से भी ये बात स्पष्ट हो जाती हैं.–

``The old order changeth] yielding place

to new.''

+ + + + + +

``Lest one good custom should corrupt the world.''

अर्थात् पुरानी व्यवस्था बदल जाती है और उसका स्थान एक नयी व्यवस्था ले लेती है। ये इसलिए आवश्यक है कि कहीं ऐसा न हो एक अच्छी व्यवस्था संसार को खराब कर दे।

कहने का तात्पर्य यह है कि महात्मा गाँधी की बुनियादी शिक्षा उस समय की परिस्थितियों को देखते हुए अत्यन्त लाभकारी थी, परन्तु वर्तमान समय में इसे हम ज्यों का त्यों नहीं अपना सकते, लेकिन हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि यदि हम इसमें कुछ सुधारों का समावेश कर लें तो निर्धनता और बेरोजगारी जैसे दानव से निपटने के लिए एक सार्थक भूमिका अदा कर सकती है।

भारत में स्वतन्त्रता के 62 वर्षों तक की शिक्षा अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकी हैं। आज भी देश की लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या निरक्षर मानी जाती है। जो चमक–दमक और सफलताएँ हमें दिखाई दे रहीं है, वह महज बाजार संस्कृति पर आधारित हैं और केवल कुछ चुने हुए शहरों के अत्यधिक सम्पन्न एवं आधुनिक घरों के बच्चों के लिए ही उपयोगी हैं। भारत के आम शहरों और ग्रामीण जनता से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है। इसलिए यदि पूरे देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो आज भी हमें गाँधी जी के शैक्षिक विचारों और बुनियादी शिक्षा योजना से प्रेरणा लेनी चाहिए। बेसिक शिक्षा प्रणाली की उपयोगिता से प्रभावित होकर अविनाशलिंगम ने स्पष्ट शब्दों में कहा है– ''बुनियादी शिक्षा हमारे राष्ट्रपिता का अंतिम और सम्भवतः महानतम् उपहार है।''

इससे स्पष्ट है कि आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार तभी सम्भव है, जब हम बुनियादी शिक्षा को अपनायेंगे। बुनियादी शिक्षा के आधुनिकीकरण के सम्बन्ध में कोठारी आयोग का यह सुझाव उल्लेखनीय है– ''अब जिस बेसिक शिक्षा की आवश्यकता है वह एक ऐसे समाज की आवश्यकताओं के लिए होनी चाहिए जिसे विज्ञान एवं टेक्नोलाजी की सहायता से बदल डालना है। अन्य शब्दों में कार्य अनुभव एवं नवीन सामाजिक व्यवस्था के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए आगे की ओर देखने वाला कार्यक्रम होना चाहिए।''

उपर्युक्त तथ्यों का अध्ययन करने के उपरान्त उम निस्संकोच माय से स्वीकार कर सकते हैं कि दरिद्रता के दानव के चंगुल में फंसे हुए हमारे देश के लिए यह शिक्षा एक अनुपम वरदान है। यह प्रचलित शिक्षा की भांति न तो पुस्तकीय एवं अव्यावहारिक है और न ही परीक्षा एवं पाठ्यक्रम की जंजीरों से जकड़ी हुयी है। वर्तमान शिक्षा केवल बालकों के मानसिक विकास की ओर ध्यान देती है जबकि बुनियादी शिक्षा उनके शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए यचेष्ट उद्यम करती है। बुनियादी शिक्षा सर्वथा भारतीय शिक्षा है। इस योजना के द्वारा गाँधी जी ने नवीन भारतीय समाज रचना का स्वप्न देखा था। इसके द्वारा वे अपने कल्पित मानव का निर्माण करना चाहते थे, जिसमें सत्य, अहिंसा तथा प्रेम का सम्मिश्रण हो। इसी कल्पना को व्यावहारिक स्वरुप प्रदान करने की दिशा में उन्होंने बुनियादी शिक्षा का प्रादुर्भाव किया।

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि यह शिक्षा योजना भारतीय शिक्षा के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई है। महात्मा गाँधी द्वारा संचालित बुनियादी शिक्षा योजना को जिस दृष्टिकोण से भी देखा जाए, यह सुदृढ़ एवं व्यापक परिलक्षित होती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. प्रो. सत्यमूर्ति – ''महात्मा गाँधी का शिक्षा दर्शन '' (1999) अरुण प्रकाशन, नईदिल्ली। प्रष्ठ संख्या 80, 82–83।
2. डॉ. गार्गीकरण 'मराल' – ''विश्व के प्रमुख शिक्षाशास्त्री '' (2006), विकास प्रकाशन, पृष्ठ संख्या – 40, 45, 46।
3. गुप्त विश्व प्रकाश एवं गुप्त मोहिनी – ''महात्मा गाँधी व्यक्ति और विचार'' राधा पब्लिकेशन्स, नईदिल्ली (1996–2001), प्रष्ठ संख्या–50–60।
4. रोमॉ रोला, ओझा, प्रफुल्ल चन्द्र – – महात्मा गाँधी जीवन और दर्शन – लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद (1976), पृष्ठ संख्या – 36–37–40।
5. कुलकर्णी, सुमित्रा जी – "अनमोल विरासत – Vol-ll, कथा गाँधी और आजादी की'', प्रभात प्रकाशन, दिल्ली (1988) पृष्ठ संख्या – 70–72, 28।
6. चर्तुवेदी, अरुण कुमार एवं विनीता – गाँधी दर्शन शिक्षा के विविध आयाम – अर्णव इण्टरप्राइजेज, नईदिल्ली, पेज पृष्ठ संख्या – 16, 18, 19, 33।

ISSN : 2394-4366

Received: 15 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

स्त्री विमर्श के परिप्रेक्ष्य में सशक्त हस्ताक्षर महादेवी वर्मा : एक विशद विवेचन

– प्रो. रश्मि चतुर्वेदी, डी. लिट्.
अध्यक्ष – हिन्दी विभाग,
महिला महाविद्यालय (पी.जी.)
कालेज, किदवई नगर,
कानपुर–208011 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
dr.rashmichaturvedi@rediffmail.com

सारांश

महादेवी जी का नारी विषयक चिन्तन आज इक्कीसवीं सदी में भी प्रासंगिक है। आज नारी शिक्षित है। 'नारी विमर्श' की स्वतन्त्र धारा हिन्दी साहित्य में प्रवाहित हो रही है जो कहीं न कहीं नारी के स्वाभाविक गुणों पर चोट कर रही है किन्तु महादेवी जी का चिन्तन सामंजस्यपूर्ण है जो सभ्य सुसंस्कृत समाज के निर्माण पर भी बल देता है। महादेवी जी शिक्षित, सुसंस्कृत, कर्तव्ययुक्त, अधिकार पूर्ण, चेतनायुक्त नारी के सभी स्वरूपों को सकारात्मकता के साथ चित्रित करती है जो समाज को प्रगति की ओर अग्रसर करता है। महादेवी जी ने विषय–वासना दमित त्रस्त, कुण्ठित, पीड़ित स्त्री जीवन की मर्मान्तक पीड़ा को प्रकारान्तर से अपने साहित्य में उभारा है। 'सबिया' नामक रेखाचित्र में वह स्वयं कहती हैं– 'पुरुष भी विचित्र है वह अपने छोटे से छोटे सुख के लिए स्त्री को बड़ा से बड़ा दुख दे डालता है और ऐसी निश्चिन्तता से मानो उस स्त्री को उसका प्राप्त दे रहा हो।'

स्त्री चिन्तन एवं स्त्री विमर्श का प्रारम्भ ही आधुनिक काल की देन है। नवजागरण काल के उपरान्त स्त्री जीवन के प्रति संचेतना व सजगता की भावना का प्रारम्भ हुआ। यह एक विचारणीय विषय है क्योंकि सृष्टि निर्माण आधार स्तम्भ नारी की दुर्दशा में सुधार का दृष्टिकोण पल्लवित होने लगा। आधुनिक काल में छायावाद युगान्तर्गत महादेवी वर्मा ने 'श्रृंखला की कड़ियाँ' में नारी विषयक विचारों को स्पष्ट किया है। आपने नारी जीवन विषयक अनेक विषमताओं को विविध दृष्टिकोणों से देखा है। समाज में नारी की स्थिति–परिस्थिति विषमताएं, समस्याएं नारी समुदाय की उपेक्षित अवस्था, करुण दशा का विशदता के साथ चित्रण महादेवी जी ने किया है। महादेवी जी ने नारी जीवन की परवशता, पराधीनता, कुण्ठा, त्रास, आदि सभी विडम्बनाओं को मार्मिक चित्रण किया है। नारी जीवन की कोमलता व सरसता का चित्रण महादेवी जी ने प्रभावोत्वादक रूप से किया है। हर्ष नन्दिनी भाटिया जी ने लिखा है– 'कल्पना लोक में विचरण करने वाली कवयित्री इन टिप्पणियों के माध्यम से पूर्ण यथार्थवादी ठोस धरातल पर उतरी है।' संसार की कठोरता, निर्ममता को नारी जीवन के चित्रण के माध्यम से प्रस्तुत किया है और जनता के दुखी जीवन को उद्घाटित किया है ।'[1]

कोमलता, सहजता और सरसता की प्रतिमूर्ति कही जाने वाली

महादेवी वर्मा नारी जीवन की दयनीयता से त्रस्त होकर यथार्थवाद के धरातल पर उतरी और कठोरता के साथ अपनी लेखनी चलाई। साधुता व संन्यासी जीवन की अधिष्ठात्री, विरक्ति की साक्षात् प्रतिमा, नवीन भावों की उद्भावना की आदिस्रोत महादेवी वर्मा जी हैं। स्त्री होने के कारण स्त्री के मनोभावों की समानुभूति और उनकी अभिव्यक्ति दोनों ही महादेवी वर्मा जी के साहित्य को एक नवीन स्वर प्रदान करते हैं, जो स्त्री विमर्श की ओर सभी का ध्यानाकर्षण करता है। 'भक्तिन' में भक्तिन की पीड़ा 'सबिया' में सबिया की त्रास व कष्ट संघर्षों की ऐसी मार्मिक अनुभूति है जो हृदय में सहज वेदना का संचार करती है । महादेवी वर्मा के स्त्री जीवन के सन्दर्भित लेखन की ओर निम्न पंक्तियों के माध्यम से संकेत किया गया है – 'महादेवी वर्मा भारतीय जीवन के अनुभवों और आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति करने वाली कलाकार हैं। उसके जागरण का अभियान चलाने वाली कार्यकर्ता और उसकी पराधीनता के जटिल रूपों का विश्लेषण तथा स्वाधीनता की सम्भावनाओं को तलाश करने वाली दार्शनिक भी हैं।'[2]

'श्रृंखला की कड़ियाँ' 1942 में छपी थी उसके महत्वपूर्ण लेख 'चाँद' नामक पत्रिका में छपे थे। नवजागरण काल में लिखी गयी यह रचना नारी जागरण का मूलमन्त्र लेकर आई। स्वतन्त्रता के संघर्ष के दौरान नारी जीवन की समस्याएँ उपेक्षित थीं। पराधीनता मुक्ति के उस संघर्ष के साथ ही महादेवी जी ने नारी जीवन सुधार के संघर्ष की प्रक्रिया आरम्भ की। नारी जीवन रूपी घनघोर तम में चेतना की आशा की ज्योति थीं महादेवी वर्मा जी। 'श्रृंखला की कड़ियाँ' नामक रचना उस दौर में जब स्त्री विषयक लेखन महत्वपूर्ण भी था व विवादित भी था। ऐसे समय में स्त्री जीवन की जटिलता व दुरूहता का विश्लेषणात्मक अध्ययन करके उसे दिशा प्रदान की। आपने स्त्री के जीवन की स्थिति–परिस्थिति का समाधानमूलक दृष्टिकोण हमारे समक्ष प्रस्तुत किया है। जन्म से लेकर मृत्यु तक स्त्री पुरुष की अनुचरी बनकर रहती है। 'स्व' का समर्पण पर हेतु करती रहती हैं। इसी क्रम में एक स्त्री अपनी अस्मिता व अस्तित्व को कब खो बैठती है, इसका उसे भान ही नहीं होता। महादेवी जी ने कोमल व कठोर दोनों ही प्रकार के नारी जीवन का चित्रांकन हमारे समक्ष किया है। ईश्वरचन्द विद्यासागर, ज्योतिबाराव फुले, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने भी विधवा विवाह, स्त्री–शिक्षा आदि विषयों का विवेचन कर तत्कालीन समय में स्त्री सशक्तता का कार्य किया है। महादेवी जी ने भी स्त्री सशक्तता का अतुलनीय कार्य किया है। इसी सन्दर्भ में लक्ष्मणदत्त गौतम जी ने लिखा है कि– 'महादेवी वर्मा ने 'श्रृंखला की कड़ियाँ' में अपनी समाज केन्द्रित दृष्टि से ज्वलन्त समस्याओं को समर्थ लेखनी से उभारा है तथा उसके सामाधान उपस्थित किये हैं। आज के युग में नारी वह नहीं है जो महादेवी के युग में थी।'[3]

महादेवी जी ने विषय–वासना दमित, त्रस्त, कुण्ठित, पीड़ित स्त्री जीवन की मर्मान्तक पीड़ा को प्रकारान्तर से अपने साहित्य में उभारा है। 'सबिया' नामक रेखाचित्र में वह स्वयं कहती हैं– 'पुरुष भी विचित्र है वह अपने छोटे से छोटे सुख के लिए स्त्री को बड़ा से बड़ा दुख दे डालता है और ऐसी निश्चिन्तता से मानो उस स्त्री को उसका प्राप्त दे रहा हो।'

महादेवी जी नारी जीवन की वीभत्स विडम्बना 'वेश्या समस्या की ओर' भी दृष्टि की और उसकी भयावहता के चित्रण से सभी के रोंगटे खड़े कर दिये। वेश्याओं के जीवन पर विचार करती हुई स्त्री की ओर देखा जाए तो निश्चय ही देखने वाला काँप उठेगा। उसे जीवन भर आदि से अन्त तक सौन्दर्य की हाट लगानी अपने हृदय की समस्त कोमल भावनाओं को कुचल कर, आत्मसमर्पण की इच्छाओं का गला घोंटकर रूप का क्रय–विक्रय करना पड़ा। परिणाम में उसके हाथ आया निराश, हताश और एकाकी अन्त।

महादेवी जी ने रूढ़िगत विचारधाराओं धारणाओं का खण्डन कर स्त्री को आत्मनिर्भर बना दिया। महादेवी जी नारी को स्वावलम्बी आत्मसम्मान युक्त जीवन जीने हेतु अभिप्रेरित किया। नवजागरण काल, जिस समय स्त्री जीवन में शिक्षा की क्रान्ति नहीं आई थी। महादेवी जी स्त्रियों की आत्मनिर्भरता को सृजनात्मक शक्ति के साथ जोड़कर देखती थीं न कि विध्वंसात्मक रूप में। वे स्वयं देखती हैं– ''उनके व्यक्तियों का विचार है कि यदि कन्याओं को स्वावलम्बिनी बना देंगे तो वे विवाह ही नहीं करेंगी, जिससे दुराचार भी बढ़ेगा और गृहस्थ धर्म में भी अराजकता उत्पन्न हो जाएगी। परन्तु वे वह भूल जाते हैं कि स्वाभाविक रूप से विवाह में किसी व्यक्ति के साहचर्य की इच्छा प्रधान रहनी चाहिए, आर्थिक कठिनाइयों की विवशता नहीं।'' – **'श्रृंखला की कड़ियाँ'**

भारतीय नारी के आदर्श रूप व भावमय चित्रण व मार्मिक चित्रण महादेवी वर्मा जी के साहित्य में मिलती है। भारतीय नारी की कसमसाहट, छटपटाहट व पीड़ा को जिस भाव से महादेवी जी ने अभिव्यक्त किया है। उसे अन्यत्र प्राप्त करना दुर्लभ है। काव्य में नारी के प्रति अपना भाव प्रदर्शन कर वह समस्त पाठकों को अभिभूत करती हैं।

असीम मधुपुरी जी ने लिखा है– 'महादेवी के काव्य में भारतीय आदर्श नारी का गरिमावान व्यक्तित्व साकार हुआ है। उनके गीतों में प्रिय में अपनी सम्पूर्ण निजता का लय करने वाली आस्थावान नारी का स्वरूप मुखरित हुआ है ।'[4]

भारतीय नारी की पारम्परिक त्याग की प्रतिमूर्ति के पीछे छिपी उसकी करुणा, पीड़ा, दुख की मार्मिक प्रस्तुति महादेवी जी के साहित्य की विशेषता है। 'श्रृंखला की कड़ियाँ' नामक रचना में उनका सम्पूर्ण स्त्री विमर्श पर वार्तालाप हुआ। एक सम्पूर्ण ग्रन्थ है जो स्त्री विमर्श व स्त्री जीवन के सभी पक्षों पर विचार करता है। स्त्री जीवन का कोई भी भाव महादेवी वर्मा जी से अछूता नहीं रह गया। डॉ. व्यासमणि त्रिपाठी ने लिखा है– 'महादेवी के रेखाचित्रों में स्त्री–पुरुष दोनों आते हैं पर महादेवी की दृष्टि स्त्री की है। बिबिया की सहनशीलता और उत्पीड़न भक्तिन का राग–विराग, रामा की दिनचर्या सबमें महादेवी की संवेदना प्रकट है।[5]

महादेवी जी संवेदनशीलता की अधिष्ठात्री है, स्त्री के कोमल मन के भावों के साथ समानुभूति कर लेती हैं। महादेवी जी स्वाधीनता में ही नारी जीवन की सार्थकता खोजती है। वह गृहिणी व स्त्रियों से चाहरदीवारी से बाहर निकलकर संघर्ष में भाग लेने व अपने हितों के लिये दृढ़ता लाने की पक्षधर हैं । वह नारी को अबला नहीं सबला के रूप में देखना चाहती हैं। महादेवी वर्मा जी आर्थिक आत्म–निर्भरता को स्त्री जीवन के विकास का प्रथम सोपान मानती हैं क्योंकि मूल आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति क्षमता उसके आत्मसम्मान व आत्मविश्वास में वृद्धि करती है। इस सम्बन्ध में स्वयं महादेवी जी कहती हैं– 'जहाँघ तक सामाजिक प्राणी का सम्बन्ध है, स्त्री उतनी ही अधिकार सम्पन्न है, जितना पुरुष चाहे वह अपने अधिकारों का प्रयोग करे या न करे। स्त्री जीवन में आत्म–शक्ति संचार का सर्वोपरि कार्य महादेवी जी ने अपने साहित्य संसार के माध्यम से किया है। महादेवी जी का साहित्य स्त्री जीवन की दुर्दशा के प्रति गहरा असन्तोष किया है जो कि उनके व्यक्तित्व का एक अलग प्रखर रूप हमारे समक्ष लेकर आता है।घ इसी सन्दर्भ में कहा गया है कि 'महादेवी जी इस सन्दर्भ में भी विचार किया कि नारी विद्रोह क्यों करे और नारी विद्रोह का सरोकार क्या हो । ..... वे नारी की सार्थकता इसी में मानती हैं कि हम एक ही केन्द्र बिन्दु बनाकर संघर्ष न करें। वे इस बात पर विश्वासशील है कि ऐसा कोई त्याग बलिदान जिसका उद्‌गम नारीत्व न रहा हो, अतः केवल अधिकार पाने के लिये अपने आपको रूक्ष बना लेने की आवश्यकता नहीं जान पड़ती है।[6]

निस्सन्देह स्त्री को पूर्णता के साथ महादेवी वर्मा जी जानती थीं। नारी के कोमलतम पक्ष को चित्रित करती हुई उसकी महानता सिद्ध करती हैं । डॉ. विमलेश तेवतिया लिखती हैं– 'नारीत्व के उत्कर्ष–अपकर्ष उत्थान–पतन और दान–त्याग की चर्चा करते हुए महादेवी जी ने ऐतिहासिक परिवेश में सीता के त्याग, अग्नि–शुद्धि, पवित्रता आदि के उदाहरणों द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि संसार में महानता को अस्वीकार किया गया।'

स्त्री विमर्श को प्रायः प्रतिशोध पीड़ित के रूप में देखा जाता है, जिसे विद्रोहात्मक ही माना जाता है, लेकिन ऐसा नहीं है । महादेवी वर्मा केवल स्त्री जीवन की दुर्दशा सुधार की आवाज प्रतिशोधात्मकता से ग्रसित होकर नहीं उठाती हैं अपितु उनकी जीवन्तता बनाये रखने के लिए व आगे बढ़कर उन पर विचार विमर्श करती हैं, विश्लेषण करती हैं और परिवर्तन हेतु सार्थक प्रयास करती हैं । वह नारी जीवन की कोमलता जीवन की त्याग, तपस्या, समर्पण सद्‌गुणों को नष्ट करके संघर्ष नहीं करती। वे उनकी जीवन्तता बनाये रखने के लिए कर्तव्य व अधिकार मिश्रित जीवन हेतु प्रोत्साहित करती हैं। महादेवी जी का स्त्री चिन्तन अनुपमेय है जो विकृतता से अधिकार प्राप्ति नहीं अपितु सद्‌गुणों की साकारता हेतु स्त्री जीवन के सुधार हेतु प्रेरित करती है।

महोदवी वर्मा जी का साहित्यिक चिन्तन बहुआयामी है उनके साहित्य के दो पक्ष है एक काव्य पक्ष तो दूसरा गद्य पक्ष। अधिकांशतः उनके गद्य साहित्य में ही सामाजिक चिन्तन व भारतीय नारी चिन्तन दृष्टिगोचर होता है । भारतीय नारी जीवन पर जो प्रश्न चिह्न उन्होंने लगाये हैं वे द्वेषपूर्ण नहीं शालीनपरक हैं। उनके निबन्ध

युद्ध और नारी, नारीत्व का अभिशाप, आधुनिक नारी हिन्दू स्त्री का पत्नीत्व, स्त्री के अर्थ स्वातन्त्रय का प्रश्न आदि में नारी जीवन की मुखर अभिव्यक्ति हुई है। 'युद्ध और नारी' नामक निबन्ध में महादेवी जी ने नारी को अहिंसा प्रिय बताया व 'नारीत्व के अभिशाप' नामक निबन्ध में नारी के त्याग, बलिदान, समर्पण, दया, क्षमा जैसे गुणों को समाज ने उच्च दृष्टि से नहीं देखा अपितु उसे उसकी दुर्बलता माना है। महादेवी जी का नारी चिन्तन भी सामाजिक है, एकपक्षीय नहीं अपितु निष्पक्ष व तटस्थ है। वह नारी की समस्त विषमताओं के लिए पुरुषों को ही नहीं अपितु महिलाओं के अपने प्रति उदासीन व उपेक्षित दृष्टिकोण को भी समान रूप से दोषी मानती हैं। विश्वम्भर मानव के अनुसार– 'भारतीय नारी का मुख्य दोष महादेवी जी ने यह बतलाया है कि उसमें व्यक्तित्व का अभाव है, उसे न अपने स्थान का बोध है न अपने कर्त्तव्य का। जो लोग उसकी सहायता करना चाहते हैं वह उन्हीं का विरोध करती है।[8]

महादेवी जी का मानना है कि समाज की उचित गत्यात्मकता व सार्थकता हेतु नारी व पुरुष का स्वतन्त्र अस्तित्व व व्यक्तित्व होना आवश्यक है। नारी केवल पुरुष की छायामात्र व अनुगामिनी नहीं है, वह महिलाओं की अनुकरण प्रवृत्ति को भी उनकी दुर्दशा का प्रमुख कारण मानती है क्योंकि इससे सामाजिक गति शिथिल होती चली जाती है। यह प्रवृत्ति चिरकालीन दास्य प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है इसी तरह अनुचित सामाजिक बन्धन भी नारी को जकड़ते चले जाते हैं और ये बन्धन नारी के विकास में अवरोधक का कार्य करते हैं । डॉ. रामचन्द्र तिवारी जी ने इसी सन्दर्भ में लिखा है– 'महादेवी जी ने नारी को ही केन्द्र में रखकर समस्याओं पर दृष्टिपात किया है । इन निबन्धों में उनका भारतीय नारी के प्रति मन सहानुभूति से भरा हुआ है, उन सामाजिक तत्वों के प्रति वे क्षुब्ध हैं जो नारी के लिए 'श्रृंखला की कड़ियाँ' बन गये, महादेवी जी श्रृंखला की कड़ियों को काटकर फेंकने के लिए उद्‌बुद्ध करना चाहती हैं किन्तु यह भी चाहती है कि विद्रोहिणी नारी अपने नारीत्व के मूलभूत आधारों को भी सुरक्षित रखे।'[9]

निष्कर्ष –

महादेवी जी का नारी विषयक चिन्तन आज इक्कीसवीं सदी में भी प्रासंगिक है। आज नारी शिक्षित है। 'नारी विमर्श' की स्वतन्त्र धारा हिन्दी साहित्य में प्रवाहित हो रही है जो कहीं न कहीं नारी के स्वाभाविक गुणों पर चोट कर रही है किन्तु महादेवी जी का चिन्तन सामंजस्य पूर्ण है जो सभ्य सुसंस्कृत समाज के निर्माण पर भी बल देता है। महादेवी जी शिक्षित, सुसंस्कृत, कर्त्तव्ययुक्त, अधिकार पूर्ण, चेतनायुक्त नारी के सभी स्वरूपों को सकारात्मकता के साथ चित्रित करती है जो समाज को प्रगति की ओर अग्रसर करता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. 'साहित्यकार महादेवी' हर्ष नन्दिनी भाटिया, कन्दर्प प्रकाशन, नई दिल्ली प्रथम संस्करण 1984 पृष्ठ–संख्या–115 ।
2. 'महादेवी वर्मा' संकलन सम्पादक 'ए. अरविंदाक्षन' 'श्रृंखला की कड़ियाँ', 'मुक्ति की राहें' लेखक मैनेजर पाण्डेय, आनन्त प्रकाशन, कोलकाता, प्रथम संस्करण – 2009 पृष्ठ संख्या –90 ।
3. 'महादेवी वर्मा कवि और गद्यकार' लेखक लक्ष्मण दत्त गौतम, कोणार्क प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, जुलाई, 1972, पृष्ठ संख्या – 137 ।
4. 'महादेवी काव्य के विविध आयाम', लेखक असीम मधुपुरी, चन्द्रलोक प्रकाशन, किदवई नगर कानपुर, प्रथम संस्करण, 1990 पृष्ठ संख्या–51 ।
5. 'महादेवी वर्मा व्यक्तित्व और कृतित्व', सम्पादक व्यासमणि त्रिपाठी, 'स्त्री कल्पना और महादेवी', लेखक डॉ. परमानन्द श्रीवास्तव, साक्षी प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण 2008, पृष्ठ संख्या–63 ।
6. 'महादेवी वर्मा व्यक्तित्व और कृतित्व', सम्पादक व्यासमणि त्रिपाठी, महादेवी वर्मा का स्त्री चिन्तन और समकालीन स्त्री विमर्श, लेखक डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, साक्षी प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण– 2008, पृष्ठ संख्या–95 ।
7. 'महादेवी वर्मा व्यक्तित्व और कृतित्व', डॉ. विमलेश तेवतिया, अमर प्रकाशन, मथुरा, प्रथम संस्करण– 2008, पृष्ठ संख्या–207 ।
8. 'हिन्दी साहित्य का सर्वेक्षण', सम्पादक विश्वम्भरनाथ मानव, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण– 1977, पृष्ठ संख्या – 155 ।
9. 'हिन्दी का गद्य साहित्य', सम्पादक रामचन्द्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, पुर्नसंस्करण– 1999, पृष्ठ संख्या – 630 ।

ISSN : 2394-4366

Received: 26 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

वर्तमान राजनीति के परिप्रेक्ष्य में 'महाभोज' उपन्यास की प्रासंगिकता

– सुमन कुशवाहा
प्रधानाध्यापिका,
प्राथमिक विद्यालय, भगवानपुर, नेवादा,
कौशाम्बी–212214 (उत्तर प्रदेश)

– ऋषभ त्रिवेदी
सहायक अध्यापक,
उच्च प्राथमिक विद्यालय, बिबौली,
भरथना, इटावा–206001 (उ.प्र.)

– श्वेता चतुर्वेदी
सहायक अध्यापक,
उच्च प्राथमिक विद्यालय, कल्याणपुर
महानपुर, बढ़पुरा, इटावा–206001
(उत्तर प्रदेश)

सारांश

मन्नू जी की रचनाएँ मौजूदा राजनीति का प्रामाणिक दस्तावेज हैं। महाभोज में गरीबों के लिए लड़ने वाले बिसू को मार डाला गया। मुख्यमंत्री तक ने मिलकर हत्या को आत्महत्या घोषित कर दिया। मध्यावधि चुनाव होने वाला था, तो चुनाव में सत्ताधारी पार्टी पर कीचड़ उछालने के लिए विरोधी पार्टी के लिए बेचारे बिसू की लाश एक हथियार थी। राजनीतिज्ञों की उँगली पर नाचने वाले पत्रकार एवं समाचार–पत्र निःस्सहाय लोगों की हालत को छिपाते हैं और लाभ प्राप्त कर लेते हैं। मन्नू जी ने कुत्सित राजनीति के अनेक घटकों का वर्णन प्रस्तुत किया है। एक नारी लेखिका के द्वारा समाज में होने वाली भ्रष्टता एवं राजनीति व्यवस्था की यथार्थता का पर्दाफाश करने का प्रयास महत्त्वपूर्ण है। 'महाभोज' में मन्नू जी ने अपने व्यक्तिवादी जीवन–दर्शन को त्यागकर बृहत् समाज और देश की ओर ध्यान आकर्षित किया है और राजनीति का घृणित स्वरूप स्पष्ट किया है कि आज कहीं भी मानव मूल्यों और मानव जीवन के लिए कोई महत्त्व नहीं रह गया है।

स्वाधीनता प्राप्ति के लिए अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति के हेतु भारत की समग्र जनता एक जुट होकर देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ती रही। कारण यही था कि स्वतंत्रता मिलते ही हमारे देश में रामराज्य स्थापित होगा। कोई भूखा, पीड़ित नहीं रहेगा। कोई उपेक्षित नहीं होगा, क्योंकि देश का शासन हमारे देश के नेताओं के हाथ में होगा। किन्तु जैसा सोचा था उससे उल्टा चित्र देखने को मिला। स्वतंत्रता जादुई लकड़ी सिद्ध हुई। महात्मा गाँधी, विनोबा भावे, जय प्रकाश नारायण आदि के सर्वोदय भावना के स्वप्न, आजादी मिलते ही धुँधले होते नजर आने लगे। सभी राजकीय नेताओं को अपनी स्वार्थांधता महत्त्वपूर्ण लगी और अपने–अपने स्वार्थ, भाई–भतीजावाद, अवसरवादी राजनीतिक शक्तियों ने मनुष्य के स्वतंत्रता के स्वप्नों को हड़पकर उसे अपाहिज बना दिया। देश की जनता मानो एक अँधेरी सुरंग में से निकलकर दूसरी अँधेरी सुरंग के मुहाने पर खड़ी कर दी गई। जिसे कहीं रास्ता नहीं मिल रहा था, कहाँ जाये। कुर्सी प्राप्त करना ही लोगों का उद्देश्य बन गया, परिणामतः शासन व्यवस्था और आर्थिक स्थिति विघटित होती जा रही थी, मानवमूल्य खंडित होते रहे, जिसने साहित्यकार की चेतना को भी प्रभावित किया। राजनैतिक जीवन की भ्रष्टता का प्रभाव पारिवारिक जीवन पर भी पड़ा। बेरोजगारी और महँगाई ने साधारण लोगों के जीवन को दूभर बनाया। आम जनता का स्वतंत्रता स्वप्न टूटता हुआ, हताशा,

निराशा के भँवर में डूबता रहा। भ्रष्ट राजनैतिक व्यवस्था के कारण सरकार की प्रायः सभी योजनाएँ कागजों में बनती, बिगड़ती रही हैं। हमारी स्वातंत्र्योत्तर राजनैतिक परिस्थिति का यही विशिष्ट चित्र देखने को मिला।

आधुनिक हिन्दी साहित्य में श्रीमती मन्नू भंडारी ने शिल्पगत नवीनता, कथ्यगत विभिन्नता के कारण पाठक गण को उनकी रचनाएँ आकर्षित करती रही हैं। मन्नू जी ने केवल लेखिकाओं में ही नहीं, बल्कि समग्र हिन्दी कथा साहित्य से अलग हटकर अपनी पहचान कायम की है। इसका श्रेय उनके सशक्त लेखन और प्रामाणिक अनुभवों को दिया जा सकता है, मन्नू जी का रचना–संसार कहानी, उपन्यास, नाटक आदि में व्याप्त है। उनके साहित्य का केवल हिन्दी में नहीं, भारतीय भाषाओं में और विदेशी भाषाओं में भी अनुवाद हो चुका है। स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यासकारों में मन्नू भंडारी का विशेष स्थान है। उपन्यास विधा सशक्त है, जो जीवन यथार्थ के प्रश्नों और विकट समस्याओं से साक्षात् कराता, मानवीय जीवन को आगे बढ़ाता है।

मन्नू भंडारी का 1979 में प्रकाशित महत्त्वपूर्ण राजनीतिक उपन्यास, 'महाभोज' के परिप्रेक्ष्य में जो वर्तमान राजनीति का यथार्थ चित्र उभारने में एक सफल रचना मानी जाती है। आपातकालीन स्थिति के बाद देश की बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियाँ और तत्कालीन शासन का चित्रण प्रस्तुत उपन्यास में हुआ है। किन्तु ये कहा जा सकता है कि समसामयिक स्थिति में भी हमारे देश की राजनीति का रूप कुछ बदला नहीं है, बल्कि 'महाभोज' की तरह और अधिक कलुषित होता हुआ दिखाई देता है। ये उपन्यास हिन्दी उपन्यास धारा में नए मोड़ की तरह भिन्न है।

स्वाधीनता भारत की एक दलीय राजनीति, चुनावों के लिए अपनाए जाने वाले हथकंडे, अपराधी तत्त्वों का राजनीति में प्रवेश, पुलिस की स्वार्थपरक दृष्टि, बुद्धिजीवियों की तटस्थता और पत्रकारों की अवसरवादिता इन सारे बिन्दुओं के माध्यम से 'महाभोज' उपन्यास की कथावस्तु गठित हुई है। जो वर्तमान समय में भी उतनी ही प्रासंगिक है। मन्नू भंडारी ने 'महाभोज' उपन्यास के संदर्भ में 'आत्मकथ्य' में बताया है कि 'हमारे चारों ओर एक बौ(कि और लेखकीय उदासीनता के बीच इसे एक निर्भीक और इमानदार प्रतिरोध के रूप में देखा जा सकता है– देखा जाना चाहिए।'

राजनैतिक क्षेत्र में आदर्शों का खोखलापन, परिवेश से आज का व्यक्ति अधिक असंतुष्ट, हताश और निराश होता जा रहा है। आज के राजनेता मात्र कुर्सी के लिए चिंतित हैं, जन कल्याण, सर्वोदय जैसी भावनाएँ कब की दफ़न हो चुकी हैं, जब से महात्मा गाँधी इस दुनिया से विदा हुए, किन्तु अपने नाम का प्रमाण–पत्र तो छोड़ते हुए गए, जो हमारे नेता आज भी सत्य प्रमाणित करके इस्तेमाल कर रहे हैं। भ्रष्टाचार की सीमा इतनी लाँघ गई है कि सारे नैतिक मूल्य नष्ट हो गए हैं। जनवाद और लोकतंत्र की व्याख्याएँ बदल गई हैं, राजनैतिक क्षेत्र में धन तथा पद की लालसा ने ही भ्रष्टाचार को पनपाया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी कम रही है, उस समय 33 प्रतिशत आरक्षण की बात भी नहीं थी, किन्तु राजनीति के क्षेत्र में घटित होने वाली भ्रष्टनीतियों का यथार्थ चित्र एक महिला लेखिका कैसे सच्चाई के साथ उद्घाटित कर सकती है, इसका उत्तर तो कमल कुमार ने 'समकालीन महिला उपन्यासकारों के उपन्यासों का परिवेश' लेख में ठीक से दिया है है कि 'मन्नू भंडारी का 'महाभोज' राजनीतिक उपन्यास है। राजनीतिक यथार्थ के विविध रंगों की प्रस्तुति से सम्बद्ध है जो इस बात का प्रमाण है कि स्त्री का प्रत्यक्ष सम्बन्ध राजनीति से न हो, बाहर भ्रष्ट व्यवस्था, पुलिस के गुण्डेपन, सत्ता की निरंकुशता, जनता के प्रतिनिधि और रक्षक, पर वही भक्षक हैं, चुनाव वोट व कुर्सी की राजनीति, सत्ता बनाए रखने के हथकंडे इत्यादि का इतना सशक्त चित्रण, लेखिका की जबर्दस्त निरीक्षण शक्ति, परकाया प्रवेश की प्रतिभा के कारण ही संभव हुए हैं।'[1]

जिसका प्रमाण हमें 'महाभोज' उपन्यास का आकलन करने से पता चलता है। सरोहा नामक गाँव में आम चुनाव के कुछ ही दिन पहले बिसेसर, बिसूद्ध नामक युवक की हत्या की जाती है। अभागे बिसेसर को मुख्यमंत्री और परम सत्यवादी 'दा' साहब के मुँह लगे गुंडे जोरावर सिंह ने जहर देकर मरवा दिया था। किन्तु इस हत्या को आत्महत्या में परिवर्तित करके सफेद झूठ को सत्य में बदलने वाली राजनीति के यथार्थ को समाज के सामने रखने में मन्नू जी सफल हुई हैं। प्रस्तुत उपन्यास के 'दा' साहब मुख्यमंत्री हैं, सुकुल बाबू संपादक हैं, त्रिलोचन शिक्षामंत्री हैं। 'महाभोज' उपन्यास में मन्नू जी ने कई प्रश्न उपस्थित किये हैं। मनुष्य की यातना, त्रासदी, मृत्यु सिर्फ राजनीतिक दाँव–पेचों के लिए क्या आम आदमी की नियति सिर्फ इस्तेमाल होने या अलग खड़े होकर देखते रहने के लिए ही रह गई है? राजनीति क्या मात्र राज जमाने की निहायत घटिया और तिकड़म वाली रह गई है? मनुष्य सिर्फ तटस्थ दर्शक या शिकार ही बना

रहता है या उलटकर कभी विरोध भी करता है? निस्संदेह 'महाभोज' की सम्पूर्ण कथा समकालीन राजनीतिक परिवेश पर आधारित है। बेकसूर बिसेसर की मौत राजनीति के अखाड़े में खेलने वालों के लिए मानो गिद्धों के लिए महाभोज का जुगाड़ कर गई और उसके मानवीय दुःख दर्द का पक्ष–करुणा, ममता आदि भावनाएँ इन राजनीतिक गिद्धों के लिए उच्छिष्ट, वर्जनीय मात्र बनकर रह गईं।

आज 60 वर्ष के बाद भी क्षेत्र में सुधार के बजाय और अधिक कलुषित होती हुई राजनीति विकराल रूप धारण करती जा रही है। मन्नू जी ने आज की राजनीति पर तीखा व्यंग्य कसा है। आज कल राजनीति में इतना बदलाव आ गया है कि वह अमानवीय, घृणित और हृदयहीन होती जा रही है। आम जनता की पीड़ा, यातना, कष्टों से उसका कोई वास्ता ही नहीं। मन्नू जी ने ठीक ही कहा है– 'आज की राजनीति सिर्फ वोट की राजनीति है, सभी लोग पैसा और पद ही चाहते हैं, देश की उन्नति पर कोई ध्यान नहीं देता है।'[2]

राजनैतिक विकृति का सबसे बड़ा कारण अपनी स्वार्थपूर्ति है। अगर स्वतंत्रता के पहले की जो कल्पना थी, सभी को स्वतंत्रता, सुख, अमन–चैन मिलेगा वह सब बातें यथार्थ रूप से देश की उन्नति पर ध्यान दिया जाता तो छोटी–सी झोपड़ी में भी चिराग जलते हुए नजर आते, पर कहाँ है सब संभव। आज नेता का कार्य केवल अपना हित, अपने आदमियों को लाभ पहुँचाना है, आज राजनीति और अपराध सिक्के के दो पहलू हो गये हैं। अपराधियों को सहारा देने का स्थान हो गया है। इस तरह की तथा कथित राजनीति के बारे में कमलेश्वर ने उपयुक्त ही लिखा है– 'सौ फीसदी यही लगता है जनतंत्र के नाम पर देश में मजाक चल रहा है, उसने नई पीढ़ी को सबसे अधिक विस्तृत किया। इस निहायत व्यावहारिक तरीके से चलने वाले जनतंत्र ने पूरे देश को भीड़ में बदल दिया। भविष्य की जगह शून्यता, जनतंत्र की जगह भीड़, समाजवाद की जगह स्वार्थवाद और समवर्ती राष्ट्रीय दिशा की जगह भयानक निरुद्देश्यता यही वर्तमान दुनिया की विडम्बना है।'[3]

इस प्रकार की राजनीति के संदर्भ में सामान्य जनता की व्यथा, दुःख, पीड़ा की मन्नू जी ने 'महाभोज' उपन्यास में बोलती तस्वीर खींची है। प्रस्तुत उपन्यास में आज के हमारे प्रिय नेता सिद्धान्त और आदर्श की बातें किस तरह करते हैं और समय आने पर कैसे मुकर जाने में हिचकते भी नहीं, जिसकी असलियत का पर्दाफाश किया है। उपन्यास का पात्र मुख्यमंत्री दा साहब बात–बात में गाँधीजी तथा 'गीता' के उदाहरण देते हैं। जैसे– 'मेरे लिए राजनीति धर्मनीति से कम नहीं। इस राह पर मेरे साथ चलना है तो 'गीता' का उपदेश गाँठ बांध लो–निष्ठा से अपना कर्तव्य किए जाओ, बस! फल पर दृष्टि मत रखो।'[4] किन्तु इस संवाद में कितना तथ्य है आज के परिप्रेक्ष्य में देश का हर कोई नागरिक सजग है। चाहे कोर्ट हो, राजनीति हो सब जगह 'महात्मा गाँधी', 'गीता' की ब्रान्ड पर नकलीपन बिकता है, जैसे आज कल बाजार में प्रोडक्ट और सब चीजें बिकती हैं ब्रान्ड के नाम पर।

दा साहब जैसे व्यक्ति स्वार्थ को ही सर्वोपरि मानते हैं। उनकी सरकार शोषित जनों का पक्ष लेने के बजाय अत्याचारियों का पक्ष लेती है। कुर्सी की सुरक्षा के लिए असंतुष्टों को पक्ष में मिलाने के लिए आज भी संसद में रुपयों की संदूकों का व्यवहार चलता है। दा साहब भी ऐसा ही करते हैं। वे मृत बिसू के पिता हीरा के हाथों घरेलू योजनाओं का उद्घाटन करवाते हैं और सांत्वना प्रदान करते हैं। अखबार, मीडिया से सम्बद्ध 'मशाल' के संपादक दत्ता बाबू को अनधिकार मुक्त हाथों से विज्ञापन दे देते हैं। सरोहा गाँव के जमींदार बिसू के हत्यारे जोरावर सिंह को संरक्षण दे देते हैं। आज की स्थिति में भी यही बातें हो रही हैं। सभी नेता स्वार्थपूर्ति के लिए ही सोचते हैं और आपस में चर्चा भी करते हैं। चाहे सत्ता पक्ष हो या विरोधी पक्ष नेता सुकुल बाबू हों या कोई और हो। आज की वर्तमान राजनीति की असलियत के बारे में स्वयं दा साहब कहते हैं– 'कुर्सी पर बैठना है तो जनता में फूट डालो, कुर्सी बचानी है तो जनता में फूट डालो। जनता की एकता कुर्सी के लिए सबसे बड़ा खतरा है।'[5]

अंग्रेजों की दोगली नीति, 'फूट डालो राज करो' वाली परम्परा को हमारे आज के नेताओं ने बरकरार रखी है, जो शायद गुरुमंत्र के रूप में स्वीकार किया है। वास्तव में जो गुरुमंत्र देश के विकास, उन्नति, गरीबों का उत्थान, समानाधिकार आदि जनता को जो स्वप्न महात्मा गाँधी आदि नेताओं ने दिखाये थे, वह विलग हो गये हैं।

राजनीति की परिभाषा 'महाभोज' के मुख्यमंत्री दा साहब ऐसे देते हैं– 'आवेश राजनीति का दुश्मन है। राजनीति में विवेक चाहिए। विवेक और धीरज'[6], आज की राजनीति गुंडागर्दी के निकट चली गई है। जिस देश को स्वर्ग की भूमि, देवताओं की भूमि, संस्कृति और प्रकृति से भरा सिरमौर माना जाता है, जहाँ देवतुल्य राजनेताओं की

उज्ज्वल परम्परा रही हो, उस देश में राजनीति का ऐसा पतन कल्पना और सोच के परे है। किन्तु यथार्थ स्थिति 'महाभोज' उपन्यास की तरह है? उसमें दो मत नहीं हो सकते, सभी लोग जानते भी हैं, किन्तु राजनीति में सब चलता है।

मन्नू जी ने अपनी गहन दृष्टि से उच्च स्तर में फैले हुए भृष्टाचार, घूसखोरी आदि बुराइयों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए राजनैतिक पतन का स्पष्ट प्रमाण 'महाभोज' उपन्यास में प्रस्तुत किया है। आजकल राजनीति ऐसी भ्रष्ट हो गई है कि वह अन्याय और न्याय संगत माँग के कुचले जाने से प्रभावित नहीं होती। वहाँ भी बेबस, व्यक्ति की आकांक्षाएँ ही कुचली जाती हैं। उसकी आकांक्षाएँ लावारिस लाश की तरह हैं, वह तो गिद्धों जैसे राजनीतिज्ञों के लिए 'महाभोज' का आनन्द ही प्रदान करता है।

धर्म में सदाचरण, सच्चरित्रता एवं जीवन मूल्यों का प्रमुख स्थान है। किन्तु आज की राजनीति में प्रवेश करना सत्ता, स्वार्थ का बड़ा लक्ष्य बन गया है। इसलिए आज का नेता कुछ भी करने को तैयार है। मंत्री पद ग्रहण करते समय 'गीता' पर हाथ रखकर शपथ ग्रहण करें या 'बाइबिल' पर, क्योंकि देने वाले, लेने वाले, सुनने वाले सभी विज्ञ हैं कि जो कुछ भी कहेंगे, करेंगे, वह झूठ, स्वार्थ, सत्ता, अवसरवादिता, अप्रामाणिकता के अलावा कुछ भी नहीं करेंगे और ये जाना हुआ सफेद झूठ है। आज के राजनीतिज्ञ केवल वक्तव्य देने में माहिर हैं। राजनीति के गन्दलेपन में उसके पास कोई सिद्धान्त नहीं, आज वह किसी एक घटक का सदस्य है तो कल दूसरे का। राजनीति भी उत्तर आधुनिकता और भूमंडलीकरण से प्रभावित हो गई है। अब उसमें उदात्तता, श्रेष्ठता जैसी बातें नहीं हैं, यह ऐसी विचारधारा है जो इतिहास की चेतना, परम्परा को नकारती है। आज हमारे नेताओं ने भी हमारी राजनीति की सच्ची धरोहर को नकार दिया है। दूसरी बात भूमण्डलीकरण, विश्वग्राम के इस बाजारवाद ने और उसके भोगवाद ने आदमी को निहायत खुदगर्ज, लोभी, संवेदन शून्य बना दिया, जिसका माल अच्छा उसके प्रति आकर्षित हो जाना बाजारवाद का सिद्धान्त है।

आज राजनीतिज्ञ जन–प्रतिनिधि जनता के सेवक कहे जाने वाले जनता की पहुँच से बहुत दूर हो चुके हैं। सत्ता पर आने के बाद लोगों से क्यों डरते हैं? या अपनी सुविधाओं को बटोरने की व्यस्तता है? डर तो उसको रहता है जो दोषी व्यक्ति है, जिसने गुनाह किया है। आज आदर्श नेता की कल्पना करना असंभव सा हो गया है। महाभोज में भ्रष्ट राजनीति की असलियत दिखाना ही मन्नू जी का लक्ष्य रहा है, किन्तु त्रिलोचन, एस.पी. सक्सेना जैसे आज भी समाज–देश में सीधे–साधे, न्याय चाहने वाले आदर्शवान पात्रों का चित्रण भी किया है। किन्तु आदर्शवान और चरित्रवान नेता आज बहुत कम रह गये हैं, ''बहुमत नहीं है तो कुछ कर पाना मुश्किल है। भ्रष्टाचार के महासागर में छोटी सी नदी की तरह यों ही बह जाते हैं, विलीन हो जाते हैं। हत्या को आत्महत्या, झूठ को सत्य और सत्य को झूठ सिद्ध करने वाली कलुषित राजनीति के घिनौने करतब महाभोज उपन्यास में अंकित हुए हैं। इससे हम यथार्थ चित्रण का अनुमान कर सकते हैं। मन्नू जी की रचनाएँ मौजूदा राजनीति का प्रामाणिक दस्तावेज हैं। महाभोज में गरीबों के लिए लड़ने वाले बिसू को मार डाला गया। मुख्यमंत्री तक ने मिलकर हत्या को आत्महत्या घोषित कर दिया। मध्यावधि चुनाव होने वाला था, तो चुनाव में सत्ताधारी पार्टी पर कीचड़ उछालने के लिए विरोधी पार्टी के लिए बेचारे बिसू की लाश एक हथियार थी। राजनीतिज्ञों की उँगली पर नाचने वाले पत्रकार एवं समाचार–पत्र निःस्सहाय लोगों की हालत को छिपाते हैं और लाभ प्राप्त कर लेते हैं। मन्नू जी ने कुत्सित राजनीति के अनेक घटकों का वर्णन प्रस्तुत किया है। एक नारी लेखिका के द्वारा समाज में होने वाली भ्रष्टता एवं राजनीति व्यवस्था की यथार्थता का पर्दाफाश करने का प्रयास महत्त्वपूर्ण है। 'महाभोज' में मन्नू जी ने अपने व्यक्तिवादी जीवन–दर्शन को त्यागकर बृहत् समाज और देश की ओर ध्यान आकर्षित किया है और राजनीति का घृणित स्वरूप स्पष्ट किया है कि आज कहीं भी मानव मूल्यों और मानव जीवन के लिए कोई महत्त्व नहीं रह गया है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. वही, पृष्ठ संख्या–33।
2. वही, पृष्ठ संख्या– 84।
3. नई कहानी की भूमिका, कमलेश्वर, पृष्ठ संख्या– 94।
4. महाभोज, मन्नू भंडारी, पृष्ठ संख्या– 21।
5. वही, पृष्ठ संख्या– 68।
6. वही, पृष्ठ संख्या– 15।

ISSN : 2394-4366

Received: 27 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

हिन्दी भाषा के प्रति श्रेष्ठतम साहित्यकारों का योगदान

– डॉ. गीता दुबे
सहायक आचार्य – हिन्दी विभाग,
ब्रह्मावर्त (पी.जी.) कालेज,
मंधना, कानपुर – 209217
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
dr.dubey74geeta@gmail.com

शोध सार

भाषा एक प्रकार का साधन है जिसके द्वारा हम अपने विचारों को एक दूसरे के सामने व्यक्त करते हैं तथा अन्य लोगों के विचारों को स्पष्टता से समझते हैं।

प्रोफेसर गुडे कहते हैं– ''भाषा हमारी विचारों एवं मनोभावों में उन चिन्हों का पूर्ण योग है जिसके द्वारा हम अपने बाह्य विचार प्रकट किया करते हैं तथा इच्छानुसार विचारों एवं भावों को एक बार प्रकट करके उनकी पुनरावृत्ति कर सकते हैं।''

व्यक्तित्व का जुड़ाव किसी भाषा द्वारा ही संभव है। यदि भाषा नहीं है तो कोई भी व्यक्ति एक दूसरे से जुड़ नहीं सकता है। यह भाषा की ही विशेषताएं हैं कि शताब्दियों से लिखा गया चिंतन आज विरासत की तरह से हमें मार्गदर्शन दे रहा है। भाषा सामाजिक व्यवहारों पर निर्भर करती है। इसलिए इसमें बोलने वाले समूहों की जातिगत विविधता और उनकी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पाई जाती है।

भाषा का प्रारूप –

हमारी भाषा ऐसी सामर्थ्यवान है कि इसे निम्न प्रारूप में देखा जा सकता है–

अभिव्यक्ति की भाषा, सम्पर्क भाषा, राज्य भाषा, राष्ट्रभाषा, टंकण और मुद्रण की भाषा, संचार की भाषा, कम्प्यूटर की भाषा का सफर तय करते हुए हमारी अस्मिता को विश्व में विशाल धरातल पर सुशोभित कर रहा है।

भाषा ही एक ऐसा आधार है जिससे सामान्य जनजीवन सदा से प्रवाहित होता रहा है। भाषा एक व्यवस्था है, गतिशील इकाई है, बोली है और सामाजिक इकाई भी है। एक भाषा की प्रणाली के भीतर भाषाई स्तर अलग–अलग होते हैं। ध्वन्यात्मक स्तर सबसे बुनियादी है भाषा। वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य, बोलकर, सुनकर, लिखकर व पढ़कर अपने मन के भाव या विचारों का आदान–प्रदान करता है।

हिन्दी भाषा में अंग्रेजी का महत्त्व–

अंग्रेजी भाषा का हिन्दी भाषा पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय में डॉक्टर गिरिजा प्रसाद माथुर जी लिखते हैं–

'' उच्च वर्ग की प्रिय अंग्रेज़ी, हिन्दी जन की बोली है।
वर्ग भेद को खत्म करेगी, हिन्दी वह हमजोली है।
सागर में मिलती धाराएं, हिन्दी सबकी संगम है।
शब्द, नाद, लिपि से भी आगे, एक भरोसा अनुपम है।

गंगा कावेरी की धारा, साथ मिलाती हिन्दी है।
पूरब–पश्चिम/कमल–पंखुरी, सेतु बनाती हिन्दी है।।''

वर्तमान परिशिष्ट को दृष्टिगत रखते हुए यह कहा जा सकता है हिन्दी अंग्रेजी भाषा पूरक है।

हिन्दी भाषा के महत्त्व को श्री अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध जी लिखते हैं–

''पड़ने लगती है पीयूष की सिर पर धारा
रुचिर हो जाता है ज्योतिमय लोचन तारा
वर विनोद की लहर हृदय में है लहराती
कुछ बिजली सी दौड़ सब नसों में है जाती
आते ही मुख पर अति सुखद
जिसका पावन नाम ही
इक्कीस कोटि जन पूजिता
हिन्दी भाषा है वही
जिसने जग में जन्म दिया औ पोसा, पाला
जिसने यक यक लहू बूँद में जीवन डाला
उस माता के सुचिमुख से जो भाषा सीखी
उसके उर से लग जिसकी मधुराई चीखी।
जिसके तुतला कर कथन से –
सुधा धार घर में बही
क्या उस भाषा का मोह कुछ
हम लोगों को है नहीं ।। ''

भाषा संरचना के अन्तर्गत भाषा के प्रमुख चार अंग होते हैं– ध्वनि, रूप, शब्द, वाक्य तथा अर्थ

भाषा की विशेषताएं–

हिन्दी भाषा भारत का वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य बोलकर, सुनकर, लिखकर अथवा पढ़कर अपने मन के भाव या विचारों का आदान प्रदान करता है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है– जिसके द्वारा हम अपने भावों को लिखित अथवा कथित रूप से दूसरे को समझा सकें और दूसरे के भावों को समझ सकें उसे भाषा कहते हैं। सार्थक शब्दों के समूह या संकेत को भाषा कहा जाता है।

भाषा के गुण –

भाषा सामाजिक वस्तु है।
भाषा सर्व व्यापक है।
भाषा अर्जित वस्तु है।
भाषा का अर्जन अनुकरण द्वारा संभव है।
भाषा का प्रवाह अविच्छिन्न है। भाषा मानव विचारों की वाहक और अभिव्यक्ति का माध्यम है। भाषा व्यापार द्वारा अर्जित किया जाता है।
भाषा सहज और नैसर्गिक क्रिया है।
प्रत्येक भाषा का ढाँचा स्वतंत्र होता है।
भाषा लिखित और मौखिक दोनों प्रकार की होती है।

हिन्दी भाषा की व्यापकता–

हिन्दी भाषा की व्यापकता को गोपाल सिंह नेपाली ने कुछ इस प्रकार अपने शब्दों में काव्य के माध्यम से व्यक्त किया है–

''दो वर्तमान का सत्य सरल
सुन्दर भविष्य के सपने दो
हिन्दी है भारत की बोली
तो अपने आप पनपने दो
यह दुखड़ों का जंजाल नहीं
लाखों मुखड़ों की भाषा है
थी अमर शहीदों की आशा
अब जिन्दों की अभिलाषा है
मेवा है इसकी सेवा में,
नयनों कों कभी न झपने दो
हिन्दी है भारत की बोली
तो अपने आप पनपने दो।''

हिन्दी भाषा का अपनापन–

हिन्दी भाषा में अपनत्व की भावना होती है जो हृदय से हृदय तक पहुँचाने की क्षमता रखती है।

श्री केदारनाथ सिंह जी 'अकाल में सारस' प्रसिद्ध कविता–संग्रह में ' मातृ भाशा' शीर्शक कविता में लिखते हैं–

'' जैसे चीटियाँ लौटती हैं
बिलों में
कठफोड़वा रिटर्न करता
काठ के पास
वायुयान लौटते हैं एक के बाद एक
रेड स्काई में डैने पसारे हुए हवाई अड्डे की ओर
ओ मेरी भाषा मैं लौटाता हूँ तुम में
जब चुप रहो–रहते अकड़ जाती है मेरी जीभ
उदास लगता है
मेरी आत्मा। ''

हिन्दी भाषा की उन्नति–

चौमुखी उन्नति तभी सम्भव है जब हिन्दी भाषा

की उन्नति सतत रूप से चलती रहे। बिना हिन्दी भाषा की उन्नति के भारत देश की उन्नति की कल्पना कपोल होगी।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जी लिखते हैं–

'' निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे न हिय को सूल।।
अंग्रेजी पढ़ि के जदपि सब गुन होत प्रवीन।
पै निज भाषा ज्ञान बिन, रहत हीन के हीन।।
उन्नति पूरी है तबहिं जब घर उन्नति होय।
निज शरीर उन्नति किए रहत मूढ सब कोय।।''

वैश्वीकरण तभी सम्भव है जब हिन्दी भाषा हमारे हृदय में हमारे भारत देश में प्रत्येक जन जन के मध्य अपना तीव्र प्रवाह बनाए रखेगी। अन्यथा इस देश का उत्थान संभव नहीं है। विदेशी भाषा हमें तत्कालीन लाभ दे सकती है, लेकिन अनन्त काल तक नहीं इसलिए आवश्यक है हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार और अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

हिन्दी भाषा का वर्तमान इतिहास–

डॉ. मंजू ताम्रकार के अध्ययन के अनुसार भारत की अधिकांश जनसंख्या की राष्ट्रीय भाषा हिन्दी ही थी, जिसे 14 सितम्बर, 1949 को देश की राजभाषा बनाने हेतु अनुच्छेद स्वीकार किए गए थे। यह सर्वविदित है, आज जिसे हम मानक हिन्दी कहते हैं वह खड़ी बोली का विकसित रूप है। इसे कौरवी भी कहा जाता है। दिल्ली मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद के पूर्वी भागों में आज भी अपने मूल रूप से यह भाषा बोली जाती है। इसीलिए इसे ''हिन्द का तोता'' भी कहा जाता है–

''एक थाल मोती से भरा
सबके सिर पर औंधा धरा
चारों ओर यह थाली फिरे
मोती उनके एक न गिरे।''

12वीं शताब्दी में सर्वप्रथम अमीर खुसरो ने हिन्दी की इस खड़ी बोली में काव्य रचना की थी इसीलिए इसे ''हिन्द का तोता '' भी कहा जाता है।

खड़ी बोली हिन्दी उर्दू और हिन्दुस्तानी का आधार है। हिन्दी शब्द का आरम्भिक प्रयोग पंडित विष्णु शर्मा की पुस्तक पंचतंत्र की भाषा के लिए हुआ था यह पुस्तक संस्कृत में लिखी गई थी। पर इसका अनुवाद प्राचीन ईरानी में किया गया था। पुस्तक की भूमिका में लिखा था यह अनुवाद जबाने हिन्दी से किया गया है। इस तरह जबाने हिन्दी ही हिन्दी भाषा बनी। हिन्दी उर्दू और हिन्दुस्तानी का मूल आधार खड़ी बोली ही है।

जब संस्कृत के तत्सम शब्दों के साथ प्रयुक्त हुई तो हिन्दी कहलाई और अरबी भारतीय शब्दों के साथ बोली गई तो उर्दू कहलाई। इस तरह हिन्दी और उर्दू एक ही माँ की दो संतान हैं। हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार में हिन्दीभाषी भारतीय और अंग्रेजों का विशेष योगदान भी रहा है। सन् 1800 में कोलकाता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना करने वाले एक अंग्रेज प्रोफेसर ग्रिल क्राइस्ट थे, उस समय अंग्रेज अफसरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था थी। इस प्रशिक्षण में भारतीय भाषाओं की जानकारी भी शामिल थी। जिसे पढ़ाने के लिए श्री रामप्रसाद निरंजनी, श्री लल्लूलाल और श्री सदल मिश्र को नियुक्त किया गया, जिन्होंने सर्वप्रथम हिन्दी गद्य में पुस्तकें भी लिखी थीं। अंग्रेजों के द्वारा शुद्ध व्यवसायिक मुनाफे के लिए बिछाए गए रेलों के जाल से भी दूरगामी लाभ मिले पहले से ही हिन्दी देश के बड़े भू–भाग की भाषा थी। रेल और यातायात के साधनों ने इसे फैलाने में मदद की हिन्दी की राष्ट्रीय भूमिका को गैर हिन्दी प्रदेशों के भारतीय नेताओं जैसे– श्री तिलक जी, गाँधी जी, सुभाष चन्द्र बोस जी जैसे नेताओं ने पहचाना। सन् 1875 में स्वामी दयानन्द ने अपना प्रसिद्ध ग्रन्थ '' सत्यार्थ प्रकाश '' हिन्दी में लिखा– एंग्लोवैदिक कॉलेज में छात्रों के लिए हिन्दी पढ़ना अनिवार्य था। इस प्रकार हिन्दी अपने बूते सम्पर्क भाषा बनी। कश्मीर से कन्याकुमारी तक कोलकाता से कच्छ तक के भूभाग के लोगों को आपस में जोड़ती थी। इस विस्तार में हिन्दी के अनेक रूप रंग मिलते हैं–

भाषा के लिए कहा गया है–

''चार कोस में पानी बदले
आठ कोस में बानी
हिन्दुस्तान की यही कहानी।''

परिवर्तन सृष्टि का नियम है जहाँ परिवर्तन है, वहीं पर गति होती है, जहाँ गति है वहीं पर जीवन होता है। जीवन्त भाषा अपने को उदार और उन्मुक्त बनाए रखती है।

दूसरी भाषा के शब्द ग्रहण करके उसे अपने स्वभाव को विचलित नहीं होने देती और खुद की विशेषता बनाए रखती है। परिभाषिक शब्दावली तकनीकी शब्दावली नए नए शब्द आविष्कारों से सम्बन्धित नए शब्द बन रहे हैं जो हिन्दी के प्रचार–प्रसार में उपयुक्त हैं। आज

यदि किसी रिक्शे वाले से या ऑटो वाले से कहूँ ''मुझे लौह पथ गामिनी'' स्थल ले चलिए या ''विमानपत्तन स्थल ले चलिए'' तो वह पूछेगा यह कौन सी जगह है। लेकिन रेलवे स्टेशन कहने से या हवाई अड्डा पहले से झट से समझ जाएगा।

पंडित गिरधर शर्मा ने लिखा है–

''हजारों लफ्ज़ आएंगे नए
आ जाएं क्या डर है
पचा लेगी उन्हें हिन्दी,
कि है जिन्दा जुबां हिन्दी।।''

हिन्दी देश और देशवासी की आत्मा है। सोम ठाकुर जी लिखते हैं–

''करते हैं तन मन से वंदन
जन गण–मन की अभिलाशा का
अभिनन्दन अपनी संस्कृति का
आराधन अपनी भाषा का
यह अपनी शक्ति सर्जना के
माथे की है चंदन रोली
माँ के आँचल की छाया में
हमने जो सीखी है बोली
यह अपनी बंधी हुई अंजूरी
यह अपने महके शब्द सुमन
यह पूजन अपनी संस्कृति का
यह अर्चन अपनी भाषा का।।''

निष्कर्ष –

विकास परिवर्तन और गति यही जीवन है, पर विकास हो विनाश नहीं। आज भाषा को ध्वनि संकेत S.M.S. के प्रतीकों में सीमित कर महज एक यांत्रिक उत्पाद में बदल दिया गया है। एक विज्ञापन में कहा जाता है 'कर लो दुनिया मुट्ठी में' यही है इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के जरिए कर लिया आपने दुनिया मुट्ठी में सिमट गई। दुनिया मुट्ठी में पर बिखर गई, दूरियाँ दिलों की संवेदनाओं से तात्पर्य भाषा के संक्षिप्तीकरण से है। भाषा संप्रेषण का माध्यम है, गतिशील है। इसीलिए परिवर्तन भी जरूरी है, पर ध्यान रहे परिवर्तन की इस प्रक्रिया में उसका मूल स्वरूप उसकी आत्मा बरकरार रहनी चाहिए। हिन्दी का शुद्ध और परिनिष्ठित रूप भी बना रहे। भाषा तो वही होनी चाहिए जो मुझ तक आपकी बात या मेरी बात आप तक इस प्रकार पहुँचा दे कि वह आपकी अपनी बात बन जाए।

देखिए गुफ्तार की खूबी कि जो उसने कहा–

'हमने यह समझा कि गोया वह मेरे दिल में था'

हमारी हिन्दी सजीव भाषा है। विदेशी प्रभाव के कारण यह पहले अरबी, फारसी आदि के सम्पर्क में आकर उनके व अब बाद में अंग्रेजी के भी शब्द ग्रहण करती जा रही है।

भाषा अत्यधिक जटिल है, जिसमें 8 गुण पाए जाते हैं– जैसे स्वेच्छाचारिता, क्रमानुसारिता, संरचना, निर्भरता, उत्पादकता, विस्थापन, विशेषज्ञता, सांस्कृतिक प्रसारण और विविधता। ऐसे सभी व्यक्ति जिन्हें भाषा के समस्त गुण कंठस्थ नहीं होते उनसे त्रुटि संभव है और वह भाषा को अपनी शब्दावली में परिवर्तित करने लगते हैं। जैसे– तू भारी हो गया, तू कहाँ गया था, तेरे मन में क्या है, मेरे साथ कौन आएगा इत्यादि शब्द पूर्ण रूप से बहिष्कृत हैं। तुझे और मुझे के स्थान पर तेरे और मेरे का प्रयोग किया जाने लगा यह सभी हिन्दी भाषा की टाँग खींचने में लग गए।

भाषा सर्व व्यापक है, इसका प्रवाह सतत् होता है और प्रत्येक भाषा का ढांचा स्वतंत्र होता है।

प्रसिद्ध कवि श्री मैथिलीशरण गुप्त ही कहते हैं–

''मेरी भाषा में तोते भी राम–राम जब कहते हैं,
मेरे रोम रोम में मानो सुधा स्रोत तब बहते हैं।
सब कुछ छूट जाए मैं अपनी भाषा कभी न छोडूंगा,
वह मेरी माता है उससे नाता कैसे तोडूंगा।।''

इस प्रकार हम सभी का यह कर्तव्य है कि उर्दू, फारसी, अरबी, अंग्रेजी कितनी भी भाषा को हम ग्रहण कर लें लेकिन हिन्दी भाषा से विमुख होना हमारे समाज और हमारे देश के लिए श्रेष्ठकर नहीं होगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. IMG-20230602-WA0028 Volume-6 Issue-4, ISSN No 2277-8160 श्रीमती मंजू ताम्रकार।
2. www. हिन्दी भाषा का योगदान.com
3. www.hindi vs English in India.

ISSN : 2394-4366

Received: 27 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

विष्णु प्रभाकर के कथा साहित्य में सामाजिक चेतना

– डॉ. सुरेन्द्र कुमार
एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रभारी
हिन्दी विभाग,
पी. एस. एम. (पी. जी.) कालेज,
कन्नौज– (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
drsurendrakumar2708@gmail.com

सारांश

जनवादी कहानियों में शोषक के विरुद्ध की स्थिति ही निरूपित नहीं है बल्कि जन संघर्ष को बनाने वाले तालों की पहचान भी कराती है। शोषण मुक्ति की लड़ाई की सही दिशा और तरीकों को भी निर्देशित करती है। आम आदमी को धर्म न्याय दया ईश्वर अन्धविश्वास का सहारा लेकर बरगलाने वाले तत्वों की पहचान कराती है तथा अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिये शोषण से मुक्ति के लिये संगठित संघर्ष करने की प्रेरणा भी देती है। इस दृष्टि से रमेश उपाध्याय की देवी सिंह कौन' 'पानी की लकीर' श्री हर्ष की 'भीतर का भय' नमिता सिंह की समाधान इसराइल की 'फर्क' आदि कहानियाँ उल्लेखनीय हैं। समानान्तर कहानी में गाँव की राजनीति और उसमें चल रहे संघर्ष को वाणी कम मिल पायी, लेकिन जनवादी कहानियों ने गाँव की राजनीतिक चेतना को अनदेखा नहीं किया ''गाँवों में चलने वाले वर्ग संघर्ष को अपनी कहानियों का विषय बनाया। गाँवों में व्याप्त गरीबी, भुखमरी, बेकारी, राजनैतिक भ्रष्टाचार व जातिवादी संघर्ष को ही कहानी का विषय नहीं बनाया, बल्कि इन सबके साथ उभरती उस नयी जन चेतना को भी स्वर दिया है जो कि सामन्ती पूँजीवादी व्यवस्था के अन्त की सूचक है।

कथा साहित्य में सामाजिक चेतना –

कथा साहित्य प्रगतिवादी आन्दोलन का नया संस्करण है। प्रगतिवादी साहित्य में सामाजिक समता, वर्ग संघर्ष और जनतन्त्र मानवीय इस्तेमाल आदि अवधारणाओं की अभिव्यक्ति मिली थी, उसी स्वस्थ परम्परा को एक बार फिर से कहानी के माध्यम से जनवादी कथाकारों ने आगे बढ़ाया है। जनवादी कथाकार सामाजिक यथार्थ को वामपंथी नजरिये से देखते हैं और खुद को प्रेमचन्द की परम्परा से सम्बद्ध बताते हैं। ''पिछले दो दशक में कहानी फिर से व्यापक यथार्थ के बीच गयी है और अपना जनवादी स्वरूप गढ़ रही है। उसने पुनः प्रेमचन्द की परम्परा से खुद को जोड़ा है और प्रेमचन्द की परम्परा को आगे बढ़ाया है।'' जाहिर है कि प्रेमचन्द की परम्परा यशपाल, भैरव प्रसाद गुप्त, भीष्म साहनी, अमरकान्त मार्कण्डेय, काशीनाथ सिंह, मुक्ति बोध जैसे कथाकारों से पूर्ण होती है। आठवें दशक के कहानीकारों में इसराइल, सतीश जमाली, रमेश उपाध्याय, सुरेश कॉटक, रामेश्वर उपाध्याय, असगर वजाहत, नमिता सिंह, नीरज सिंह, विजय कान्त, रमेश बतरा आदि कहानीकारों ने अपनी पहचान बनायी है।

जनवादी कथा साहित्य की शुरुआत सातवें दशक में इन कहानियों में विशेष पहचान बनाती है। खासकर सर्वहारा वर्ग के पात्रों को

केन्द्र में रखकर सृजित कहानियों ने वर्ग संघर्ष को उजागर किया और थके हारे पात्रों की जगह संघर्षशील और जुझारू पात्रों को प्रश्रय दिया। इसलिये उपेक्षित, शोषित प्रताड़ित पात्रों की कहानी में पूरे तौर पर प्रतिष्ठित करने का श्रेय जनवादी कहानी को ही प्राप्त है। वैसे समान्तर कहानी में भी 'आम आदमी' को प्रतिष्ठित किया गया, लेकिन आम आदमी जुझारू और संघर्षशील अपेक्षाकृत कम ही दिखता है वह स्थितियों के दबावों में टूट जाता है, हार जाता है और शोषक के विरुद्ध अपनी लड़ाई हार जाता है वह मजबूत संगठन बना नहीं पाता है। और शोषकों के प्रहारात्मक तीरों के असली ठिकानों का पूरा पता नहीं लगा पाता ''समान्तर कहानी असली अपराधी का नकाब उतार नहीं पायी है। इस कमी को जनवादी कहानीकार पूरा करते हैं। 'वर्ग–संघर्ष' समान्तर कहानी में अच्छी तरह उभर कर नहीं आ पाया जनवादी कहानी में शोषक और शोषित दोनों आमने–सामने खड़े हैं, सर्वहारा वर्ग अपनी मांगों के लिये मरने मारने पर उतारू है।

जनवादी कहानियों में शोषक के विरुद्ध की स्थिति ही निरूपित नहीं है बल्कि जन संघर्ष को बनाने वाले तालों की पहचान भी कराती है। शोषण मुक्ति की लड़ाई की सही दिशा और तरीकों को भी निर्देशित करती है। आम आदमी को धर्म न्याय दया ईश्वर अन्धविश्वास का सहारा लेकर बरगलाने वाले तत्वों की पहचान कराती है तथा अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिये शोषण से मुक्ति के लिये संगठित संघर्ष करने की प्रेरणा भी देती है। इस दृष्टि से रमेश उपाध्याय की देवी सिंह कौन' 'पानी की लकीर' श्री हर्ष की 'भीतर का भय' नमिता सिंह की समाधान इसराइल की 'फर्क' आदि कहानियाँ उल्लेखनीय हैं।

समानान्तर कहानी में गाँव की राजनीति और उसमें चल रहे संघर्ष को वाणी कम मिल पायी, लेकिन जनवादी कहानियों ने गाँव की राजनीतिक चेतना को अनदेखा नहीं किया ''गाँवों में चलने वाले वर्ग संघर्ष को अपनी कहानियों का विषय बनाया। गाँवों में व्याप्त गरीबी, भुखमरी, बेकारी, राजनैतिक भ्रष्टाचार व जातिवादी संघर्ष को ही कहानी का विषय नहीं बनाया, बल्कि इन सबके साथ उभरती उस नयी जन चेतना को भी स्वर दिया है जो कि सामन्ती पूँजीवादी व्यवस्था के अन्त की सूचक है। मधुकर सिंह को 'बहु पुकारे आदमी', पिजन्ड अनिल की 'विस्फोट', नीरज सिंह की 'करिश्मा', सुरेश कॉटक की 'एक बनिहार का आत्म निवेदन', अब्दुल विस्मिलाह की 'सुलह' आदि कहानियों का शोषक वर्ग मजदूरों की एक जुटता और बढ़ती हुई शक्ति से भयभीत दिखलाई पड़ता है और शोषण मूलक प्रवृति को जारी रखने की स्थिति में खुद को नहीं देख पाता ।

शोषित वर्ग शोषण की हद से गुजर चुका है और उसके सामने 'करो या मरो की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वह सीधा सम्पर्क करने के लिये विवश हो गया है, निश्चित रूप से यह संघर्ष अहिंसक नहीं है। ''कुछ अपवादों को छोड़कर जनवादी कहानियों से व्यक्त संघर्ष हिंसक नहीं है। लेकिन वह बिल्कुल अहिंसक भी नहीं है उसमें उग्रता भरपूर है लेकिन वह बौद्धिक समझ से अनुशासित है। यह अनुशासन इसलिये है कि एक शोषक के खात्मे से शोषक का अन्त नहीं होने वाला है। असली शोषक व्यवस्था है और इसमें आमूल परिवर्तन की आवश्यकता को जनवादी कहानीकार समझ रहे हैं। इसलिये जनवादी कहानियों में नक्सली हिंसा को तरजीह कम ही दिया गया है। जाहिर है सर्वहारा के हित की लड़ाई में जनवादी कहानी दिशा दे रही है। इसलिये जनवादी कहानी की विशिष्ट पहचान भी आठवें दशक के प्रारम्भ में ही बन गयी। ''धीरे–धीरे वह साधारण के बीच अपनी पहचान बनाती जा रही है जन संघर्ष की उष्मा के साथ कहानी उनसे प्रतिष्ठित हो रही है और वर्गीय वैचारिकता को आत्मसात् करती हुई कथा और कथन को मौज रही है। रचनाकार तटस्थ दृष्टा न रहकर जनता के कष्टों और संघर्षों में भागीदार बन गया है। वह संघर्षों को हौंसला और दिशा प्रदान कर रहा है।'' विशाल जन समुदायों की समस्याओं से सम्बद्ध होकर जनवादी कहानियाँ व्यापक हो गयी हैं अनुभव और समय का समन्वय इस विशिष्टता प्रदान कर रहा है। जनवादी कहानियों की उपलब्धियों के साथ–साथ इसकी अपनी सीमायें भी हैं। अधिकांश कहानियों में राजनैतिक चेतना ही मुखरित होती है।

इस तरह की कहानियों में कहानी की सहजता ही भंग नहीं होती, बल्कि विचारधारा के प्रति अधिक सजग होने के कारण ज्ञान और संवेदना के निराशावादी दृष्टिकोण की प्रतिक्रिया में कई जनवादी कथाकारों ने अपनी कहानियों में जबरन आशावाद का प्रयोग कराया। इस काल्पनिक आशावाद के कारण कहानियों का अन्त सुखद होने लगा जब कि यह पूर्ण सच्चाई नहीं थी, कई

कथाकारों ने सामाजिक अनुभव की कमी के कारण अपनी कई कहानी में थोड़े बहुत हेर–फेर के साथ क्योंकि पुनरावृत्ति की ऐसी स्थिति में कई कहानियाँ एक ही तरह की लगने लगती हैं। कथ्यों की विविधता कहानी की अपनी विशिष्ट पहचान और उसमें पाठक मन को तिलमिला देने वाली ताकत कम ही कथाकारों की कहानियों में दिखलाई पड़ती है।

जनवादी कथा आन्दोलन वैचारिक है। फिर भी भाषा शिल्प के प्रति सजगता पूर्ववर्ती कथाकारों की अपेक्षा ज्यादा दिखलाई पड़ती है। लेकिन भाषा में जो प्रवाह और सहजता की अपेक्षा जनवादी कथाकारों से की जाती है उतनी सधी और मजी हुई व्यंग्यात्मक भाषा कम ही कथाकारों के पास है। इन लेखकों की कहानियों में भाषा का वह सृजनात्मक स्वरूप नहीं उभर पाया है जो प्रेमचन्द की विशिष्टता थी, लेकिन भाषा में वैसी ही सहजता प्रवाहमयता एवं जीवन्तता लाने की कोशिश बराबर दिखलाई देती है। निष्कर्षतः जनवादी कहानी न तो शिल्प की तलाश में भटक रही है और न ही भाषा के बनावटीपन से मोहग्रस्त है बल्कि वह पेट की भूख से जूझते आदमी की लड़ाई में सक्रिय है और पूरी सहानुभूति के साथ उसका पथ आलोकित कर रही है उसे न्याय दिलाने के लिये बेचैन है।

गाँव और कुछ करने की जिद एक ऐसी छाप छोड़ जाती है जो मिटाए नहीं मिटती। या तो हमारे देश के सभी साहित्यकार गाँव–करना छोड़कर नगरों और महानगरों में बस जाते हैं। रवीन्द्रनाथ, पन्त, निराला, महादेवी, जैनेन्द्र सभी अपने–अपने महानगर में बसते रहे हैं। मुझे लगता है कि जिसके पास प्रतिभा है, उनका प्रकाश और चमका है। ये सब गाँव छोड़कर नगर में आ जाते हैं। सत्तर लाख गाँवों का यह विशाल देश गाँवो का झुण्ड है। झुण्ड होना या झुण्ड में बसना अभिशाप है। झुण्ड से अलग होकर महानगर की भीड़ में समा जाना ही क्या हमारी नियति है। गाँव का आदमी झुण्ड में है लेकिन सबके साथ है। महानगर का नगर में है लेकिन अकेला है, किसी के साथ नहीं है सिर्फ क्यूँ में है। इसमें किसी को न सहने वाला आदमी माडर्न सिविलिशन का माडल है। झुण्ड में जाते प्रीति प्यार की बात करता आदमी असभ्य और असंस्कृत हो जाता है। क्या इसी समता और संस्कृति के लिए हमने महानगरीय संस्तृति का निर्माण किया है? विष्णु जी अपनी बजह में तो बहुत शहरी नहीं लगते किन्तु रचनाओं में उन्होंने नागरिक जीवन को ही अधिक प्रश्रय दिया है। उनके प्रिय लेखक प्रेमचन्द और शरदचन्द्र ने गाँवों का यात्रा चित्रण किया है किन्तु विष्णु जी का ध्यान गाँव की तरफ अपेक्षाकृत गया है। विष्णु जी इसका प्रतिवाद कर सकते है किन्तु मैं जो कह रहा हूँ वह एक पाठकीय संवेदना की प्रतिध्वनि है जिसकी ध्वनि उनकी रचनाओं में व्याप्त है।

विष्णु प्रभाकर ने अपने बाल जीवन के सम्बन्ध में स्वयं लिखा है– माँ कहा करती थी कि बचपन में मुझे पढ़ने का बहुत शौक था। इस क्षेत्र में स्वयं वह मेरी आदि गुरू थीं। वह अपने मायके से दहेज में पुस्तकों का एक बक्सा भी लाई थीं। उन्हीं को फाड़–फाड़कर मेरे बालक मन में छापे के अक्षरों के प्रति पूजा की सीमा एक मोह पैदा हो गया था। सोचा करता था कौन बनाता है इन्हें कैसे गाता है।

मैं पाँच वर्ष का हुआ तो विधिवत पूजा–पाठ के बाद पंडित जी के सुपुर्द कर दिया गया था। वहीं छापे के अक्षर नहीं थे कलम और स्याही से स्वयं अक्षर बनाने पड़ते थे। पढ़ने और पहाड़े रटने पड़ते थे। जरा गलती हुई नहीं कि और पीठ पर बड़ा सा डंडा पड़ता था।

इस घटना का कुछ भी अर्थ हो, लेकिन यह सच है कि तब तक हिन्दू–मुसलमान सब मिल–जुलकर रहते थे। मेरे साथी मुसलमान बच्चे घर आते थे। मेरी माँ उनको खाना खिलाती थीं। उनके जाने के बाद उनके जूझे बर्तन आग से साफ कियो जाते थे। उनके घर जाते तो हिन्दू हलवाई हमारे लिए मिठाई लाता। घर की महिलाएं उन्हें बहुत प्यार से छूती। कैसे प्यार को सहेज रखा था। हम सभी ने सहज भाव से स्वीकार कर लिया था। हमारी छाया से दूर गाँव से बाहर गन्दी बस्ती में रहते थे वे। यही सब देखकर मेरा मन कुछ प्रश्नों से जूझने लगा था छू भी ले तो मेरे शरीर में क्या बदलाव आ जायेगा? मुसलमान मित्रों का छुआ खाना खा लेने पर मेरे शरीर में क्या बदलाव आ जायेगा? परिणाम यह हुआ कि मैं जब तब हरिजनों से जानबूझकर चिपट जाता विशेषकर घर की जमादारिन चन्दो चाची से। वह बड़े प्यार से गुहार किया करती थी। माँ मुझे डाँटकर नहलाती या सोने की अंगूठी पानी में डालकर यह पर मुझ पर छिड़क देती। मेरे परम वैष्णव पिता को पता लगता तो मार खानी पड़ती। मेरे मन की प्रयोगशाला के द्वार बन्द नहीं हो सके। एक दिन मस्जिद में जाकर मंत्र किया हुआ पानी पी लिया और देर

तक किसी जिन्न के आने की राह देखता रहा। हर अंग देखता रहा, हाथ फेरता रहा पर कहीं कुछ नहीं घटा। तब मैंने जैसे चीख–चीखकर कहा था– यह सब झूठ–मूठ है।

विष्णु प्रभाकर ने अपने बाल जीवन के सम्बन्ध में स्वयं लिखा तथा उन पर दिल्ली हिसार का प्रभाव इतना व्यापक रहा कि उन्होंने आर्य समाज की विचारधारा से स्वीकार किया और उन्होंने 1921 में एक कहानी दिवाली के दिन लिखी। जो 'मिलाप' समाचार पत्र में 1926 में प्रकाशित हुई। यद्यपि इनके पिता वैष्णव थे किन्तु सामाजिक विसंगतियों के चलते सुधारवादी आन्दोलन से यह प्रभावित हुए और आर्य समाजी विचारधारा से जुड़े।

इन्हीं के शब्दों में– ''आर्य समाज के सम्पर्क में आने के कारण मेरी एक और प्रवृत्ति को बल मिला। माँ के बक्से की पुस्तकें मैंने फाड़–फाड़ कर पढ़ी थी। पिता की दुकान के टोकरी में जहाँ बिक्री का सामान भरा रहता था वही एक टोकरी में पुस्तकें भी रहती थीं। किस्सा छबीली भटियारी, किस्सा हातिमताई, चन्द्रकान्ता राधेश्याम और सुखसागर इनका पारायण मैने यहीं बैठकर किया था। पंजाब आने पर जब आर्य समाज से सम्पर्क हुआ तो उसके पुस्तकालय में मेरा परिचय हिन्दू धर्मशास्त्र के अतिरिक्त कुरान और बाईबल आदि से भी हुआ।

मैंने अनुभव किया कि सभ्यता मुझे निगल जायेगी, आँगन वाला मकान उसी अनुभूति का परिणाम है और अभागा ही है जिसे अपने साहित्यकारों और आलोचकों ने नहीं सराहा कि मैं आतंकित हो उठा था, उसकी मूल प्रेरणा एक छोटी सी बच्ची का यह प्रश्न था अफसर खूबसूरत लड़कियों को लेकर क्या करते हैं।

इस प्रकार अपने बहुत से पात्रों के साथ रमा हूँ मैं। बहुत पास से उन्हें देखा है। वैसे के वैसे वे मेरे रचना संसार में प्रवेश नहीं पा सके, पर अन्तरंग ही रहे। उसी अन्तरंगता के कारण उन्होंने मेरे रचनाकार को काबू में किया है। जिस सौम्य शान्त और निर्दोष कमला से में सचमुच मिला था, 'निशिकान्त में अपने गुणों को सुरक्षित रखते हुए कटु अनुभवों की पीड़ा के कारण वह कितनी और साहसी हो उठी थी। उसी तरह कोई तो' की 'सुविधा' जो मेरी पुत्री स्थानीय थी आज कहाँ है, मैं नहीं जानता, पर उसके साथ जो कुछ बीता उसको मैंने समान स्तर पर भोगा है, मैं नहीं जानता पर उसके साथ जो भी हुआ वह गलत हुआ है। मेरी पत्नी भी मेरी बहुत–सी रचनाओं में आई है। टुकड़ा–टुकड़ा उसको जोड़ें तो एक अद्‌भुत चरित्र जी उठेगा। एक बार तो वह चिढ़ गई थी, ''मेरे सिवाय और कोई नहीं मिलता आपको लिखने के लिए। नारी पात्रों का चित्रण करते समय सर्व त्यागिनी और युग के साथ आगे चलने को आतुर मेरी माँ तथा अर्द्धंगिनी शब्द का साकार रूप मेरी पत्नी, इन दो के अतिरिक्त जिस एक और पात्र को मैंने बेहद प्यार दिया है, जो आज दूर जाकर भी बहुत पास है मेरे लिए इतना कि उसके साँसों की धड़कन में अपनी साँसों की धड़कन में मिल पाता हूँ, वह है मेरी कहानी शरीर से परे की रश्मि। उसका दर्द आज भी मेरे बहुत से पाठकों को उद्वेलित किए है। सरल सौम्य, शान्त पर प्यार की इतनी अपार भूख की थाह खोजे न मिले। पर उतनी ही उत्कट कामना अपनी मर्यादा की रक्षा की। अपने पति के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं सुना उसके मुख से उनके गुण को ही सराहा उसने अपने प्रेमी की दृष्टि में छोटी न हो जाऊँ, प्यार में क्या शरीर का दान होना होना ही होना है ? क्या हम उसके बिना एक से अधिक व्यक्ति को चाह ही नहीं सकते।

इन्ही प्रश्नों में टूटती रही वह। कहानी लिखी मैंने पर उसके दर्द की सघनता कहाँ आ पाई। मेरी भाषा असमर्थ ही रही या कहूँ वह भाषा थी ही नहीं मेरे पास किसी ने अभी तक आविष्कार ही नहीं किया उस भाषा का जो भावों को सही अभिव्यक्ति और अर्थ को सही शब्द दे सके सूक्ष्म को स्थूल में और निर्विकार को।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. विष्णु प्रभाकर के कथा साहित्य में सामाजिक चेतना, समकालीन कथा और विष्णु प्रभाकर, पृष्ठ संख्या–15–16।
2. विष्णु प्रभाकर के कथा साहित्य में सामाजिक चेतना, समकालीन कथा और विष्णु प्रभाकर, पृष्ठ संख्या–21–22।
3. विष्णु प्रभाकर के कथा साहित्य में सामाजिक चेतना, समकालीन कथा और विष्णु प्रभाकर, पृष्ठ संख्या–102–103।
4. विष्णु प्रभाकर के कथा साहित्य में सामाजिक चेतना, समकालीन कथा और विष्णु प्रभाकर, पृष्ठ संख्या–104–105।

ISSN : 2394-4366

Received: 02 Nov., 2022; **Accepted:** 28 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

आदिवासी जीवन की प्रमुख समस्याओं को उजागर करते समकालीन आदिवासी उपन्यास

– धर्मेन्द्र कुमार
शोधार्थी – हिन्दी विभाग,
जवाहर लाल नेहरू स्मारक
(पी. जी.) कालेज, बाराबंकी–225001
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
kdharmendra172@gmail.com

शोध निर्देशक
– डॉ. कृष्णकान्त चन्द्रा
एसोसिएट प्रोफेसर –
जवाहर लाल नेहरू स्मारक
(पी.जी.) कालेज, बाराबंकी–225001
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
dr.kkchandra@gmail.com

आदिवासी सदियों से उपेक्षित जीवन जीने हेतु बाध्य हैं। इन्हें वैदिक काल से ही असुर, राक्षस, दैत्य की उपाधि से अलंकृत किया गया है। ये जंगलों के निवासी हैं। अशिक्षित असभ्य हैं। किन्तु हैं तो मानव ही। शताब्दियों से सभ्यता और संस्कृति से अलग जंगल में जीवित रहने वाले इस समुदाय की पीड़ा और समस्या को हाशिए से निकालकर आधुनिक उपन्यासकारों ने एक नई रोशनी और दिशा देने का साहसिक कार्य किया है। आग और धातु की खोज तमाम् औषधियों की जानकारी रखने वाले असुर जाति को आज का सभ्य समाज दैत्य (नक्सलवादी, माओवादी) समझता है। इस समुदाय को विकास के नाम पर सदैव से छला गया है। शोषण अत्याचार अन्याय को सहता यह समुदाय अब असहाय और निर्बल हो चुका है। पूँजीवादी, शक्तियों द्वारा औद्योगीकरण की आड़ में प्रशासन से गठजोड़ करके अब इन आदिवासियों को नई–नई समस्याओं के स्याह पूर्ण दिशा में धकेला जा रहा है। समकालीन समय में इनकी स्थिति अत्यन्त दयनीय होती जा रही है। जल, जंगल, जमीन से वंचित व स्वेत, अशिक्षा, बेरोजगारी, विस्थापन, प्रदूषण, धर्मान्तरण की मार झेलते अस्तित्वविहीन जीवन जीने को बाध्य इस समुदाय की स्थिति बद से बदलकर होती जा रही है। फिर भी असुरों की अपराजेय और आदम्य जिजीविषा की मार्मिक करुण कथा आज के उपन्यास में वर्णित है। शायद यही कारण है कि इन विषम परिस्थितियों में भी यह आदिवासी जनजाति बची हुई है। ग्लोबल स्तर पर इनका अस्तित्व संख्या की दृष्टि से थोड़ी ही बची हुई है। आज इन्हें इनके अस्तित्व से मिटाने के प्रयास में समाज का प्रवुद्ध वर्ग लगा हुआ है। वह बिना खून खराबे के उन्हीं के द्वारा उन्हीं को मिटाने का षड़यन्त्र कर रहा है। जिस कारण साहित्यकारों की दृष्टि उन सन्दर्भों को उजागर करने के लिए आकुल है। तेजिन्दर ने इन साजिशों का पर्दाफाश करते हुए कालापादरी उपन्यास का सृजन किया। आदिवासी अस्तित्व एवम् स्मिता के गहराते संकट को केन्द्र में रखकर ''काला पादरी'' उपन्यास लिखा गया है। तेजिन्दर ने इस उपन्यास के माध्यम से धर्मांतरण सम्बन्धी चर्च और इसाई मिशनरियों के समाजसेवी दृष्टिकोण के पीछे का उद्देश्य उल्लेखित किया है।[1]

रोजगार, शिक्षा, भूख तथा अभाव के बदले आज चर्च उनसे उनकी जातीय अस्मिता, संस्कृति लोक और संस्कारों को मार कर उन्हें अस्तित्व विहीन करता जा रहा है। सामाजिक दशा से सुधार के लिए धर्मांतरण एकमात्र हल नहीं है। लेकिन धर्म और राजनीति की मिलीभगत से आदिवासी जन–जीवन त्रस्त है। धर्म में पूरी तरह राजनीति की गहरी पैठ है, तभी तो अकाल और भूख से बिरई लड़का के मरने के संदर्भ में

स्थितियों का विश्लेषण करते हुए जेम्स खाखा कहते हैं कि ''जब से राज्य में हिन्दूवादी सरकार सत्ता में आयी है। और यहाँ का पैलेस सत्ता से बाहर हो गया है, तब से वे चर्च के काम में जगह–जगह आब्सटेक्लस डाल रहे हैं। इस अकाल के समय कोई और सरकार होती तो राय साहब चर्च से कहते हैं कि हमारी मदद करो और चर्च मदद करती पर यह हिन्दूवादी सरकार चर्च से नहीं कहेगी और चर्च पैलेस से कहेगी। पैलेस लोगों को यह बताना चाहता है कि देखो जब तुम लोग हमारी सरकार नहीं चुनते हो तो लोग कैसे भूख से बिलबिला कर मारते हैं ऐसे में अगर चर्च लोगों को अनाज दे तो वह पैलेस विरोधी हो जायेगी, तुम बताओं चर्च क्या यह एफोर्ड कर सकती है, नहीं कर सकती।''[2]

आज मुस्लिम, ईसाई, हिन्दू समुदाय ने धर्म के नाम पर आदिवासी समुदाय के साथ छल किया है। इस छल का पर्दाफाश तेजिन्दर ने अपने उपन्यास के माध्यम से किया है। आदिवासी का अपना स्वतंत्र धर्म है। इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं/सरकार को इनकी सुविधा और सुरक्षा का दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करना चाहिए।

महुआ मॉजी कृत ''मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ'' की प्रमुख समस्या वैश्विक परिदृश्य पर विकीरण की समस्या को दर्शाता है। उपन्यास का पात्र सगेन केवल यूरेनियम से सम्बन्धित जानकारी ही नहीं इकट्ठा कर रहा था बल्कि विकीरण की समस्या को निर्मूल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य करना शुरू कर दिया था। आदिवासियों अर्थात् स्थानीय लोगों को जागृत करना, प्रदूषण के विरोध के स्वर को मुखरित करना, पत्रकार के माध्यम से मरंग गोड़ा की दशा को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाना अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों और विद्धानों की सहायता लेना विकीरण के दुष्प्रभावों से सम्बन्धित शोध आधारित अध्ययनों को सबकी नजर में लाना कैसे अनेक पक्षों पर वह लगा हुआ था।''[3]

प्रस्तुत अन्यास के माध्यम से लेखिका विकीरण तथा रेडियो धर्मी प्रदूषण की समस्या को चित्रित करती है।

''संगेन का पिता'' रेकोण्डा साथी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सक्रिय हो गया। उसे प्रबन्ध तंत्र की तरफ से डरा–धमकाकर काबू में लाने का प्रयास किया गया। काबू में नहीं आया तो[4] ''यूरेनियम की चोरी करके उसकी स्मलिंग करने का आरोप लगाया गया। उस पर। संगीन अपराध। देशद्रोह। सारे साथी कन्नी काट गये। जिनके लिये लड़ा वे भी। वकील तक रखने के पैसे नहीं। कहाँ से आते? कुत्ते की शादी (आदिवासियों में प्रचलित एक ऐसा अंधविश्वास जिसके द्वारा लड़कियों के तथाकथित दोष को दूर किया जाता है। और दुलसुनुम का कर्ज ही नहीं उतरा था अब तक जेल में सड़ता रहा।''[5]

प्रशासन के विरुद्ध होने का हश्र सगेन और उसके परिवार को भुगतना पड़ा सन् 1951 से अब तक विकास के नाम पर 85 लाख आदिवासियों को पुनर्वास की पीड़ा भुगतनी पड़ी। जो नक्सली, माओवादी घटनाओं का प्रमुख कारण बनी। कीमती खनिजों के खनन के लिए उनकी जमीने छीन ली गई। गड्डे छोड़े गये जिनसे मच्छरों की बढ़ोतरी हुई और नयी–नयी बीमारी ने जन्म लिया। तमाम् समस्याओं के बीच घिरा आदिवासी जनजीवन त्रासदी पूर्ण झंझावातों को झेलता रहा है।

युवा लेखिका डॉ. शदर सिंह का ''पिछले पन्ने की औरतें'' उपन्यास में स्त्री पतन की करुण गाथा है। ''उपन्यास में सभ्य समाज का ध्यान उस ओर आकर्षित किया है। जहाँ मध्यप्रदेश के सागर जिले में बसे पथरिया गांव के आदिवासी समाज के बेड़िया समुदाय की औरतें आज भी त्रासद जीवन जी रहीं है। पुरुष सत्ता प्रधान समाज में दैहिक, मानसिक तथा आर्थिक शोषण का शिकार हो रही है। रिपोर्ताज की शैली के साथ इस उपन्यास में लेखिका ने सदियों से संघर्ष गाथा को प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया है।''[6]

डॉ. शरद सिंह को बस यात्रा के दौरान ''श्यामा'' नामक बेड़नी से मुलाकात हुई और उसके संबंध में सारी जानकारी इकट्ठी करने के पश्चात् बुंदेलखण्ड के बीहड़ों में सदियों से लगभग वही जीवन शैली जीने को विवश बेड़नियों की दुःखद कथा संस्मरणों, लोककथाओं और किवदन्तियों के आधार पर प्रस्तुत किया है।

लेखिका ने नायिका–विहीन इस उपन्यास में श्यामा के अतिरिक्त फुलवा, चंदा, रसूबाई, नचनारी, बालाबाई जैसी अनेक बेड़नियों का वर्णन है। जिन्हें केवल नाचने वाली तथा भोगने वाली वस्तु के रूप में देखा जाता है। उनकी अपनी कोई अस्मिता नहीं होती।

वेश्यावृति के धंधे में लिप्त इन स्त्रियों के प्रति उनके समुदाय के लोग ही आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उन्हें इस नरक में धकेलते हैं।

स्त्रियों की इस दयनीय स्थिति का पूरा यथार्थ चित्रण लेखिका ने पूरी तन्मयता और ईमानदारी के साथ प्रस्तुत किया है। आदिवासी समुदाय की स्त्रियों की दशा अत्यंत ही कारुणिक है। जिसका पूरा जिक्र लेखिका ने इस उपन्यास में किया है।

राकेश कुमार सिंह कृत ''पठार पर कोहरा'' झारखण्ड के मुण्डा आदिवासियों के शोषण पर केन्द्रित उपन्यास है। लेकिन ने उराव, मुन्डा जनजातियों का प्रशासन, उच्च वर्ग राजनीति तन्त्र व वनविभाग के कर्मचारियों एवं अपराधियों के भ्रष्ट गठजोड़ के द्वारा व्याप्त शोषण के शिकार इन समुदाव के किन–किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है किसको दर्शाया गया है। देश के किसी भी क्षेत्र में बसे वनपुत्रों की समस्याओं का यह उपन्यास जीवन्त दस्तावेज है। ''जल, जंगल, जमीन'' इन्हीं की सम्पत्ति है जिसके यह सच्चे अधिकारी सदियों से रहे है। अतः उन्हें उन्ही के अधिकारों से वंचित करना यह अन्याय नहीं तो और क्या है?

राकेश कुमार सिंह ने ''पठार पर कोहरा'' के प्रारम्भ में ''शुरू करने से पहले'' शीर्षक में लिखते हैं कि ''पहाड़ों, नदी–नालों, पगडण्डियों, लालटेनों, वैलगाड़ियों, नावों, वन्य जीवों उनसे भी उग्र और हिंसक होता मनुष्य ..... देहात की धूल फॉक कर मैने काफी कुछ देखा। लगा कि न्यूटन के तीव्रगति घूमने वाले 'रंग–चक्र' के इन्द्रधनुषी रंग घुलमिल कर एकाकार ले रहे है। अपराध, जनसेवक, आम आदमी के व्यक्तिगत झगड़े, सवर्ण, असवर्ग संघर्ष, सामाजिक–आर्थिक वैषम्य से उपजे वर्ग संघर्ष, असहाय पुलिस की अकर्मण्यता प्रशासनिक भ्रष्टाचार, अधिकारियों की संदिग्ध भूमिकाएँ, गाँवों में उपयुक्त जलवायु पाकर पनपते कथित आन्दोलनकारी संगठनों का सामाजिक–राजनीतिक हस्तक्षेप, वर्ग–संघर्ष से उपजे संगठनों के नामों का बेजा लाभ उठाकर लूटमार करते बेरोजगार युवकों की उप्रद्रवी सेनाएँ, चुनावी महासमर के मोहरों में परिवर्तित होता अपराधी युवावर्ग नगरीय जीवन से कतई पृथक एक लोभहर्षक और खतरनाक दुनिया है जंगल की।''[7]

रणेन्द्र कृत'' ग्लोबल गाँव के देवता'', 'गायब होता देश' उपन्यास आदिवासी जनजीवन से जुड़े विस्थापन और जल, जंगल, जमीन की समस्या से परिचित कराता है। मैत्रेयी पुष्पा ने 'गायब होता देश' के सन्दर्भ में लिखा है कि ''आधुनिक विकास की तमीज के हिसाब से रातो रात गुम हो जाती बस्तियों कागजी खजाना तो बरसाया गया लेकिन पाँव तले की धरती छीन ली.... ।''[8]

उपन्यास का मुख्य पात्र किशन विद्रोही (पत्रकार) की हत्या कर दी गई। क्योंकि नोटो और ताकत के बल पर आदिवासी टोले गायब किये जा रहे थे। किशन विद्रोही इसका प्रतिकार करते है। फलस्वरूप उन्हें अपनी जान गवानी पड़ती है। आदिवासी जमीन की लूट का यह भयावह दृश्य सबसे बड़ी समस्या के रूप में विद्यमान है।

निष्कर्ष–

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आदिवासी जन–जीवन से जुड़े विभिन्न समस्याओं का संवेदनात्मक चित्र उकेरने वाले उपन्यासकारों ने नई चेतना एवम् नई ऊर्जा का संचार कर समुदायों को जागरूक करने का साहसिक कार्य किया है। हाशिये से निकाल कर इन्हें इनके अधिकारों और कर्तव्यों से भी अवगत कराया है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. तेजिन्दर – कालापादरी, पृष्ठ– 26।
2. सं. – डॉ. ऊषा राणावत, डॉ. सतीश पाण्डेय, डॉ शीतला प्रसाद दूबे – आदिवासी केन्द्रित हिन्दी उपन्यास, पृष्ठ–129, अतुल प्रकाशन कानपुर द्वितीय सं0–2017।
3. सं. –डॉ. एम. फिरोज अहमद – (वाड्मय त्रैमासिक हिन्दी पत्रिका) आदिवासी विशेषांक–1, पृष्ठ– 42 अलीगढ़, जुलाई–2013।
4. शरद सिंह – पिछले पन्ने की औरतें, पृष्ठ 67।
5. महुआ मॉजी – मरंगगोड़ा नीलकण्ड हुआ, पृष्ठ –105।
6. सं. – डॉ. ऊषा राणावत, आदिवासी केन्द्रित हिन्दी उपन्यास पृष्ठ–83।
7. राकेश कुमार सिंह – पठार पर कोहरा, पृष्ठ–8। भारतीय ज्ञानपीठ नयी दिल्ली–दूसरा संस्करण–2005।
8. रणेन्द्र – गायब होता देश, पृष्ठ– आवास पृष्ठ से। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया हरियाणा भारत संस्करण–2014।

ISSN : 2394-4366

Received: 12 Nov., 2022; **Accepted:** 27 Dec.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

महात्मा बुद्ध और उनका दर्शन

– डॉ. श्रीकृष्ण पटेल
प्राचार्य
डी. ए. वी. ट्रेनिंग कालेज,
कानपुर–208001 (उत्तर प्रदेश)
ई–मेलः skpatel02@gmail.com

– डॉ. विनोद कुमार सिंह
असिस्टेन्ट प्रोफेसर –
डी. ए. वी. ट्रेनिंग कालेज,
कानपुर–208001 (उत्तर प्रदेश)
ई–मेलः vksingh@gmail.com

– सत्यपाल सिंह
सहायक अध्यापक,
पूर्व माध्यमिक विद्यालय,
कागारोल–1, विकास खण्ड, खेरागढ़,
आगरा– (उत्तर प्रदेश)
ई–मेलः satyapals225@gmail.com

भूमिका–

'छठी सदी ईसा पूर्व, का काल भारतीय 'इतिहास–दर्शन–धर्म' की दृष्टि से एक 'प्रस्थान–बिन्दु' माना जाता है। इस अवधि में 'गंगा–घाटी' कई क्षेत्रों में परिवर्तनों का साक्षी बनती है। 'राजनीति – समाज – अर्थ – तकनीकी – धर्म – दर्शनादि' सभी क्षेत्रों में उथल–पुथल मचती है, बेचैनी महसूस की जाती है। राजनीतिक क्षितिज पर 'मगध–साम्राज्यवाद' का उदय होता है, जिसकी प्रचण्ड आंधी में 'जन–जनपद एवं अन्य महाजनपद' विलीन होते जाते हैं। 'मगध–साम्राज्यवाद' की सफलता सभी को चमत्कृत कर देती है। इसके अलावा, 'धर्म एवं दर्शन क्षेत्र' में भी हलचल मचती है, जिसके पीछे कई कारण निहित रहते हैं। 'पुरातन – प्रगतिहीन – बोझिल – अति कर्मकाण्डीय, व्यय अध्याय – श्रमसाध्य – समय साध्य – ब्राह्मणवर्चस्ववादी' वैदिक (हिन्दू) धर्म, तत्कालीन समाज की अपेक्षाओं – आवश्यकताओं पर खरा नहीं उतरता है। इसके विरुद्ध प्रतिक्रिया होती है और कई सम्प्रदायों (धर्मों)–'आस्तिक एवं नास्तिक'–का उदय होता है। 'बौद्ध ग्रंथ' इनकी संख्या '62' बताते हैं, तो 'जिन ग्रंथ' (सूत्र कृतांग) '363'। उनमें से प्रमुख हैं– 'अजित का यदृच्छावाद, पूरण कश्यप का अक्रियावाद, पकुध कच्चायन का नियतिवाद, मक्खलि गोशाल का अजीवक सम्प्रदाय, संजय का अनिश्चयवाद, चार्वाक दर्शन, अहेतुवाद, पुब्बेकतावाद, अच्छेदवाद, ईश्वर कर्णवाद, खतविज्जवाद, चार्वाक दर्शन, अहेतुवाद, पुब्बलेकतावाद, उच्छेदवाद, ईश्वर कर्णवाद, खविज्जवाद, जैन–धर्म एवं बौद्ध धर्म'। 'जैन एवं बौद्ध धर्म' को छोड़कर 'शेष सम्प्रदाय' समाज में अपने निहित दोषों के कारण समाज में अपनी पैठ नहीं बना पाते और समय के अन्तराल में विलुप्त हो जाते हैं। इन दोनों में भी 'बौद्ध धर्म' अत्यधिक लोकप्रियता अर्जित करता है और वह भारत के साथ–साथ संसार के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है और आज '21वीं सदी' में भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

बौद्ध धर्म– बौद्ध धर्म के संस्थापक 'महात्मा गौतम बुद्ध' (563–483 BC) माने जाते हैं। बचपन के 'सिद्धार्थ', ज्ञान (बोधि) प्राप्ति के पश्चात् 'गौतम बुद्ध' (गोत्र – नामः गौतम) के रूप में प्रख्यात हो जाते हैं। 'शुद्धोधन' (शाक्य कुल प्रधान) एवं 'महामाया' (के लिए गणराज्य–कन्या) की संतान 'सिद्धार्थ' के जन्म के '7वें दिन' माता की मृत्यु हो जाती है। जन्म से पूर्व उनकी माता एक 'अद्भुत स्वप्न' देखती हैं, जिसके विषय में महाराज शुद्वोधन '8 प्रमुख भविष्यक्ताओं' से प्रश्न करते हैं। वे सभी विद्वान बताते हैं–

''महामाया को अद्भुत पुत्र–रत्न प्राप्त होगा। यदि वह घर में रहा, तो चक्रवर्ती सम्राट बनेगा। यदि उसने गृह–त्याग किया, तो सन्यासी बनकर अपने ज्ञान प्रकाश द्वारा समस्त विश्व को आलोकित कर देगा।''

नामकरण–संस्कार – (जन्म के 5वें दिन) के पश्चात विद्वानों की भविष्यवाणी को ध्यान में रखकर महाराज शुद्धोधन, सिद्धार्थ को 'चक्रवर्ती सम्राट' बनाना चाहते हैं और तदनुसार उनमें 'क्षत्रियोचित गुण' उत्पन्न करने के लिए 'उचित शिक्षा का प्रबन्ध' करते हैं। वे 'त्रि–ऋतु' के अनुकूल राजप्रासादों (Palacest) का निर्माण कराते हैं, मनोरंजन हेतु 'अति–सुन्दरी गणिकाओं' की व्यवस्था करते हैं, 'विवाहपाश' का प्रयोग करते हैं। परन्तु, महाराज शुद्धोधन की ये समस्त युक्तियाँ सिद्धार्थ को 'सांसारिक प्रवृत्ति–आकर्षण' में जकड़ने के लिए नाकामी साबित होती हैं। बेचैन, अशान्त, चिन्तनशील सिद्धार्थ को एक दिन 'नगर–भ्रमण' के समय चार दृश्यों (एक कृषकाय वृद्ध, एक रुग्ण व्यक्ति, एक मृतक की शव यात्रा, एक प्रसन्नचित्त संन्यासी) के साक्षात्कार से चार सत्यों का ज्ञान होता है, जो क्रमशः इस प्रकार है–

1. युवावस्था में शरीर पर गर्व करने वाला मनुष्य 'वृद्धावस्था' के अपार कष्टों से अनभिज्ञ रहता है। मनुष्य अज्ञानी है।

2. धिक्कार है, ऐसे शरीर एवं स्वास्थ्य को, जिसका नाश रोग द्वारा होता है।

3. जीवन के प्रति आकर्ष व्यर्थ है। जब 'मुत्यु' से इतना दुःख होता है, तो 'आसक्ति' ही क्यों पैदा की जाए? न जीवन के प्रति आसक्ति होगी और न मृत्यु से दुःख होगा।

4. 'प्रवृत्ति–मार्ग' निस्सार है और 'निवृत्ति मार्ग' संतोष प्रदान करता है।

सत्य–दर्शन – सिद्धार्थ के जीवन का 'अर्थ' बन जाता है। इससे उनकी जीवन–धारा ही बदल जाती है। इससे पहले कि सांसारिक बंधन उन्हें प्रभावित करें, वे सांसारिक बंधनों को छिन्न–भिन्न करना आरम्भ कर देते हैं। प्रत्येक सुख उन्हें विष–ज्वाला के समान प्रतीत होने लगता है और वे गृह–त्याग का निश्चय करते हैं। उस महान रात्रि का आगमन होता है, जब युवा सिद्धार्थ अपनी पत्नी 'यशोधरा' और अपने पुत्र 'राहुल' ('राहु' का अर्थ 'बंधन') को सोता हुआ छोड़कर 29 वर्ष की अवस्था में ज्ञान–खोज हेतु गृह–त्याग कर देते हैं। बौद्ध अनुश्रुतियों में इस घटना को महाविनिष्क्रमण कहा गया है।

बुद्धत्व (ज्ञान) की प्राप्ति– ज्ञान–खोज में सिद्धार्थ सर्वप्रथम 'वैशाली के आलारकलाम' को अपना गुरू बनाते हैं, जो 'सांख्य दर्शन' के प्रकाण्ड विद्वान माने जाते रहे हैं। उनसे प्राप्त 'तप–क्रिया व उपनिषद प्रतिपादित ब्रह्मज्ञान' की शिक्षा सिद्धार्थ को संतुष्ट नहीं कर पाती। यहां से वे 'राजगृह' पहुँचते हैं, जहां आश्रमवासी '5 साधकों' (कौण्डिन्य, ऑज, अस्क्षजि, वप्पभद्दिय) से मिलते हैं। इन ब्राह्मण साधुओं के साथ वे 'उरुवेला' पहुँचते हैं, जो 'बोधगया' का पुराना नाम (बुद्ध काल में) है और कठोर तप–साधना आरम्भ कर देते हैं। उनकी काया अति–जर्जर हो जाती है, परन्तु ज्ञान–प्राप्ति में सफलता नहीं मिलती। उरुवेला–सेनानी की पुत्री 'सुजाता' द्वारा काया क्लेशमयी तपस्या की इस आलोचना से सिद्धार्थ को काया क्लेशमयी तपस्या की निरर्थकता निस्मारता का बोध होता है–

''वीणा के धागे को इतना न कसा जाए कि टूट जाए और इतना न ढीला छोड़ा जाए कि सुर ही न निकले।''

अन्ततः 'सुजाता अपने हाथों से बनी खीर ग्रहण और सिद्धार्थ अपनी तपस्या भंग देते हैं और प्रार्थना, उपासना का मध्यमार्ग अपनाते हैं। उनके इस कदम से अनेक पंच साधक साथी उनसे रुष्ट हो जाते हैं और उन्हें पटित घोषित कर उनका साथ छोड़कर वहाँ से चले जाते हैं। वे वहीं पास में 'निरंजना (पुनपुन) नदी' के तट पर एक पीपल (वट) वृक्ष के नीचे समाधि लगाकर बैठ जाते हैं और ज्ञान प्राप्ति तक समाधिस्थ रहने का निश्चय करते हैं, भले ही इस प्रक्रिया में उनके प्राण निकल जाएं। सात दिन एवं सात रात्रि बीतने पर भी उनका घोर चिन्तन एवं उनकी अखण्ड समाधि निरन्तर बनी रहती है। महाभिनिष्कृमण के छठे वर्ष '(35 वर्ष की अवस्था) में एवं अखण्ड समाधि के 8वें दिन वैषाख पूर्णिमा को सिद्धार्थ को ज्ञान (बोधि) की प्राप्ति होती है और उसी दिन से सिद्धार्थ बन जाते हैं– बुद्ध (तथागत)। जिस वट (पीपल) वृक्ष' के नीचे उन्हें ज्ञान प्राप्त होता है, वह आज भी बोध–वृक्ष के नाम से प्रख्यात है। बुद्धत्व प्राप्ति के उपरान्त वे एक सप्ताह तक एक ही आसन में बैठकर विमुक्ति सुख लाभ उठाते हैं।

बुद्धत्व (ज्ञान)– प्रचार ज्ञान प्राप्ति के उपरोक्त महात्मा बुद्ध को अपने 'दो गुरुओं' (आलारकलाम एवं उद्रक) की याद आती है, जो तब तक स्वर्गवासी हो चुके होते हैं, फिर, उन्हें उरुवेला के पंच साधक साथी याद आते हैं। बौद्ध–अनुश्रुति' के अनुसार– ब्रह्म–अनुरोध पर बुद्ध अपने इस ज्ञान–आलोक से समस्त संसार को आलोकित करने का निर्णय लेते हैं। बोधगया में ही वे

सर्वप्रथम 'दो शूद्रों (बंजारों) तपस्सु एवं काल्लिक को 'ज्ञान दान (उपदेश) द्वारा बौद्ध धर्म का अनुयायी बना लेते हैं।

बोधगया से बुद्ध सारनाथ (वाराणसी) के ऋषि पत्तन मृगदाव आते हैं और उरुवेला के अपने पूर्व 'पंच साधक साथियों को उपदेश देकर दुःख–निवृत्ति का मार्ग बताते हैं एवं अपना विषय बना लेते हैं। 'धर्म प्रचार क्रम' में उनका यह 'प्रथम उपदेश बौद्ध परम्परा में धर्मचक्र प्रवर्तन के नाम से प्रसिद्ध है।

सारनाथ में ही महात्मा बुद्ध बौद्ध संघ की स्थापना करते हैं, जिसमें शामिल होते हैं– 'स्वयं गौतम बुद्ध, पंचवर्गीय भिक्षु (पाँच ब्राह्मण साथी), बनारस का प्रसिद्ध व्यापारी यश श्रेष्ठि एवं उसके 50 साथी। वे मगध को अपना प्रमुख प्रचार केन्द्र बनाते हैं। अद्भुत कार्य–क्षमता के धनी महात्मा बुद्ध जहाँ भी जाते हैं, उनके दर्शनार्थ एवं उनके उपदेशों से लाभान्वित होने के लिए अथाह सागर की भाँति जन–सैलाब उमड़ पड़ता है। उनमें उनके 'सगे–सम्बन्धी व साधारण जन से लेकर राजे–महाराजे तक शामिल रहते हैं। वर्षाकाल को छोड़कर वे देश में सभी ऋतुओं में धर्म (ज्ञान) प्रचार कार्य के लिए भ्रमण करते रहते हैं। 80 वर्ष की उम्र' (483BC) में उन्हें कुशीनारा में महापरिनिर्वाण की प्राप्ति होती है। उनके मुख से निकले अन्तिम शब्द इस प्रकार हैं–

''हदं दानि भिक्खवे, आमंतयागि वो, वयधम्मा संखरा, अप्पंमादेन सम्पमादेव सम्पादेथाति।''

अर्थात हे भिक्षुओं, इस समय आज तुमसे इतना ही कहता हूँ कि जितने भी संस्कार हैं, सब नाश होने वाले हैं, प्रभाव–रहित होकर अपना कल्याण करो।

बुद्धवाद' (Buddhism)– महात्मा बुद्ध अपने धर्म में किसी दार्शनिक तत्व का विवेचन अथवा प्रतिपादन नहीं करते। इससे सम्बन्धित प्रश्नों पर वे अक्सर मौन रहा करते हैं। उन प्रश्नों को अन्यकानि (Indeterminate Questions) कहा गया है, क्योंकि उनका वास्तविक समाधान ढूंढ़ना मानव–क्षमता से बाहर है। उनके उत्तर खोजने से समय–शक्ति का अपव्यय होता है। वस्तुतः महात्मा बुद्ध के समक्ष सबसे प्रमुख समस्या रहती है– मानव को दुःख से मुक्ति दिलाने की। इसीलिए वे ऐसे प्रश्नों को बेकार–निरर्थक समझकर टाल देते हैं और उन पर किसी प्रकार का विचार देना अनावश्यक मानते हैं।

फिर भी महात्मा बुद्ध अपने धर्म के आधार स्वरूप जिन तत्वों का विवेचन, प्रतिपादन करते हैं, उनमें निहित उनके विचारों द्वारा बौद्ध धर्म के कई दार्शनिक सिद्धांतों' का परिचय मिलता है। नैतिकता, कर्मप्रधान, निर्वाण तत्वों से परिपूर्ण उनके उपदेशों से इन दार्शनिक सिद्धांतों की प्रप्ति होती है– कर्मवाद, पतीत्यसमुत्पाद (कारणतावाद), प्रयोजनवाद, अनीश्वरवाद, अनाश्मवाद, क्षणवाद एवं निर्वाण'।

जीवित जीवन में विश्वास रखने वाला बौद्ध धर्म अपने प्रत्येक अर्थ में व्यवहारिक दृष्टिकोण (Practical view) रखता है। धर्म को मृत्यु की बजाय जीवन का विषय मानने वाले महात्मा बुद्ध जिस धर्म का प्रचार–प्रसार करते हैं, उसमें व्यवहारिकता पर विशेष बल दिया गया है। उनके धर्म के निम्नलिखित व्यवहारिक सिद्धान्त हैं–

(अ) चार आर्य सत्य
(Four Noble Truths of Buddhism) –

1. दुःख है (There is suffering)।
2. दुःख का विनाश संभव है (There is cause of suffering) ।
3. दुःख का विनाश संभव है (There is cessation of suffering)।
4. दुःख–विनाश का मार्ग है (There is a way of cessation of suffering)।

(ब) अष्टांगमार्ग या अष्टांगिक मार्ग
(The Eightfold Path) –

1. सम्यक् (उचित) दृष्टि (Right view)।
2. सम्यक् संकल्प (Right Resolve)।
3. सम्यक् वाक् (वाणी / वचन) (Right Speech)
4. सम्यक् कर्मांत (कर्म) (Right Actions)।
5. सम्यक् आजीव (जीविका) (Right hivelihood)।
6. सम्यक् व्यायाम (प्रयत्न) (Right Efforts)।
7. सम्यक स्मृति (Right Mindfulness)।
8. सम्यक समाधि (Right Cancentration)।

'प्रज्ञा' (Highest knowledge)।
'शील' (Perfect Conduct)।
'पूर्ण समाधि' (Complete Concentration)।

'प्रज्ञा–शील' साधक को अनुशासित बनाकर 'पूर्ण समाधि' के लिए तैयार करती है। 'प्रज्ञा, शील, पूर्ण, समाधि' को 'बौद्ध दर्शन का त्रि–रत्न' (Three Jewels of Buddhism) कहा जाता है।

(स) 'दस आचरण' (Ten Conducts)

1. सत्य बोलना।
2. अहिंसा का पालन करना।
3. ब्रह्मचर्यानुसार जीवन व्यतीत करना।
4. चोरी न करना।
5. धन–संग्रह प्रवृत्ति का व्याग करना।
6. सुगन्धित पदार्थों का त्याग करना।
7. कोमल शैय्या का त्याग करना।
8. 'नृत्य–गायन–मादक–कामोत्तेजक वस्तुओं का त्याग करना।
9. असमय भोजन का त्याग करना।
10. कुविचारों का त्याग करना।

'भिक्षुओं के लिए इन सभी का पालन अनिवार्य है, जब कि 'गृहस्थों के लिए प्रथम पाँच ही पर्याप्त हैं।

(द) चार सम्यक् प्रधान (साधन)–

(क) चार ऋषिपाद– आत्मोकर्ष के लिए। ये हैं– चन्द, वीर्य, चित्त एवं विमर्ष।

(ख) पाँच इन्द्रियाँ (शक्ति)– आध्यात्मिक विकास एवं निर्वाण–प्राप्ति के लिए। ये हैं– श्रद्धा, वीर्य, स्मृतिक समाधि, प्रज्ञा'।

(ग) पाँच बल– श्रद्धाबल, वीर्यबल, स्मृतिबल, समाधिबल एवं प्रज्ञाबल।

(घ) बोध्यंग– ज्ञान प्राप्त करने के अंग ये हैं– स्मृति, धर्म–विजय, वीर्य, प्रीति, पक्षब्धि, समाधि व उपेक्षा'।

(ङ) 'चार स्मृति प्रधान– कार्यस्मृति, वेदनास्मृति, चित्तस्मृति एवं धर्मस्मृति।

महापरिनिब्बानसुत के अनसार, महात्मा बुद्ध अपने निर्वाण के समय भिक्षु–समुदाय को 'कुल 37 सिद्धान्तों (4 स्मृति प्रधान, 4 सम्यक् प्रधान, 4 ऋषिपाद, 5 बल, 5 इन्द्रियाँ, 7 बाध्यंग एवं आष्टांगिक मार्ग) को सीखने का उपदेश देते हैं।

निष्कर्ष–

स्पष्ट है, महात्मा बुद्ध एक सरल, सुगम, बोधगम्य, मानवतावादी धर्म का प्रतिपादन करते हैं, जिसके द्वार बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए खुला रहता है। उसका पालन करना व्ययसाध्य, श्रमसाध्य नहीं होता, इसीलिए, उसका व्यापक प्रचार–प्रसार संभव हो पाता है और वह 'भारतीय उपमहाद्वीप' की सीमाओं का अतिक्रमण कर जाता है। भरतीय सभ्यता, संस्कृति बौद्ध धर्म, बौद्ध दर्शन व महात्मा बुद्ध' की बहुत आभारी है। भारत की 'विदेश–नीति, शांतिप्रियता एवं सद्भावना, का आधार 'बौद्ध धर्म दर्शन ही है। आज 21वीं सदी में भी भारत सहित समस्त विश्व बुद्ध एवं बुद्धवाद से लाभान्वित हो सकता है और कई ज्वलन्त समस्याओं का समाधान सरलता से कर सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. Aich T. K. - Buddha philosophy and western psychology. Indian J Psychiatry. 2013, Jan;55 (Suppl 2):S165-70.
2. Conze, E. (2012). *Buddhism: Its essence and development*. Courier Corporation.
3. Herbrechtsmeier, W. (1993). Buddhism and the definition of religion : One more time. *Journal for the Scientific Study of Religion*, 1-18.
4. Machwe, P. (1998). *Rahul Sankrityayan (Hindi Writer)*. Sahitya Akademi.
5. Sharma, M. (2001). *Buddhism (Teachings of Buddha)*. Diamond Pocket Books (P) Ltd.
6. Sharma, U. (2002). *Teachings and philosophy of Buddha*. Diamond Pocket Books (P) Ltd.
7. Shree, Raj. (2016). Gautama Buddha and Philosophy of Buddhism, Greatest Indians: Gautama Buddha, Vol. 1; Writers Choice, 94-108.
8. https://www.buddhanet.net/pdf_file/buddha-teachingsurw6.pdf.
9. https://www.drishtiias.com/to-the-points/paper1/buddhism-in-india.
10. https://www.worldhistory.org/Siddhartha_Gautama.
11. https://plato.stanford.edu/entries/buddha.

ISSN : 2394-4366

Received: 18 Nov., 2022; **Accepted:** 27 Dec.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

वर्तमान भारतीय समाज पर वैश्वीकरण प्रक्रिया के समसामयिक प्रभावों का अध्ययन : एक विवेचन

– डॉ. जया मिश्रा
एसोसिएट प्रोफेसर –
अर्थशास्त्र विभाग,
जुहारी देवी गर्ल्स (पी.जी.) कालेज,
कानपुर–208004 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
profjayasharma@gmail.com

सारांश

आज नैतिकता के प्रतिस्पर्धात्मक युग, वैश्वीकरण के बढ़ते कदम और उदार अर्थव्यवस्था से समाज के प्रत्येक समूहों में दबाव का प्रभाव दिखाई देता है। कहीं अर्थव्यवस्था का संकट, कहीं आतंकवाद से जूझता समाज। चारो तरफ भय और दहशत का वातावरण है। आवश्यकता है रोजगार के ऐसे अवसरों के सृजन की जो वर्ग विशेश को ही नहीं वरन् आम आदमी के लिए सुलभ हों। अमीर और गरीब के बीच खाई को समाप्त करने वाले विकास की, जिसमं आम आदमी की साझेदारी और भागेदारी सुनिश्चित की जा सके और विशमता को दूर करें। बेरोजगारी और गरीबी उन्मूलन कर क्रय शक्ति को बढ़ाने के साथ ही प्रति व्यक्ति बचत को प्रोत्साहन मिले। हमें आवश्यकता से अधिक उपभोग की संस्कृति को बदलना होगा। बचत के स्वभाव वाले भारतीय समाज को सजग करना होगा। वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने निर्वाध गति से पूँजी और प्रौद्योगिकी के प्रवाह को संरक्षित किया है, जिसके प्रभाव के चलते पूँजी प्रधान टेक्नालॉजी को प्रोन्नत कर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को प्रत्यक्ष पूँजी निवेश करने का अवसर और प्रोत्साहन मिला है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि देश में विदेशी मुद्रा भण्डार में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई। उन्नत तकनीक से औद्योगिक विकास, रोजगार के विकल्पों में वृद्धि, पूँजी तरलता, जीवन स्तर में गुणवत्ता, उत्पादन सम्बन्धों की विविधता, संसाधनों का विकास, प्रति व्यक्ति आय तथा सकल घरेलू उत्पाद बढ़ा है। वहीं इसके दूसरे पहलू भी विद्यमान हैं।

प्रस्तुत शोध आलेख का उद्देश्य भारतीय समाज पर वैश्वीकरण प्रक्रिया के समसामयिक प्रभावों का अध्ययन करना है। वैश्वीकरण के प्रभाव से भारतीय समाज के सामाजिक–सांस्कृतिक मूल्यों एवं आर्थिक जीवन पर किस प्रकार प्रभाव पड़ रहा है। क्या परम्परागत मूल्य के स्थान पर आधुनिक जीवन मूल्य हावी हो रहे हैं? और क्या समाज के सभी वर्ग समान रूप से इस विश्वव्यापी प्रक्रिया से प्रभावित हुए। इस अध्ययन में ऐतिहासिक शोध विधि के साथ–साथ विश्लेषणात्मक पद्धति के द्वारा निष्कर्ष तक पहुँचने का प्रयास किया गया है। आधुनिकीकरण और विकास प्रक्रिया प्रसिद्ध समाज वैज्ञानिक डॉ. श्यामाचरण दुबे (विकास का समाजशास्त्र 1977) के अनुसार आधुनिकीकरण को मानने वाले समाज वैज्ञानिक परम्परागत, संक्रमणकालिक तथा आधुनिकीकृत समाजों में भेद करते हैं, वहीं विकास की अवधारणा मानने वाले विचारक अविकसित,

विकासशील और विकसित समाजों की चर्चा करते हैं। यहाँ प्रश्न इन दोनों प्रक्रियाओं की दिशा और दशा को लेकर नहीं है, अपितु दोनों ही अवधारणाएँ एक ही प्रक्रिया की ओर संकेत करती है। परम्परा से आधुनिकता की ओर या अविकसित स्थिति से विकास की दिशा में आगे बढ़ना। प्रक्रिया कोई भी हो उस दौर से गुजरना तो समाज को ही पड़ेगा, परिणाम चाहे सकारात्मक या नकारात्मक कुछ हों। समाज की स्थिति को निर्धारित करने वाले मापदण्ड वैचारिक मूल्यों से आक्रान्त होते हैं, हमारे अनुभव से ज्ञान के कारण लक्ष्यों को तय करने में यथार्थवाद आया और लगभग मानवीय मूल्य, आवश्यकताओं की पूर्ति और जीवन की गुणवत्ता हमारे जीवन के लक्ष्य मान लिए गए। वास्तव में आधुनिकीकरण प्रक्रिया में मानसिक अभिवृत्तियाँ एवं संस्थागत संरचनाओं की प्रधानता होती है। व्यवस्था के प्रति अन्वेषी दृष्टिकोण के लिए नवाचार का प्रयोग, उपकरणों एवं तकनीकों की बहुलता के साथ व्यक्ति और सामाजिक अस्मिता को सुरक्षित रखने की क्षमता भी आधुनिकीकरण व विकास की प्रक्रिया में विद्यमान रहते हैं, फिर भी आधुनिकीकरण और विकास के मार्ग तथा समाज के लक्ष्य बदल रहे हैं। विज्ञान के बहाने अपनी चातुर्य बुद्धि से अभिजात और पूँजीपति वर्ग ने इस तरह से धमा चौकड़ी मचाई है कि हमारे लोक जीवन का जड़विहीन आधुनिकीकरण हो रहा है। बाजार ने प्रायोजित प्रतिस्पर्धा प्रचार के भद्दा प्रदर्शन किया जो वर्तमान आधुनिकीकरण के दुष्परिणाम के रूप में हमारे जीवन में सामाजिक समस्याओं को पैदा किया है।

वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभाव–

वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने निर्वाध गति से पूँजी और प्रौद्योगिकी के प्रवाह को संरक्षित किया है, जिसके प्रभाव के चलते पूँजी प्रधान टेक्नालॉजी को प्रोन्नत कर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को प्रत्यक्ष पूँजी निवेश करने का अवसर और प्रोत्साहन मिला है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि देश में विदेशी मुद्रा भण्डार में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई। उन्नत तकनीक से औद्योगिक विकास, रोजगार के विकल्पों में वृद्धि, पूँजी तरलता, जीवन स्तर में गुणवत्ता, उत्पादन सम्बन्धों की विविधता, संसाधनों का विकास, प्रति व्यक्ति आय तथा सकल घरेलू उत्पाद बढ़ा है। वहीं इसके दूसरे पहलू भी विद्यमान हैं।

टेक्नालॉजी की बहुलता से परम्परागत व्यवसाय, कुटीर उद्योगों का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर है, इससे प्रत्यक्षतः जुड़ी श्रमशक्ति बाजार की दौड़ से बाहर हो गई जिसका सीधा प्रभाव बेरोजगारी, क्रयशक्ति का ह्रास, आर्थिक तंगी के रूप में सामने आया। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी तथा पूँजी प्रधान तकनीकी के उपयोग स्वदेशी उद्यानों को बाजारी प्रतिस्पर्धा में ठहरने के लिए श्रमिकों की छंटनी के रूप में सामने आ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं एवं व्यावसायिक संगठनों की उनके हित साधक शर्तों का दबाव हमारे आर्थिक क्षेत्र के विदेशी प्रभुत्व को स्वीकार करने के लिए बाध्य कर रहा है। कल कारखानों का एक निश्चित क्षेत्र में विकास एक ओर क्षेत्रीय असन्तुलन बढ़ा रहा है, दूसरी तरफ जीवन में सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विषमताएँ बढ़ती जा रही हैं। हमारा समाज पर्यावरणीय विद्रूपताओं के भंवरजाल में फँसता जा रहा है। खनिज सम्पदा, वन सम्प्रदा एवं जलीय स्रोत बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की स्वार्थी निगाहों में कैद हो रहे हैं। आर्थिक सम्बन्ध स्वार्थपरक एवं वर्गीय हित में विभाजित हो रहे हैं। मूल्यों को सुविधा व उपयोग की दृष्टि से परिभाषित कर विद्रूप किया जा रहा है। पूँजीवाद को भारतीय समाज में बाजार दिखाई देता है, जहाँ सब कुछ बिकाऊ होता है। व्यक्ति स्वचेतना व आवश्यकता तय करने, पारस्परिक मूल्य का निर्धारण करने के लिए स्वतंत्र नहीं वरन् विज्ञापन बाजार के लुभावने व आकर्षण से उहापोह की स्थिति में जी रहा है। एक तरफ कुबेरपतियों व नव धनाढ्यों की संख्या बढ़ रही है, दूसरी तरफ गरीब की गरीबी उनके भरण पोषण का अधिकार छीनती है।। आमजन बेतहासा बढ़ती मंहगाई से त्रस्त हैं, उसकी क्रयशक्ति कम हो रही है। आर्थिक विषमता ने समाज के भाईचारे व सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ा है। सहयोग की प्रवृत्ति पर स्वहित प्रधान हो गया। वेबलेन (दि थ्योरी आफ लीजर क्लास 1899) में जिस आकर्षक वस्तुओं के उपभोग की बात करता है, उसमें व्यक्तियों का अधिकांश व्यय शानदार और सुन्दर दिखाई देने वाली वस्तुओं पर होता है। कमोवेश आज भारतीय समाज का नवधनाढ्य इसी प्रवृत्ति की ओर बढ़ चला है।

वैश्वीकरण और सामाजिक संरचना में बदलाव–

भारतीय समाज परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यद्यपि परिवर्तन एक सतत् प्रक्रिया है और गत्यात्मकता का निर्धारण करती है तथापि उदारीकरण व

वैश्वीकरण के चलते दिशाहीन गति दिखाई देती है। जिस समाज में जीवन का लक्ष्य आध्यात्मिक उन्नति, धार्मिक मान्यताओं व दार्शनिक मूल्यों पर गहरी आस्था और विश्वास था, ''एक के लिए सब और सबके लिए एक'' की परम्परा का पोषक व्यक्ति आत्मकेन्द्रित होता जा रहा है। उदारीकरण, बाजारवाद से उपभोक्तावादी व भौतिकतावादी संस्कृति पल्लवित एवं पोषित हुई। परिवार के संस्थागत संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक पहलुओं में परिवर्तन लक्षित हो रहे समाज में आर्थिक आधार पर नए वर्गों का अभ्युदय तथा राजनीतिक व्यवस्था में कुलीन तंत्र का विकास उनके जीवनयापन के अभिजात तरीके, उत्कृष्ट उपभोग व प्रदर्शन एवं समूह में प्रभुत्व की भावना समाज की पूर्व प्रकार्यात्मक आवश्यकताओं के मान्य संस्थागत व्यवहार से भिन्न व्यवहार स्थापित करते हैं। स्वाभाविक है इन वर्गों का समाज के लोगों से सामंजस्य नहीं बन पाता।

सामाजिक–सांस्कृतिक मूल्य एवं वैश्वीकरण–

वैश्वीकरण की प्रक्रिया निर्बाध टेक्नालॉजी के प्रभाव की तरफदारी करती है, उसके प्रयोग नित नये उत्पादन के औजारों में होने वाले परिवर्तनों ने सामाजिक सम्बन्धों को बदल दिया है। यह बदलाव लोगों के व्यवहार एवं चारित्रिक लक्षणों में लक्षित है। आज सवाल मानव बनाम यंत्र का है और यह सवाल सामाजिक–सांस्कृतिक तथा वैचारिक द्वन्द को लेकर है। पश्चिमी आधिपत्य और अनुकरण से भारतीय संस्कृति की द्वैधता उसके विकास की स्वतंत्र धारा को अवरूद्ध कर रही है। वैश्वीकरण और उदारीकरण की प्रक्रिया से जीवन गुणवत्ता में उन्नत, शिक्षा में गुणात्मक व तकनीकी सुधार, महिलाओं में जागरुकता, निर्धनता में गिरावट, व्यापार व वाणिज्य के नए अवसर की उपलब्धता निश्चित रूप से बढ़ रही है। संचार क्रान्ति ने भौगोलिक दूरी कम किया है, आज का समाज वैश्विक गाँव में बदल गया है। थियोडोर लेविट के शब्दों में ''एथनिसिटी का वैश्वीकरण'' हुआ है। सांस्कृतिक सामाजिक उपागमों के वैश्वीकरण के सन्दर्भ वैश्विक स्थानीय संस्कृति के सम्बन्धों को मिश्रित करने का प्रयास किया है। वैश्वीकरण बहुलवादी संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिसके प्रभाव के चलते प्रजातीय व नस्लीय दूरियाँ कम हुई, जातीय व अस्पृश्यता की सीमाएँ शिथिल हुई, धार्मिक सहिष्णुता एवं सांस्कृतिक संचरण से सजातीयता लक्षित हो रही है। लेकिन हमें यहाँ ध्यान रखना होगा कि भारतीय समाज परम्परात समाज है। धार्मिक आस्था, जातीय भावना, पारिवारिक आदर्श, सामाजिक मूल्यों एवं कर्तव्यों का पारस्परिक संतुलन का पोषण प्रमुख आधार थे।

वैश्वीकरण प्रक्रिया के सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रभाव स्पष्टतः दिखाई देता है। सामाजिक–सांस्कृतिक रूपान्तरण की प्रक्रिया के सामाजिक में परम्परागत सामाजिक संरचना से आधुनिक सामाजिक संरचना में संक्रमण की अवस्था का होना स्वाभाविक है। प्रौद्योगिकी की स्वीकृति में लोगों क जीवनशैली, वैचारिणी, सामाजिक सम्बन्धों, प्रतिमानों, मूल्यों, उत्पादन व्यवस्था और उपभोग के तरीकों को नऐ सिरे से निर्धारित किया है। सामाजिक भूमिका, लक्ष्य की प्राप्ति के साधन एवं साध्य के बीच तनाव, संघर्ष और कुण्ठा से सामाजिक विकृति पैदा होती है। बाजार की गलाकाट प्रतिस्पर्धा, धन के प्रति बढ़ता आकर्षण, उपभोक्ता वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग, फैशन परस्त जीवन, ऐन्द्रिक तुष्टि की चाहत आदि ने भारतीय सामाजिक संरचना एवं प्रकार्यात्मक सम्बन्धों के स्थापित मूल्यों के स्थान पर आधुनिक सम्बन्ध कायम हो रहे हैं। टालकट पारसन्स ने सामाजिक व्यवस्था के तीन मूल अंगों का उल्लेख करते हुए उनके अन्तर्सम्बन्धों की व्याख्या की, जिसमें संरचनात्मक पहलू (संस्कृति, मूल्य, आदर्श, कार्य और पद तथा सामूहिकता) का मापदण्ड पश्चिमीकरण, संस्कृतिकरण और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से रूपान्तरित हुए। संरचनात्मक रूपान्तरण से व्यवस्था के कार्यात्मक पक्ष प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। संरचना एवं प्रकार्यात्मक बदलाव का समाज की उन संस्थाओं विवाह, नातेदारी, परिवार आदि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। जिन पर समाज के संचालन, नियंत्रण एवं निर्देशन का दायित्व था उनका प्रभाव व नियंत्रण ढीला पड़ता गया।

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट होता है कि वैश्वीकरण की प्रक्रिया भारतीय समाज के भीतर दुरभि सन्धि को जन्म दे रही है। पश्चिमी संस्कृति के आक्रमण, स्वदेशी के प्रति उपेक्षा भाव एवं सत्तापरक राजनीतिक गठजोड़ का वर्चस्व समाज में नई–नई समस्याओं को पैदा कर हमारी बहुलतावादी सांस्कृतिक परम्परा को नए वर्गों के हित में केन्द्रित करती है। पिछले कुछ दशकों से प्रौद्योगिकी,

संचार और तकनीकी प्रगति के साथ ही उदारीकरण और भूमण्डलीकरण का युग प्रारम्भ हुआ है, जिसके कारण वैश्विक परिदृश्य में नये वर्गों का विकास हुआ है तथा नई सोच और जीवनशैली विकसित हो रही है। यह जीवनशैली लोगों को अपने देश की सभ्यता, संस्कृति, भाषा, परम्परा और इतिहास से अलग कर रही है। थियोडोर रोजेक ने अपनी पुस्तक ''द मेकिंग आफ ए काउण्टर कल्चर'' में कहा है कि 'वेबसाइट, नेट और अश्लील फिल्मों के व्यापक प्रचार ने मानव समाज की चूलें हिला दी हैं। यंत्रशाही ने अपनी उत्पादन क्षमता और उपभोक्ता की रुचि को नियंत्रण करने सम्बन्धी अपनी चालाकीपूर्ण नीतियों के द्वारा एक ऐसी संस्कृति को जन्म दे डाला है जिसका सम्बन्ध मात्र दैहिक समागम रह गया है।'' उदारीकरण और भूमण्डलीकरण के कारण जो बाजारू अर्थशास्त्र विकसित हो रहा है उसका सम्बन्ध तकनीकी ज्ञान से मनुष्य का शोषण करने व बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का समर्थन को सिद्ध करते हैं। इसमं समाजवाद और मानवतावाद जैसे चिन्तन को कोई स्थान नहीं है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था से पोषित और शिक्षितों में मानवीय संवेदनाओं का कोई स्थान नहीं है और न उनमें राष्ट्र चिन्तन, प्रजातांत्रिक मूल्यों के प्रति कोई प्रतिबद्धता दिखाई देती है। अपराधवृत्ति, सामाजिक विचलन, मादक द्रव्य व्यसन, ऐन्द्रिक शोषण आदि क्रियाओं से शैक्षिक वातावरण को प्रभावित कर रहे हैं। आज सबसे बड़ी आवश्यकता है कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विकास व संवर्धन का प्रयास किया जाय।

निष्कर्ष–

आज नैतिकता के प्रतिस्पर्धात्मक युग, वैश्वीकरण के बढ़ते कदम और उदार अर्थव्यवस्था से समाज के प्रत्येक समूहों में दबाव का प्रभाव दिखाई देता है। कहीं अर्थव्यवस्था का संकट, कहीं आतंकवाद से जूझता समाज। चारो तरफ भय और दहशत का वातावरण है। आवश्यकता है रोजगार के ऐसे अवसरों के सृजन की जो वर्ग विशेश को ही नहीं वरन् आम आदमी के लिए सुलभ हों। अमीर और गरीब के बीच खाई को समाप्त करने वाले विकास की, जिसमं आम आदमी की साझेदारी और भागेदारी सुनिश्चित की जा सके और विशमता को दूर करें। बेरोजगारी और गरीबी उन्मूलन कर क्रय शक्ति को बढ़ाने के साथ ही प्रति व्यक्ति बचत को प्रोत्साहन मिले। हमें आवश्यकता से अधिक उपभोग की संस्कृति को बदलना होगा। बचत के स्वभाव वाले भारतीय समाज को सजग करना होगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. कैरोल, ए. बी., कार्पोरेट सोशल रिस्पान्सिविलिटी, 1999, बिजिनेस एण्ड सोसाइटी, 38 (3)।
2. दुबे, श्यामाचरण, विकास का समाजशास्त्र, 1977, वाणी प्रकाशन दिल्ली।
3. फ्रेन्क, आन्द्रे गुण्डर, सोसियोलॉजी आफ डेवलपमेन्ट एण्ड अनडेबलपमेन्ट आफ सोसियोलॉजी, लन्दन, प्लूटो प्रेस, 1971।
4. झिंगन, एम. एल., विकास का अर्थशास्त्र एवं आयोजन, वृद्धा पब्लिकेशन प्रा. लि., नई दिल्ली, 2004।
5. मुकर्जी, रवीन्द्रनाथ, भारतीय समाज व संस्कृति, 2001, विवेक प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. टाफलर आल्विन, दि थर्ड वेव, न्यूयार्क, वेन्टम बुक्स, 1980।

Received: 17 Nov., 2022; **Accepted:** 27 Dec.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

मन्नू भण्डारी की कहानियाँ

– डॉ. महफूजुर्रहमान हफीजुर्रहमान सिद्दीकी
अध्यक्ष हिन्दी विभाग,
वसंतराव नाईक कालेज ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एण्ड बैरिस्टर ए. आर. अंतुले साइंस कालेज, म्हसला, जिला– रायगढ़–402105 (महाराष्ट्र)

ई–मेल :
mhsiddiqui1969@gmail.com

सारांश

मन्नू भण्डारी की अनेक कहानियों में इस मनोवैज्ञानिक मान्यता को भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मन्नू भण्डारी की कहानियों में मौलिकता है। उनकी कहानियों में तत्कालीन युग–जीवन का स्पष्ट चित्रण हुआ है। उनकी रचनाओं की विशिष्टता है, उनके अनुभवों की प्रामाणिकता। मन्नू जी ने इस जीवन–सत्य को अपने समाज और परिवेश से प्राप्त किया है। जो किसी न किसी मानव जीवन के हित–अहित से जुड़ा है मन्नू जी की रचनाओं, कहानियों में जीवन की यथार्थता के साथ है संवेदना का भी प्रसार है। मन्नू भंडारी की नारी एक व्यक्ति के रूप में ही उमरकर सामने आती है। अधिकांश नारी पात्र संस्कारों को तोड़कर उनका अतिक्रमण करने वाले पात्र हैं। ये जड़ संस्कारों से उठती हुई नारियाँ हैं। दीवार, बच्चे और बरसात में मजबूत दीवार को तोड़कर नन्हीं सी कोपल निकल आना और सारी दीवार को कमजोर कर देना अपने आप में प्रतीक है, संस्कारों की दीवार तोड़कर भाग जाने वाली उस सामान्य लड़की का यहीं से यह सिलसिला शुरू होता है और बढ़ता ही जाता है। आर्थिक स्वतंत्रता ने स्त्री–पुरुष सम्बन्धों का स्वरूप ही बदल दिया है जो मन्नू जी की कहानियों में बखूबी देखने को मिलता है।

आधुनिक युग के नये कहानीकारों में मन्नू भण्डारी जी का अद्वितीय स्थान है। जीवनानुभवों की यथार्थता और संवेदनशीलता उनकी कहानियों की प्रमुख विशेषता है। नये कथ्य और नई कथन शैली के कारण ही उनकी कहानियाँ 'नई कहानी' की श्रेणी में प्रतिष्ठित हैं। मन्नु जी ने स्त्री–पुरुष के बनते बिगड़ते सम्बन्धों का चित्रण पारिवारिक परिवेश में सफलतापूर्वक किया है। स्त्री–पुरुष के अन्तः सम्बन्ध को उन्होंने कलात्मक तथा मनोविश्लेषणात्मक रूप में उभारने का सफल प्रयास किया है।

मन्नू जी की कहानियाँ पति–पत्नी सम्बन्ध, आधुनिक–प्रेम, यौन तथा नारी–चित्रण तक ही सीमित नहीं है। अपितु किसी न किसी सामाजिक समस्या या स्थिति को उजागर करने में पूर्ण रूप से सक्षम हैं।

इस दृष्टि से मैं हार गई, श्मशान', 'दो कलाकार', 'राजाधर शास्त्री', 'अभिनेता', 'सजा', 'क्षय', 'एखाने आकाश नाई, शायद, त्रिशंकु', 'अलगाव, खोटे सिक्के', 'एक प्लेट सैलाव', 'छत बनाने वाले', 'संख्या के पार', इन्कम टैक्स और नींद', 'तीसरा हिस्सा', 'रेत की दीवार', 'असामयिक मृत्यु', 'तीसरा आदमी', 'दरार भरने की दरार', 'चश्में' 'नई नौकरी, ये कहानियां किसी न किसी सामाजिक समस्या को उजागर

करती हैं।

'क्षय' या 'सजा' कहानी लिखी तो लड़की के एंगिल से है लेकिन इसका उद्देश्य नारी–चित्रण नहीं है। बाप का शारीरिक क्षय लड़की के नैतिक क्षय का कारण बनता है अर्थात् आर्थिक दबाव किस प्रकार नैतिकता का क्षय करता है यही कहानी की मूल संवेदना है। इसी तरह 'सजा' कहानी पूरी न्याय व्यवस्था पर करारा प्रहार करती है। सात साल तक मुकदमा चलने के बाद अदालत ने तो बरी कर दिया लेकिन इस दौरान उस पूरे परिवार ने जो भोगा वह किसी सजा से कम था? धर्म के नाम पर भोली–भाली युवतियों को पथभ्रष्ट कर अपनी वासनापूर्ण करने वाले धार्मिक पाखण्डियों से हमारा समाज सदा त्रस्त रहा है। धार्मिक आडम्बरों के बन्धनों में बाँधकर जिस वीभत्स प्रकार से समाज में शोषण किया जाता है, उसका चित्रण 'ईसा के घर इन्सान कहानी मैं हुआ है। 'अभिनेता' कहानी पुरुष के दोगलेपन को उभारकर ऐसी सामाजिक विषमता को प्रस्तुत करती हैं जहाँ नारी पुरुष के प्रेमजाल में फँसकर सदा छली गई है। 'पंडित गजाधर शास्त्री' के माध्यम से साहित्य जगत में पाई जाने वाली तस्कर प्रवृत्ति की ओर संकेत किया गया है। 'खोटे सिक्के' 'तीसरा हिस्सा' 'रानी माँ का चबूतरा' आदि कहानियाँ ऐसी सामाजिक स्थिति को प्रस्तुत करती हैं, जहाँ पतन नैतिक–ह्रास और भयंकर त्रासदियाँ हैं। इन सभी कहानियों का लक्ष्य समाज की किसी न किसी समस्या का चित्रण करना ही है। तो पुरुष पात्रों की तरह ही उस समस्या को उजागर करने के माध्यम है। स्त्री–पुरुष सम्बन्धों में यौन अपरिहार्य रूप से जुड़ा हुआ है। इसलिए इन सम्बन्धों के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने वाली कहानियाँ हैं जैसे– 'बाँहों का घेरा', 'कील और कसक', 'घुटन' ये यौन प्रधान कहानियाँ हैं। किन्तु 'बन्द दरवाजों का साथ में यौन समस्या कतई नहीं है। यह कहानी एक खंडित व्यक्ति ..... दराजों में बँटे हुए व्यक्ति के साथ रहने की त्रासदी की कहानी है। यह व्यक्ति कैसे अपने साथी को भी टुकड़ों में बाँटता चलता है बल्कि टुकड़ों में बँटकर जीना साथी की मजबूरी हो जाती है। कुछ कहानियाँ ऐसी हैं जिनकी मूल संवेदना नारी है पर उसमें यौन दूर–दूर तक नहीं है। जैसे– 'अकेली', 'मजबूरी', 'नशा', 'रानी माँ का चबूतरा', 'नई नौकरी', 'हार', 'सयानी बुआ' आदि।

गीत का चुम्बन और स्त्री सुबोधिनी में भी यौन ढूंढा जाता है, लेकिन यह एक गलती है। गीत का चुम्बन संस्कार और आकांक्षा के द्वन्द्व की कहानी है। उसका प्रेमी जब उसे चूम लेता है तो संस्कारवश पहली प्रतिक्रिया विरोध की होती है। पर जैसे ही संस्कार की पकड़ ढीली होती है तो उसे अपनी मूर्खता पर पश्चाताप होता है। 'स्त्री सुबोधिनी पुरुषों के उस दोगलेपन और हिप्पोकेसी की कहानी है जिसमें बड़े छल और कौशलता से आधुनिकता का नाम जपकर स्त्री और प्रेमिका को साथ–साथ चलाते हैं। उसे पुरुष की यौन आकांक्षा की कहानी माना जा सकता है जो मात्र पत्नी से संतुष्ट नहीं होती।

मन्नू भंडारी की नारी एक व्यक्ति के रूप में ही उमरकर सामने आती है। अधिकांश नारी पात्र संस्कारों को तोड़कर उनका अतिक्रमण करने वाले पात्र हैं। ये जड़ संस्कारों से उठती हुई नारियाँ हैं। दीवार, बच्चे और बरसात में मजबूत दीवार को तोड़कर नन्हीं सी कोपल निकल आना और सारी दीवार को कमजोर कर देना अपने आप में प्रतीक है, संस्कारों की दीवार तोड़कर भाग जाने वाली उस सामान्य लड़की का यहीं से यह सिलसिला शुरू होता है और बढ़ता ही जाता है। आर्थिक स्वतंत्रता ने स्त्री–पुरुष सम्बन्धों का स्वरूप ही बदल दिया है जो मन्नू जी की कहानियों में बखूबी देखने को मिलता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय समाज समाज में और जीवन मूल्यों में जितने भी परिवर्तन हुए उन सबका चित्र मन्नू साहित्य में दिखाई देता है। स्वातंत्र्योत्तर भारतीय जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिवर्तन उसके जीवन–दर्शन का बदलाव है। समिष्टगत मूल्यों की जगह व्यष्टिगत मूल्यों ने ले ली है। भारतीय परम्परा में, मान्यताएँ और धार्मिक विश्वास आज भरभराकर टूटने लगे है। इस स्थिति को मन्नू जी की कहानियाँ चित्रित करती हैं। वर्तमान युग–जीवन का चित्र प्रस्तुत करने वाले कुछ उदाहरण दृष्टव्य हैं–

1. आज के जमाने में तो गुनहगार अपने आप को साफ बचाकर ले जाते हैं। लाखों हजम करके मूँछों पर ताव देखते घूमते हैं। फाइलें की फाइलें गायब करवा देते हैं।[1]

यह उदाहरण आज के समाज के भ्रष्टाचार और न्याय व्यवस्था के ढकोसलों को स्पष्ट करता है।

2. करों की चोरी और गोलमाल भी आज समाज में सर्वत्र व्याप्त हैं। बड़े–बड़े उद्योगपति और अमीर लोग

टैक्स की चोरी करके नकली बही खाते प्रस्तुत करते हैं।

इन्कम टैक्स वालों की ओर से जाँच हो रही है। अब ये लोग गोलमाल तो दुनियाभर का किये रहते हैं। सारा काम मुझे सौंपा गया है कि जैसे भी हो सारे बही खातों को इस रूप में तैयार करूँ कि कोई आँच न आये। बच गये. तो एक हजार रुपये देने का वायदा किया है।''[2]

3. इस लोकतांत्रिक देश में राजनीति सत्ता की राजनीति बन गयी है। सत्ता का गुणगान हर क्षेत्र में हो रहा है। लोकतंत्र की आत्मा और जनता की अवाज समझे जाने वाले समाचार पत्र भी इससे बच नहीं पाये हैं। इस संदर्भ में मन्नू जी का स्पष्ट चित्रण दृष्टव्य है–

'लानत है स्लाले इन संपादकों पर। दोगले और बेपेंदी के। अच्छा है बेटा, तुम यही करो। जो शक्ति स्थान पर बैठा है, उसके चरण चाटो और अपनी सात पुश्तों को तार लेने का सिलसिला बिठा लो।... लेखक, सम्पादक. अध्यापक सबके सब चले जा रहे हैं लाइन लगाकर जय कुर्सी भैया ।''[3]

4. नौकरी प्राप्ति में भ्रष्टाचार–

''आजकल ये इंटरव्यू आदि तो सब दिखावा मात्र होते हैं। यहाँ किसी जान पहचान वाले से इन्फ्युएंस डलवाना जाकर ।[4]

5. आज व्यक्ति का अहं अत्यन्त महत्वपूर्ण है– ''वह क्यों नहीं समझता कि आज हमारी भावुकता यथार्थ में बदल गयी है. सपना की जगह हम वास्तविकता में जीते हैं।[5]

6. अब मैंने महसूस कर लिया है कि यह दो व्यक्तित्व, दो अहं का झगड़ा है और ये लोग घर तोड़ने को तैयार है, अपना अहं नहीं तोड़ेंगे।[6]

7. आधुनिक प्रेम सम्बन्धों की झलक भी मन्नू साहित्य में दिखाई है–

'डॉक्टरों का नर्सों से प्रोफेसर का अपनी छात्राओं से अफसरों का अपनी स्टैनों सेक्रेटरी से प्रेम हो जाने का हमारे यहाँ आम रिवाज है। यह बात बिलकुल अलग है कि उनकी ओर से इसमें प्रेम कम और शगल ज्यादा रहता है।'[7]

मन्नू भंडारी ने अनी कहानियों में परिवेश को देखने और प्रस्तुत करने प्रयास किया है–

''परिवेश में व्यक्ति को देखने की प्रवृत्ति निश्चय ही गेल्टास्ट के अनुरूप है।'[8]

मनोविज्ञान की एक और मान्यता है कि ''छोटी से छोटी वैयकि सामाजिक, सांस्कृतिक तथा अन्य प्रकार की प्रतिक्रिया में व्यक्ति के चित्र को खोजा जा सकता है।''[9]

निष्कर्ष–

मन्नू भण्डारी की अनेक कहानियों में इस मनोवैज्ञानिक मान्यता को भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मन्नू भण्डारी की कहानियों में मौलिकता है। उनकी कहानियों में तत्कालीन युग–जीवन का स्पष्ट चित्रण हुआ है। उनकी रचनाओं की विशिष्टता है, उनके अनुभवों की प्रामाणिकता। मन्नू जी ने इस जीवन–सत्य को अपने समाज और परिवेश से प्राप्त किया है। जो किसी न किसी मानव जीवन के हित–अहित से जुड़ा है मन्नू जी की रचनाओं, कहानियों में जीवन की यथार्थता के साथ है संवेदना का भी प्रसार है।

संदर्भ संकेत

1. 'सजा : 'यही सच है' – कहानी संग्रह, पृष्ठ संख्या– 61।
2. 'इन्कम टैक्स और नींद – पृष्ठ संख्या– 106।
3. 'तीसरा हिस्सा, त्रिशंकु – कहानी संग्रह, पृष्ठ संख्या– 146।
4. यही सच है : 'यही सच है – कहानी संग्रह, पृष्ठ संख्या– 137।
5. यही सच है : 'यही सच है – कहानी संग्रह, पृष्ठ संख्या– 136।
6. 'दरार भरने की दरार' – 'त्रिशंकु कहानी संग्रह, पृष्ठ संख्या– 60।
7. 'स्त्री सुबोधिनी' – त्रिशंकु कहानी संग्रह, पृष्ठ संख्या–66।
8. नई कहानी का मनोवैज्ञानिक अध्ययन – ले. डॉ. मिथिलेश रोहतगी, पृष्ठ संख्या– 205।
9. नई कहानी का मनोवैज्ञानिक अध्ययन – ले. डॉ. मिथिलेश रोहतगी, पृष्ठ संख्या– 205।

ISSN : 2394-4366

Received: 01 Nov., 2022; **Accepted:** 28 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

मत्स्य पुराण का प्राकृतिक अध्ययन : प्रकृति, संस्कृति एवं आर्थिक संसाधन

– प्रो. दिनेश कुमार शुक्ल
प्रोफेसर – संस्कृत विभाग,
राजकीय महाविद्यालय, बूँदी–323001
(राजस्थान)

ई–मेलः
dineshshuklakotacollege@gmail.com

सारांश

प्रकृति का मानव के साथ आदिकाल से सम्बन्ध चला आ रहा है। प्रकृति के कमनीय क्रोड में क्रीड़ा कर केवल मानव ने ही नहीं अपितु प्राणि मात्र ने अलौकिक आनन्द की अनुभूति की है। प्राणि मात्र में मानव मानस सर्वाधिक संवेदनशील है। उसकी संवेदनशीलता ने ही प्रकृति के साथ उसका तादात्म्य स्थापित किया है। यही कारण है कि मानव प्रकृति से अनुच्युत होकर अपने जातिगत कार्य करने को प्रवृत्त होता रहा है। प्रकृति के अनुसार ही उसका स्वभाव एवं प्रवृत्तियाँ विनियमित हुई हैं। सान्द्रद्रुमों की शीतल छाया, पुष्पों के सरस सौरभ, द्विजाति के मधुर कलरव, स्रोतस्वितियों के स्रोत सुखद कलकल, कोकिल की कल-काकली, सुधांशु की शुभ धवलिमा, अरुण की अभिनव-अरुणिमा, शिलोच्चयों के अभ्रकय, तुहिनावृत्त सुमुतङ्श्रृङ्ग, षड्ऋतुओं के रुचिर पर्यावरण आदि प्राकृतिक संसाधनों ने मानव मस्तिष्क को अत्यधिक रूपन्दित किया है। नर-नारी के सदृश प्रकृति के भी मानव के लिए अनेक रूप प्रस्तुत होते हैं। जहाँ बाल्यावस्था में वह मानव के लालन, पालन-पोषण के समय दुलार करती हुई जननी के सदृश उसके लिए समुपभोग सामग्री को प्रस्तुत करती है। जिसमें रमण कर मानव परमाह्लाद की अनुभूति करता है। वृद्धावस्था में वह उसके प्रशान्त कुटीर में अवस्थित होकर मानव परम शान्ति का अनुभव करता हुआ मोक्ष मार्ग के लिए प्रवृत्त होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि मानव का प्रकृति देवी के साथ सार्वजनिक सहज सम्बन्ध है।

भारत देश प्रकृति सुन्दरी का भव्य प्रासाद है। इसकी प्राकृतिक सम्पदा जनमनाह्लादाकारिणी तो है ही, परन्तु उसका इससे भी बढ़कर और अधिक महत्व इसलिए है कि वह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूप पुरुषार्थ का संसिद्धि में सर्वातिशायिनी भूमिका के सहज रूप में निभाती है। प्रकृति महत्वपूर्ण भारतीय घटकों की संसिद्धि एवं प्रसिद्धि की प्रमुख हेतु रही है। प्राचीन कालिक भारतीय गौरव राज्य प्रासादों में न बढ़कर प्रकृति के पावन क्रोड में पल्लवित हुआ था। चक्रवर्ती सम्राट भरत की शिक्षा-दीक्षा तपोवन में ही हुई थी। आश्रम में ही निवास कर राम लक्ष्मण ने विभिन्न विद्याओं में पूर्णता प्राप्त की थी। प्रकृति के ही पवित्र क्रोड में बैठकर भारतीय मनीषियों ने वेदों के दिव्य ज्ञान का साक्षात्कार किया था। ज्ञानलोक से प्रकाशित अन्तःकरण वाले महर्षियों ने प्राकृतिक तपोवनों में ही समाधि में स्थित होकर उस परम ब्रह्म की दिव्य ज्योति का साक्षात्कार किया है।

वैदिक वाङ्मय में हमें प्रकृति के चारुतम चित्रण दृष्टिगोचर होते हैं। ऋग्वेद पर्जन्य सूक्त में प्रावृत् ऋतु का मनोहारी वर्णन हुआ है। ऋग्वेद में आश्रम स्थलों पर देवी ऊषा का स्वर्णिम चित्र खीचा गया है। इसी प्रकार अनेक स्थलों पर प्रकृति के मनोरम दर्शन होते हैं। वैदिक वाङ्मय से प्रभावित परवर्ती साहित्य में भी प्रकृति के मधुर और मनोरम रूप को देखा जा सकता है। लौकि साहित्य के आदि कवि महर्षि बाल्मीकि प्रकृति के निसर्ग, अवदात एवं मनोहर चित्रण में पूर्णतया सिद्ध-हस्त है। महर्षि बाल्मीकि का प्रकृति चित्रण सरस एवं स्वाभाविक है। व्यास, कालिदास, भास, भवभूति, भारवि, माघ, श्रीहर्ष आदि महाकाव्यों ने अपनी-अपनी कृतियों में प्रकृति सुन्दरी के सुनहरे स्वरूप का सुस्निग्ध चित्रण किया है।

इस प्रकार हम देखते है कि प्रत्येक प्रतिनिधि कवि ने साथ तादात्म्य स्थापित कर उसका मनोमुग्धकारी विमल स्वरूप निरूपित किया है। प्रकृति के भी 'कोमल एवं विकराल (कठोर)' दो पक्ष हैं। संस्कृत के कतिपय कवियों ने प्रकृति के अभिराम रमणीक, रूप का चित्रण किया है। कुछ कवियों ने प्रकृति के उग्र रूप को चित्रित कर दिया है। परन्तु कुछ ऐसे भी कवि है जिन्होंने 'प्रकृति के कोमल एवं कठोर' दोनों ही रूपों का चित्रण किया है। प्रकृति के केवल उग्र रूप का चित्रण करने वाले कवि न्यून है। महाकवि कालिदास ने कोमल, मधुर, मसण एवं अभिराम रूप को प्रकाशित किया है। विताकान्ताविभूति महाकवि भवभूति ने उसके कोमल एवं कठोर दोनों पक्षों का प्रौढ़ चित्रण किया है।

प्रकृति का स्वरूप -

सामान्यतः इस संसार के दृश्यमान सत्व तत्व प्रकृति ही है। किन्तु तत्वदर्शी मनीषी इस जगत से परे जो सत् तत्व विद्यमान है, उसको भी प्रकृति में ही स्वीकार करते है।'[1] प्रकृति के इन्ही दो विभागों को आध्यात्मिक या अन्तः और भौतिक या वाह्य प्रकृति की संज्ञा प्रदान की जा सकती है। प्रकृति के इन रूपों के अतिरिक्त उसका वर्गीकरण कोमल एवं विकराल, और आलम्बन एवं उद्दीपन रूप में भी किया जा सकता है। यहाँ पर प्रकृति के अन्तःस्वरूप को प्रथमतः और वाह्य स्वरूप को उसके पश्चात् प्रस्तुत किया जा रहा है-

(अ) अन्तः प्रकृति (स्वरूप) - ब्रह्माण्ड की रूपात्मक प्रकृति चेतन तत्व से अनुप्राणित होती है। प्रकृति के विभिन्न उपादानों में सद् एवं असद् दोनों प्रकार के बिम्ब स्पष्ट परिलक्षित होते हैं। इसके मूल में वह चेतन-तत्व है जिससे प्रकृति अनुप्रणित है। मानव, पशु और पक्षी के साथ ही साथ जड़ प्रकृति (वृक्षादि) भी उस शाश्वत शक्ति से प्रेरित होकर मानवोचित व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। वे प्रकृति के मूल रूप से पूरक नही है अपितु अपने मौन सन्देशों और क्रिया-कलापों से नानात्व को प्रस्तुत करते रहते हैं।

शकुन्तला के आश्रम पार्थक्य के दुख से अभिभूत हरिणियां चर्वित कुश-ग्रास उगल देती है, मयून नर्तन त्याग देते है और लतिकाएं पीत-पत्र त्याग कर अश्रुपात करती है।

'उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्त नर्यना मयूराः ।
अपसृतापाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्य श्रूणीव लताः ।।'[2]

महाकवि भवभूति तो जड़ प्रस्तरों के अन्तः व्यापार का भी सूक्ष्म निरीक्षण करते हैं। सीता विरह से व्यथित राम के करूण क्रन्दन को सुनकर जन स्थान के पशु-पक्षी और पादप लताएं ही नही रोती अपितु प्रस्तर भी आंसू बहाते है और वज्र का भी हृदय टुकड़े-टुकड़े हो जाता है-

**'जनस्थानेसून्ये विकलकणैरार्य चरितै -
रपिग्रावारोदित्यपि दलित वज्रस्यहृदयम्।।'**[3]

मत्स्य पुराण भी इस प्रकार की प्रकृति वर्णन से हीन नही है। हिमालय के एक आश्रम में निवास करते हुए अहिंसावादी महर्षि अत्रि के अहिंसक भाव से प्रभावित होकर मांसाहारी पशुओं ने भी ऋषि के समान निरामिष होकर दुग्ध और फल पर जीवन-यापित करना प्रारम्भ कर दिया था। वहां की भैंसे और बकरियों स्वादिष्ट दुग्ध बहाया करती थी, शिलाएं भीतर एवं बाहर से दुग्ध परिपूर्ण थी।

1- कोमल एवं विकराल -

मानव और प्रकृति परस्पर एक-दूसरे के पूरक है। इसीलिए मनुष्य प्रकृति का प्रेमी और पुजारी बनता है और प्रकृति मानव की सहभागिनी एवं सहकर्मिणी बनती है। विशेष मनःस्थित में मनुष्य प्रकृति के विविध रूपों में अपनी भावनाओं एवं विचारों का दर्शन करता है। इस प्रकार प्रकृति उसके अन्तःकरण में स्थित विभिन्न मनोभावों का प्रतिबिम्ब बन जाती है। मानव अन्तःकरण के साथ अनुस्युत होकर वह अस्थिर और परिवर्तित रूप में भी दिखाई पड़ती है। परिवर्तित मनःस्थित में प्रकृति का स्वरूप भी परिवर्तित दिखाई पड़ता है। इसी कारण से प्रकृति कभी उसे आनन्द एवं उत्साह का सागर समझने आती है तो कभी भयावह, उत्तेजक, दुःखद एवं विप्लवकारी। विचारकों, मननशील मुनियों एवं कवियों ने मानव एवं प्रकृति के इन सम्बन्धों का भरपूर निरूपण किया है। महाकवि कालिदास लिखते हैं कि जहाँ

मंजरियों से लदी हुई रसाल शाखाओं को आन्दोलित करता हुआ पवन दर्शकों के हृदयों को मुग्ध करता है और पल्लव, गुच्छ एवं पुष्पच्छादित शाखाएँ कामिनियों के चित्त को आह्लादित करते हैं। वही पत्नी विरह से व्यक्ति पथिक के लिए अत्यन्त दुःख दायिनी सिद्ध होती है।'[4]

इसी प्रकार महाकवि श्री हर्ष का 'नैषध' [5] और भवभूति का 'मालती माधव'[6] भी देखा जा सकता है।

2- आलम्बन एवं उद्दीपन रूप -

मानव प्रकृति के ही क्रोड में जन्मा है। उसी में उसका पोषण एवं विकास हुआ है। इसलिए मानव मन पर प्रकृति का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। ऋषि-मुनि और कवि सभी मनुष्य होते हैं। इसलिए उनकी रचना पर प्रकृति का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। प्रकृति अपने विविध आलम्बन स्वरूपों द्वारा रचना कर्ता में रसों का सञ्चार करती है तथा आश्रय रूप कवि या ऋषि की कल्पना का आलम्बनरूपा प्रकृति भाव का आश्रय लेने वाले कवि में अपने विविध स्वरूपों द्वारा रस का सञ्चार करती है। क्योंकि प्रकृति के विविध रूपों से ऋषि के ज्ञात-अज्ञात मन में भावनाएं सजग हो जाती है और वह संयोग - वियोग, करुणा-दया, प्रेम-घृणा तथा भय इत्यादि मनोभावों को ठीक वैसे ही अनुभव करने लगता है। जैसे विगत घटना क्रम उसके समक्ष अपने वास्तविक रूप में प्रकट हो गया है। प्रकृति का यह आलम्बन रूप समूचे विश्व साहित्य में परिलक्षित होता है।

विवेच्य पुराण में प्रकृति के आलम्बन स्वरूप का निरूपण आद्यन्त देखने को मिलता है। हिमालय और उसकी तटवर्ती नदी 'ऐरावती' नदी महर्षि अत्रि और मद्रदेश के राजा पुरुरवा के लिए इस प्रकार से आलम्बन करती है कि उनका वीतरागी मन वहाँ बनाये गये आश्रम में स्थित लेने के लिए उत्कण्ठिक हो उठता है -

'क्वचिद्विद्याधरगणैः क्रीडदिभरूपशोभिताम् ।
उपगीतं तथा मुख्यैः किन्नराणाम् गणै क्वचित् ।।'[7]

नन्दन वन और शरवण वन भी प्रत्येक मानव पर आलम्बन बन कर इस प्रकार का प्रभाव डालते हैं कि तपस्वीगण वहाँ पर आश्रमस्थ होकर कठोर साधनाएं करते हैं। तपश्चरण से मानव मन का परिष्करण होता है। मन के परिष्करण से शान्ति मिलती है। शान्ति से शान्ति स्वरूप आत्म तत्व की प्राप्ति होती है।

इसी प्रकार मत्स्य पुराण में सत्यवान-सावित्री का जो उपाख्यान वर्णित है वह प्रकृति के आलम्बन रूप से ओत-प्रोत है। यहाँ पर सत्यवान सावित्री से कहते हैं कि हे विशालाक्षि इस हरित भूमि में सुशोभित वन में वसन्त की वृद्धि करने वाले नेत्र एवं नासिका को सुख देने वाले आम्र वृक्ष को देखो तथा अरुणिम अशोक को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वह वसन्त मेरा ही परिहास कर रहा है।

'वनेऽस्मिञ्चशाद्वलाकीर्ण सहकारं मनोहरम् ।
नेत्रघ्राण सुखं पश्य वसन्ते रतिवर्धनम् ।।
वनेऽप्यशोकं दृष्ट्वैनं रागवन्तं सुपुष्पितम् ।
वसन्तो हसतीवायं मावेवाऽऽ।तलोचने ।।'[8]

पूर्व विवेचन में प्रकृति का आलम्बन रूप प्रतिपादित किया गया है। इसमें प्रकृति कवि के संवेगों का प्रत्यक्ष आलम्बन होती है किन्तु जब मानव हृदय में स्थित स्थाई भाव प्रकृति भिन्न किसी अन्य आश्रय से उद्दीपत होता है तो उसत समय प्रकृति उसके लिए उद्दीपक बन जाती है।

3- प्रकृति का मानवीयकरण -

मानव और प्रकृति के पारस्परिक सम्बन्धों सन्निकटताओं और तादात्म्य पर विचार करने से इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि मानव प्रकृति में सर्वत्र अपने ही रूप को देखता है। व्यक्ति की यह अवस्था होने पर प्रकृति केवल उसके लिए आलम्बन एवं उद्दीपन रूप वाली ही नहीं रह जाती। उसकी सहचरी, सहधर्मिणी और सहकर्मिणी भी हो जाती है। इस अवस्था में प्रकृति, व्यक्ति का परिवार या अंग बन जाती है। फलस्वरूप वह निष्प्राण एवं निश्चल प्रकृति के प्रभाव से भी किसी न किसी रूप में सम्बन्ध जोड़ लेता है। इस संसार में उसके जितने सम्बन्ध अपने स्वजनों या परिजनों एवं सामान्य से होते हैं, उसके वे सारे सम्बन्ध प्रकृति में भी दिखाई पड़ते हैं। प्रकृति का यही मानवीय स्वरूप है। प्रकृति मानव द्वारा कही सेविका के रूप में, कही शिक्षिका के रूप में, कही उपदेशिका के रूप में, कहीं दूती के रूप में, कही प्रेमी के रूप में कही प्रेमिका के रूप में, कही मित्र के रूप में, कही पत्नी के रूप में और कही सहधर्मिणी के रूप में देखी गयी है। यह प्रकृति मानव को प्रेम, आदर्श, सदाचार, सत्य और आध्यात्म का भी पाठ पढ़ाती है।

प्रकृति का मानव जीवन में महत्व व उपयोग-

प्रकृति की मानव जीवन में अपरिहार्य उपयोगिता है। मानव के लिए वह किसी न किसी रूप में अपने विविध उपादानों से उपादेय सिद्ध होती है। पृथ्वी, तेज, वायु और आकाश मानव शरीर रचना के हेतु है। मनुष्य का जीवन इसीलिए इन पञ्च तत्वों के बिना असम्भव है। धरातलीय

वनस्पति, जल, जन्तु, प्रकाश, वायु, सूर्य और चन्द्र इसके बिना जीवन की कल्पना करना व्यर्थ है। सांसारिक प्रकृति तो हमारी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति तो करती ही है, आध्यात्मिकता के लिए भी महत्वपूर्ण है। ईश्वर भक्ति, साधना और मोक्ष के लिए प्रकृति का योगदान महनीय है। इन्ही दोनों दृष्टियों से मानव के लिए प्रकृति कितनी उपयोगिनी हैं। इसका विवेचन किया जाना है।

(क) लौकिक महत्व -

यदि हम थोड़ा सा भी विचार करें तो यह अनुभव होता है कि मानव का ही नहीं अपितु प्राणिमात्र का जीवन प्रकृति पर अवलम्बित है। मानवेतर जीव जन्तु प्रकृति का सीधा उपयोग नही करते हैं। किन्तु प्रज्ञा प्रधान मनुष्य उसके द्रव्यों का रूप परिवर्तन करके नाना प्रकार से उसका उपयोग करता है। मानव का पालन-पोषण, आहार-विहार, रहन-सहन, वेष-भूषा, आचार-व्यवहार तथा दैनिक आवश्यकताएं प्रकृति पर आवलम्बित है। स्वास्थ्य इत्यादि विविध पहलुओं पर हम प्रकृति की उपयोगिता का विचार अधोविन्यस्थ कर रहे हैं।

(1) **स्वास्थ्य सम्बन्धी -** प्राणियों के स्वास्थ्य संवर्धन में प्रकृति अनेक प्रकार से सहायक सिद्ध होती है। आयुर्वेद जो प्राणियों के स्वास्थ्य रोगों एवं औषधि का विशद विवेचन करता है। उसका आधार प्राकृतिक वनस्पतियाँ ही है।

प्रकृति निर्मित औषधियाँ मानव को ही नहीं समस्त प्राणि मात्र को स्वस्थ रखती है।'[9] ब्रण विरोपण में इङ्गुदी के तेल के प्रयोग का उल्लेख प्राप्त होता है -

'यस्य त्वया व्रणाविरोपणमिङ्गुदीनां तैलं,
न्यषिच्यत मुखे कुशसूचविद्धे ।
श्यामाकमुष्टि परिवर्धितकोजहाति,
सोऽयं न पुत्रकृतक पदवी मृगस्ते ।।'[10]

(2) **संस्कृति सम्बन्धी -** भारतीय संस्कृति विश्व संस्कृतियों में अन्यतम है क्योंकि यह शुद्ध, सरल और शाश्वत मूल्यों से अनुप्राणित है। इस संस्कृति में इन गुणों के होने का कारण यह है कि यह प्रकृति के सुरम्य वातावरण में जन्मी, फूली और फली है। वर्ण व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था, पोऽश, संस्कार, पुरुषार्थ चतुष्टय (धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष) यज्ञ-याजन, आहार-विहार, रहन-सहन, आचार-विचार और शिक्षा-दीक्षा इत्यादि में वाह्य एवं आभ्यन्तर दोनों प्रकार की प्रकृतियों का अमूल्य योगदान है।

(3) **दैनिक उपयोग -** मानव के दैनिक जीवन में भी प्रकृति का अन्यतम महत्व है। स्वच्छ वनवासियों के शिरोलेप एवं दीपक जलाने के लिए इङ्गुदीतैल उपयोगी है। सहकार कर्पूर, लवङ्ग, पारिजात, चम्पक, लवली, ताम्बूल, पूग ये सभी मुख वासक द्रव्य है। अगरु और चन्दन अङ्गराग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। लाक्षारस महावर का कार्य करता है। मदिरा के लिए द्राक्षव और मधूक की अपनी अलग उपयोगिता है। वेतस और काष्ठ्य विविध प्रकार के लेटने, उठने, बैठने के आसन की दृष्टि से अत्यन्त उपयोगी है। मानव एवं देवों के अर्चन एवं पूजन में पुष्पों का अपूर्णनीय योगदान है। शिरोमालाएं एवं मञ्च शोभाएं पुष्पों के बिना अधूरी सी रहती है। रसाल, कदली, खर्जूर, नारिकेल, जम्बू, बिल्व, दाडिम (अनार), आमलक इत्यादि के सुन्दर फल क्षुधापूर्ति के हेतु तो है ही, इनसे रसास्वाद का भी आनन्द मिलता है।

प्रकृति के अनेक पदार्थ हमारे दैनिक जीवन के लिए उपादेय हैं। निम्ब, बबूल आदि वृक्षों के दातून से हम नित्य प्रति अपने मुख को प्रक्षालित करते हैं। जिससे मसूढ़ों व दांतों की रक्षा होती है। अनेक वनस्पतियों को एवं प्राकृतिक पदार्थों को मानव जीवन में नित्य प्रति प्रयोग किया जाता है। प्रकृति प्रदात्त विभिन्न प्रकार के शाकों द्वारा मानव भिन्न प्रकार के व्यञ्जन तैयार करते है जो कि आहार के अनिवार्य अंग हैं। अन्ततः हम कह सकते है कि प्रकृति के अनेक उपादान मानव जीवन के दैनिक उपयोग की वस्तु बन गये हैं जिनका उपभोग मानव प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से नित्य प्रति करता रहता है। अतः हम कह सकते हैं कि प्रकृति मानव जीवन के लिए अनन्य उपयोगी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1- सांख्य कारिका - 1-22
2- अभिज्ञान शाकुन्तलम् - 4-12
3- उत्तर रामचरितं - 1-28
4- ऋतु संहार -6-22-26
5- नैषध - 1-91
6- मालती माधव - 1-18-19
7- मत्स्य पुराण - 117-18 एवं पूर्व भाग पृष्ठ 538-39
8- मत्स्य पुराण - 209-1-2
9- अथर्ववेद - काण्ड-8 सूत्र - 7-17
10- अभिज्ञान शाकुन्तलम् - 4-14

ISSN : 2394-4366

Received: 28 Oct., 2022; **Accepted:** 18 Nov.,-2022, **Published:** January-March, 2023, Issue

गृहस्थाश्रम में वास्तु की उपयोगिता

(गृहस्थ जीवन में वास्तु का महत्व)

– डॉ. शैल मिश्रा
असिस्टेन्ट प्रोफेसर –
संस्कृत विभाग,
जुहारी देवी गर्ल्स (पी. जी.) कालेज,
कानपुर–208004 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
shail6020@gmail.com

सारांश

गृहस्थ जीवन जीने के लिए प्रत्येक मनुष्य को देश कालानुरूप गृह–निर्माण करना आवश्यक होता है। इसी निर्माण के तहत स्थायित्व, संवर्धन, कुटुम्बियों का आवागमन, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संरचनाओं का आदान–प्रदान आदि होता है। विविध कलाकृतियों का एकीभूत केन्द्रीयकरण होता है। इन्हीं विविध सृजनात्मक कलाओं का फलस्वरूप उत्तम गृह का निर्माण सम्भव हो पाता है। वास्तु के नियमों से गृह स्वामी और परिवार को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है और मनुष्य पुरुषार्थ चतुष्टय की कामना कर सकता है। दैनिक जीवन में व्यक्तिगत 'हितकाम्य' की भावना से सार्वजनिक उपयोग में आने वाले कुआँ, तालाब, मन्दिर, धर्मशाला आदि के निर्माण–कार्य भी बहुत महत्वपूर्ण है और ये सभी कार्य वास्तुशास्त्र के अन्तर्गत ही आते है। आचार्य विन्ध्येश्वरी प्रसाद द्विवेदी जी ने कहा है कि नवनिर्माण तो उत्तम है ही, यदि पुराने कुआँ, तालाब, मन्दिर, मकान आदि का कोई जीर्णोद्धार कराता है तो उसे अष्टगुणित पुण्य का फल मिलता है।

हिन्दू–संस्कृति अत्यन्त विलक्षण हैं। इसके सभी सिद्धान्त पूर्णतः वैज्ञानिक हैं, मनुष्य मात्र का सुगमता से एवं शीघ्रता से कल्याण कैसे हो? इसका जितना गम्भीर विचार हिन्दू–संस्कृति में किया गया हैं, उतना अन्यत्र नहीं मिलता! जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त मनुष्य जिन–जिन वस्तुओं एवं व्यक्तियों के सम्पर्क मे आता है और जो–जो क्रियाएँ करता है, उन सबको हमारे कान्तदर्शी ऋषि–मुनियों ने बडे वैज्ञानिक ढंग से सुनियोजित, मर्यादित एवं सुसंस्कृत किया है, इतना ही नहीं मनुष्य अपने निवास के लिए भवन निर्माण करता है तो उसको भी वास्तु–शास्त्र के द्वारा मर्यादित किया है।

'वास्तु' शब्द का अर्थ है, 'निवास करना' अर्थात् जहाँ जिस भूखण्ड पर गृह, मठ, मन्दिरादि का प्रारम्भिक उद्योग कर मनुष्य निवास करता है।

स्पष्टतः निवास–स्थान की आवश्यकता पृथ्वी पर जन्म लेने वाले समस्त प्राणियों को होती है। सभी प्राणी अपनी–अपनी सापेक्ष आवश्यकताओं के अनुरूप गृह का निर्माण करते हैं। इस निर्माण में जीवन का समग्र सुख एवं सुरक्षा का भाव समाहित है। असुरक्षित जीवन जीना कोई भी प्राणी नहीं चाहता। प्रत्येक जीव की भावना गृह निर्माण के समय यही रहती है कि बाह्यशत्रु–उपद्रव एवं प्राकृतिक वातावरणदिजन्य विषम

परिस्थितियों से उसे कभी कोई कष्ट ना हो।

गृहस्थ जीवन जीने के लिए प्रत्येक मनुष्य को देश कालानुरूप गृह–निर्माण करना आवश्यक होता है। इसी निर्माण के तहत स्थायित्व, संवर्धन, कुटुम्बियों का आवागमन, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संरचनाओं का आदान–प्रदान आदि होता है। विविध कलाकृतियों का एकीभूत केन्द्रीयकरण होता है। इन्हीं विविध सृजनात्मक कलाओं का फलस्वरूप उत्तम गृह का निर्माण सम्भव हो पाता है। उत्तम गृहस्थ के गुणों का वर्णन ''महर्षि व्यास'' न इस प्रकार किया हैं–

''दया श्रद्धा क्षमा लज्जा प्रज्ञा त्यागः कृतज्ञता।
गुणा यस्य भवन्त्येते गृहस्थो मुख्य एवं सः।।''[1]

अर्थात् जिसमें दया, क्षमा, लज्जा, उत्तम विवेकपूर्ण बुद्धि, त्याग, आदर–भाव ये सभी गुण विद्यमान हों, वही मनुष्य मुख्य गृहस्थ है। अथर्ववेद में कहा है कि जो गृहस्थ है, उसको घर बनाना आवश्यक है। शास्त्रों में कहा भी है कि सभी आश्रमों में प्रधान गृहस्थाश्रम ही है और इसमें रहने वाले स्वामी अत्याधिक पुण्यवान भी होते हैं। यथा–

''सर्वेषामाश्रञमावाच्च प्रधान पुण्यवान् गृही।''[2]

मनुष्य को गृहस्थ जीवन के लिए देश काल और स्थिति के अनुसार एक ऐसा गृह निर्माण कराना आवश्यक होता है, जिसमें वास्तु की अपने आप में परिपूर्ण हो उसमें वास्तु–शास्त्र के नियमों का पालन करते हुए उसका निर्माण कार्य हुआ हो। जिससे उस भवन में निवास करने वाले का और उसके कुटुम्ब का रात और दिन मान–सम्मान बढ़े आपस में एक–दूसरे के प्रति प्रेम भाव जाग्रत हो सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर का उच्च विकास हो सके।

गृह निर्माण से सम्बन्धित बहुत सी बातों की चर्चा हुई कुछ प्रमुख बिन्दुओं की चर्चा हम करेंगे। जिसको ध्यान में रखकर अगर हम अपने गृह का निर्माण कार्य करे तो हमें विशेष लाभ प्राप्त होगा।

सर्वप्रथम गृहस्थ को चाहिए कि गृह का निर्माण कराते समय हमेशा घर के कमरे बडे–बडे, बडी ऊँची छत से युक्त होने चाहिए क्योंकि ऐसे गृह में निवास करने वाले गृह स्वामी का हृदय उसकी भावना, उसकी सोच एवं आकांक्षाएं बडी होती हैं। संकुचित स्थान संकुचित कर देते हैं, इस तरह मनुष्य अपने जीवन में असफल रहता है। घर का आकार बडा होना चाहिए। बडे घर में इष्ट–मित्र और अतिथियों के आवागमन एवं ठहरने की व्यवस्था भी सुनिश्चित होनी चाहिए। ऐसा ही गृह उत्तम कहलाता है। इस तरह के निर्माण से गृहकर्ता का सम्मान भी बढ़ता है और वह सामाजिक एवं पारिवारिक स्तर पर पूज्यनीय होता है।

हमारे पूर्वजों ने यहाँ तक कहा है कि गृहस्थों के द्वारा की गई सम्पूर्ण क्रिया आदि अपने द्वारा निर्मित गृह में न हों तो वे सभी क्रियाएं निश्फल हो जाती है और इनकी समस्त ऊर्जा का फल उस गृह कर्ता (मकान मालिक) को मिलता है जिसके गृह में रह कर क्रियाएं की गई हो। इस विषय का उल्लेख भविष्य पुराण और अथर्ववेद के तृतीय काण्ड सूक्त द्वादश में गृह निर्माण से सम्बन्धित ऋचाओं में समस्त सांसारिक, पारिवारिक एवं सामाजिक गुणों–अवगुणों का वर्णन किया गया है।

भविष्य पुराण में बहुत सुन्दर शब्दों में उद्धत किया गया है, यथा–

''पर गेहे कृताः सर्वाः श्रौतस्मार्त क्रियाः शुभाः।
निष्फलाः स्युर्यतस्तासां भूमीषाः फलमश्नुते।।''[3]

गृहस्थाश्रम से सम्बन्धित उपयोगी वास्तु का विन्यास व्यक्ति को करना ही पडता है। यदि यही विन्यास, यही परिश्रम अपने निजी घर के निर्माण में किया जाए तो बहुत सुगमतापूर्वक भवन का निर्माण भी हो जाएगा और समस्त क्रियात्मक फल का नियोग गृहकर्ता के रूप में भी मिलेगा। इसीलिए गृहस्थों के समस्त श्रौत–स्मृति कर्म अपने गृह के बिना अन्यत्र कभी सिद्ध नहीं होते।

''आदित्य उदयन् यत्प्राचीं दिशं प्रविशति।
तेन प्राच्यान् प्राणान् रश्मिषु संनिधन्ते।।''[4]

''सूर्य जब उदित होते हैं, तो पूर्वादि सभी दिशाओं में उनकी किरणों द्वारा प्राण रखा जाता है।'' अर्थात भाव यह है कि सूर्य प्रकाश ही वायुमण्डल को शुद्ध करता है। सूर्य की किरणों के बिना प्राण की प्राप्ति असम्भव है। इसलिए गृहस्वामी को गृह निर्माण ऐसे स्थान में बनाए जहाँ सूर्य, चन्द्र, वायु, इन्द्रादि देवों से सहायक शक्तियाँ विपुल प्रमाण में प्राप्त होते रहें। अर्थात् सूर्य का प्रकाश अत्यधिक पडने से उसमें निवास करने वाले लोग आत्मिक शक्ति से सम्पन्न एवं निरोग होंगे। चन्द्रमा की शीतल चाँदनी से नहाते हुए घर के लोग स्थिर मन वाले होंगे और इनके द्वारा किये गये उद्योग भी सफल होंगे। घर में वायु

का संचरण निर्बाध रूप से होता रहे और घर के लोग आरोग्य लाभ प्राप्त करते है।

अब कुछ प्रमुख बिन्दु जो कि वास्तु–शास्त्र के नियमों के अनुरूप करेगे जो कि इस प्रकार हैं–

''स्नानाग्निपाकशंयनास्त्रभुजश्च धान्य–
भाण्डारदैवतगृहाणि च पूर्णतः स्युः।[5]
तन्मध्यतस्तु मथनाज्यपुरीशविद्या–
भ्यासारण्यरोदनर तौषधसर्वधाम।।''

अर्थात् गृहमण्डल के पूर्वभाग में स्नानगृह, अग्निकोण में भोजन बनाने का गृह, दक्षिण में शयनगृह, नैर्ऋत्य में शस्त्रगृह, पश्चिम में भोजन करने का गृह, वायव्य में अन्न भण्डार गृह, उत्तर में धन–द्रव्यादि भण्डार गृह, ईशान कोण में देवोपासना का गृह, पूर्व–आग्नेय के मध्य दही–दूध–मक्खादि मन्थन गृह, आग्नेय–दक्षिण के मध्य घी–तेल संग्रह करने का गृह, पश्चिम वायव्य के मध्य शोक अथवा रूदन गृह, वायव्य–उत्तर के मध्य काम–क्रीड़ा (स्त्री प्रसंग) गृह, उत्तर–ईशान के मध्य औशधि (दवा) रखने या बनाने का गृह तथा ईशान–पूर्व के मध्यभाग में सभी वस्तुओं का भण्डार गृह बनाना चाहिए।

ऐसा ही विचार 'नारदसंहिता', 'विश्वकर्म–प्रकाश', 'वास्तुरत्नाकर', 'वास्तुरत्नावली' एवं 'वृहत्संहितादि' ग्रन्थों में देखने को मिलता है।

पूर्वाचार्यों के निर्देशानुसार गृह का निर्माण वर्तमान में विज्ञान की नित्य नयी प्रयोगात्मक विधा का सामन्जस्य आर्किटेक्चरों के द्वारा आधुनिकता के परिक्षेत्र में होता जा रहा है।

मानव मात्र को गृहस्थाश्रम में स्त्री, पुत्र–पौत्रादि एवं सम्बन्धियों के स्नेह–सौख्य, ऋतुजन्य से उत्पन्न कष्टों से रक्षा तथा धर्म–अर्थ–काम को देने वाला गृह ही तो है। धर्माचार्यों के अनुसार–

''स्त्रीपुत्रादिक भोग सौख्य–जननं धर्मार्थकायप्रदम्।
जन्तूनामयनं सुखास्पदतिदं शीताम्बु धर्मापहम्।।[6]

गृह निर्माण मानव केवल अपने लिए ही नही करता अपितु इनके गृहाश्रम में सहयोग प्रदान करने वाले जो भी प्राणी होते हैं, उन सभी के सापेक्ष सुरक्षात्मक निवास–स्थान एवं भवन निर्माण भी अपेक्षित हो जाता है।

इस प्रकार गृह–निर्माण के महत्व का जितना भी विमर्श किया जाएगा उतना ही महत्वपूर्ण तथ्य सामने आता जाएगा। शास्त्रों में कहा गया है–

कोटिघ्नं तृणजे पुण्यं मृण्मये दशसड़.गुणम्।
ऐष्टिंके शतकोटिघ्नं शैलेऽद्रनन्तं फलं भवेत्।।[7]

अर्थात् खर–पतवार युक्त गृह–निर्माण करने पर लाख गुणा पुण्य मिट्टी से गृह–निर्माण करने पर दस लाख गुणा पुण्य, ईट से गृह–निर्माण करने पर एक सौ लाख (करोड़) गुणा पुण्य और पत्थर से भवन–निर्माण करने पर गृहकर्ता को अनन्त पुण्य–फल मिलता है।

प्रायः ऐसा देखा गया है कि वर्तमान समय में सामाजिक, आर्थिक संरचना, स्थानाभाव व महंगाई आदि कारणों के चलते व्यक्ति पूर्ण वास्तु के नियमों के आधार पर गृह निर्माण नहीं करा पाते हैं। नगरीय क्षेत्र में कई प्रकार की व्यवहारिक परेशानियों के कारण गृह निर्माण में वास्तु के नियमों का पालन पूरी तरह से सम्भव नहीं है जिसके कारण लोगों के मन में कई प्रकार के संशय रहते हैं परन्तु ऐसी परिस्थितियों में भी कुछ नियमों का पालन करके वास्तु के दोषों को कम किया जा सकता है और जीवन को सरल बनाया जा सकता है। जैसे कि दक्षिण एवं दक्षिण–पश्चिम स्थान को श्रेष्ठ माना जाता है, अतः यथा सम्भव इस स्थान को रिक्त रखें या इन स्थानों पर वजनदार सामान न रखें। घर में किसी भी स्थान पर नकारात्मक जैसे– युद्ध, आक्रमण, दुख, दर्द सम्बन्धित पेंटिंग या चित्र न लगायें, इसके स्थान पर सकारात्मक या प्रसन्नता वाले चित्र लगाने का प्रयास करें, घरों में कभी भी कांटेदार जैसे– कैक्टस इत्यादि के पेड़–पौधे भी नहीं लगाने चाहिए, इसके स्थान पर फूलों के पेड़ या वनस्पतियों के पौधे भी लगा सकते हैं।

इसके साथ ही घर को हमेशा व्यवस्थित ढंग से रखना चाहिए जैसे– बर्तन, कपड़े या फर्नीचर को उचित स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखना चाहिए न कि इधर–उधर फैले रहने देना चाहिए न कि इधर–उधर फैले रहने देना चाहिए। घर में टूटा हुआ काँच, फटे पर्दे, टूटा फर्नीचर, बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। यह रोग एवं दरिद्रता का कारक माने गये हैं, बेड रूम को इस प्रकार व्यवस्थित करना चाहिए कि सोने वाले का सिर उत्तर दिशा में न रहे। साथ ही भोजन करते समय दक्षिण दिशा की ओर मुख करना पूर्णतया निशेधित है। सोने के कमरे में इलेक्ट्रानिक के सामान जैसे कम्प्यूटर या टीवी वगैरह नहीं होने चाहिए। बच्चे के पढ़ने की दिशा पूर्व या

उत्तराभिमुख होना चाहिए, अगर सम्भव है तो पढ़ाई के स्थान के सम्मुख खिड़की या खुला स्थान होना चाहिए। ध्यान रखें कि अध्ययन कक्ष और रसोई दोनों ही शौचालय और स्नानगृह से दूर होने चाहिए। इसी प्रकार पूजा कक्ष भी शौचालय के विपरीत दिशा में होना ही श्रेष्ठ है। फर्नीचर के लिए ध्यान में रखने योग्य तथ्य है कि बिस्तर के बेड लोहे के नहीं बनवाने चाहिए, इसके स्थान पर लकड़ी के बेड को प्राथमिकता देनी चाहिए। शयन कक्ष में दर्पण को भी निशेध माना गया है। इसी प्रकार ध्यान रखना चाहिए कि घर का मुख्य द्वार हमेशा अन्दर की ओर खुलना चाहिए न कि बाहर की ओर, और मुख्य द्वार के सम्मुख कोई भी बाधा जैसे पौधे या फर्नीचर इत्यादि नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार कुछ और नियम जैसे स्वागत कक्ष में बैठते समय मुखिया का मुख पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए।

अन्ततः हम कह सकते हैं कि इन छोटे परन्तु महत्वपूर्ण वास्तु सुधारों से हम घर में स्वास्थ्य, खुशहाली और समृद्धि को पूर्णतः सुनिश्चित कर सकते हैं। वास्तु के इन नियमों से गृह स्वामी और परिवार को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है और मनुष्य पुरुषार्थ चतुष्टय की कामना कर सकता है।

दैनिक जीवन में व्यक्तिगत 'हितकाम्य' की भावना से सार्वजनिक उपयोग में आने वाले कुआँ, तालाब, मन्दिर, धर्मशाला आदि के निर्माण–कार्य भी बहुत महत्वपूर्ण है और ये सभी कार्य वास्तुशास्त्र के अन्तर्गत ही आते है। आचार्य विन्ध्येश्वरी प्रसाद द्विवेदी जी ने कहा है कि नवनिर्माण तो उत्तम है ही, यदि पुराने कुआँ, तालाब, मन्दिर, मकान आदि का कोई जीर्णोद्धार कराता है तो उसे अष्टगुणित पुण्य का फल मिलता है। यथा–

वापीकूपडागेषु देवतायतनेषु च।
जीर्णान्युद्धरते यस्तु पुण्यमष्टगुणं भवेत्।।[8]

वेद, धर्मशास्त्र, पुराण एवं उपनिषदादिकों में भी वास्तुशास्त्र से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण विषय कहे गए हैं। मनुष्य मात्र को इसका अवलोकन एवं मनन करना चाहिए। जिससे एक सफल एवं सुदृढ़ गृहस्थाश्रम की परिकल्पना सिद्ध हो सकती है। इसके साथ ही साथ मनुष्य मात्र अपने जीवन में पुरुषार्थों को भी प्राप्त कर सकेगा।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. वास्तुरत्नाकर, 1, 6।
2. ब्र. वै. पु. ब्र. ख., 23.8।
3. भविष्यपुराण / वास्तु–शास्त्र विमर्श, पृष्ठ संख्या–7।
4. प्रश्नोपनिषद् 16।
5. मु. चि., 12, 21।
6. वास्तु–शास्त्र–विमर्श 1 / 3।
7. वास्तु रत्नाकर 1 / 9।
8. वास्तु रत्नाकर 1 / 10।
9. वास्तु रत्नाकर, 1.6।

इति समाप्तम्

The Gunjan

Multi Displinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed Research Journal

ISSN : 2349-9273

`The Gunjan'

(in Multi Language : Hindi + English + Sanskrit)

Multi Displinary Quareterly International Refreed/Peer Reviewed Research Journal

Sector-K-444, `Shiv Ram Kripa' World Bank Barra-Kanpur-208027

Contact- 08896244776, 09335597658,

E-mail: mohittrip@gmail.com

Visit us: www:thegunjan.com, abhinavgaveshna.com

ISSN : 2394-4366

Received: 20 Nov., 2022; **Accepted:** 27 Dec.,-2022, **Published:** January-March, 2023 Issue

कृष्णा सोबती के उपन्यासों में नारी चित्रण : एक विवेचन

– डॉ. सुनन्दा त्रिवेदी
प्राचार्य
अब्दुल सत्तार खाँ महाविद्यालय,
खीरों, रायबरेली–229001
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
drsunanda29@gmail.com

सारांश

कृष्णा सोबती जी हिन्दी की एक ऐसी सशक्त नारीवादी लेखिका हैं जिन्होंने अपने लेखन में नारी की बदलती हुई स्थिति, उसकी यातनाओं, संघर्षों को स्त्रीत्ववादी परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया है। इनके सभी उपन्यासों में जीवन के अनेक अनछुये पहलुओं तथा उनसे सम्बन्धित अनेक समस्याओं की विशद–विवेचना की गई है। साहित्य अपनी प्रकृति के अनुसार ही विषय ग्रहण करता है। उपन्यास में वर्णित कुछ घटनाएं वास्तविक होती हैं और कुछ अवास्तविक, पर वे ऐसी होती हैं जिनकी पूर्ण सम्भावना होती है। सोबती जी ने जितना भी लिखा है वह बहुत ही सुगठित, सटीक एवं रचनात्मक लिखा है।

आकुल और व्यथित हृदय की पीड़ाओं का समन्दर, जब लेखनी की धार बनकर सामाजिक चिंतन के माध्यम से कलम की स्याही से निःसृत हो रूपाकार लेता है तब मानवता की वैचारिक कोख से साहित्य का जन्म होता है। परिस्थितियों और पीड़ाओं से निरन्तर चोटहिल मानवता तथा मनुष्य से मनुष्य की बढ़ती दूरी का सर्पदंश आज समाज की सबसे बड़ी समस्या है। समाज के इस सर्पदंश को साहित्य की विविध–विधाओं ने समय समय पर परिस्थितियों के अनुरूप उकेरा है जिसमें हिन्दी कथा–साहित्य और उपन्यास–साहित्य सर्वाधिक अग्रणी रहा है। उपन्यास की संवेदनशील विधा जहां एक ओर भारतीय समाज की अंतिम तह तक पहुँच कर जीवन की हर सच्चाई को हू–बहू प्रस्तुत करती है वहीं दूसरी ओर मानव सम्बन्धों की वैचारिक डगर के उत्पात को भी अपने चित्रण में महत्वपूर्ण स्थान देती है।

नारी–विषयक चर्चा के अन्तर्गत समकालीन उपन्यासों की लेखिकाओं ने अपनी रचनाओं में नारी के विविध पक्षों को उद्घाटित किया है तथा अपनी लेखनी के माध्यम से नारी के अनेक अनछुए पहलुओं और उनसे सम्बन्धित अनेक समस्याओं की विशद–विवेचना की है। कृष्णा सोबती इन्हीं श्रेष्ठ लेखिकाओं में से एक हैं। वह हिन्दी के सुप्रसिद्ध प्रतिभा सम्पन्न उपन्यास–साहित्यकारों में अपना विशेष स्थान रखती हैं। जीवन में व्याप्त विसंगतियों, विडम्बनाओं, विद्रूपताओं को उन्होंने गहराई से देखा है, परखा है, भोगा है और पहचाना भी है। सोबती जी की कृतियां स्त्री को निरन्तर संघर्षशील रहने की पूर्ण प्रेरणा देती हैं, उन्होंने अपने मन में जो ठाना है कर दिखाया है। "कृष्णा सोबती.....एक नाम..... निश्चित बायोडाटा में बंधी एक मौलिक पहचान। लेकिन नाम, नाम न रहकर संस्था बन जाए, संज्ञा, संज्ञा न रहकर विशेषण बन जाए। तो ..... बात अति रंजित लग सकती है। लगेगी भी।"[1] वह अपनी निजी जिन्दगी किसी के साथ नही

बाँटना चाहती हैं, वह अपने दर्द को अकेले ही आत्मसात् करना चाहती हैं। इसीलिए वह अपने साहित्य–सृजन की शुरूआत के बारे में शुद्ध रूप से कहना चाहती हैं– "मेरे सृजन की कुंजी किसी आशक्ति में नहीं। राग, प्यार में भी नहीं। निहायत ठंडे विराग में, गहराई से चीजों में डूबकर पूरी तरह उनसे अलग हो जाने में, किसी भी कृति को आंकने, बांधने की यह लम्बी दूरूह प्रक्रिया न कभी आसान हुई न बदली।"[2]

कृष्णा सोबती जी ने अपने सभी उपन्यास, मानव–जीवन में क्रांतिकारी मोड़ उपस्थित करने वाली मनुष्य की सर्वव्यापक मूल वृत्तियाँ, अहम् और सेक्स को आधार बनाकर लिखें हैं। "डार से बिछुड़ी" इनका पहला लघु आंचलिक उपन्यास है जो अपनी विशिष्ट कलात्मक शैली के लिये प्रसिद्ध है। इस उपन्यास की प्रमुख पात्र है– पासो, जो कि अल्हड़ और भोली–भाली युवती है, जिसके इर्द–गिर्द ही सारी कथावस्तु घूमती है। पासो को अपनी माता के फलस्वरूप अनेक कष्ट सहने पड़े क्योंकि उसकी माता ने जाति के शेख सज्जन से भाग कर शादी की तथा अपने भाईयों और माँ का अपमान किया जिसके परिणाम बेचारी पासो को भोगना पड़ा, उसे समय–समय पर सामाजिक झिड़कें सुननी पड़ती हैं लेकिन उसके इस मानसिक संघर्ष और आंतरिक द्वंद्व ने कहीं भी उसको कमजोर नहीं किया है, बल्कि उसके चरित्र को और भी अधिक प्रभावशाली बना दिया है। इस तथ्य को जिस मनोवैज्ञानिक ढंग से सोबती जी ने प्रस्तुत किया है वह समाज में सराहनीय है। अपने इस भावात्मक उपन्यास में उन्होंने यह दिखाने की चेष्टा की है कि कई बार अपने माता–पिता के दुष्परिणामों का फल उनके बच्चों को भोगना पड़ता है। पासो घर से भागने के बाद कहीं भी ज्यादा देर तक सुखी न रह सकी, कानों में नानी के कहे शब्द हमेशा गूंजते रहे– ..... "संमलकीर री, एक बार का थिरका पैर जिन्दगानी धूल में मिला देगा।"[3] भाषा के माधुर्य और करारेपन ने उपन्यास को आकर्षित करके अभिभूत कर दिया है।

डार से बिछुड़ी के बाद "मित्रों मरजानी" 1967 में लिखा गया। यह सोबती जी का सर्वाधिक चर्चित उपन्यास था। इस उपन्यास के कथ्य और चरित्र ने एक लम्बे अर्से तक हिन्दी उपन्यास साहित्य में धूम मचा दी थी। इसकी नायिका मित्रो एक सभ्य परिवार की बहू है किन्तु उसे उस परिवार की बन्दिशें तथा जीवनयापन के ढंग से नफरत है। उसकी स्वतंत्र विचारधारा क्षुद्र बंधनों से बहुत ऊपर है। सोबती जी ने मित्रो के चरित्र में नारी–जीवन के बहुआयामी व्यक्तित्व को गढ़ा है। "मित्रो आधुनिक नारी की तरह न तो पावनता का प्रतीक है और न ही भावनालोक में विचरने वाली कोई रमणी, वह तो वास्तविक जगत की माँस से बनी नारी है जिसकी अपनी कुछ दैहिक आवश्यकतायें भी हैं। दैहिक आवश्यकताओं की पूर्ति उसे किसी पाप–बोध से नहीं भरती, बल्कि उसे वह एक सहज प्रक्रिया के रूप में स्वीकार करती है।"[4] डॉ. पुरूषोत्तम ने इस उपन्यास के बारे में अपनी टिप्पणी देते हुए कहा है कि "यह एक वैयक्तिक उपन्यास है। सोबती जी ने इस कृति में यह दर्शाया है कि पुरूष हो चाहे स्त्री, काम दोनों के लिये महत्वपूर्ण है।"[5] मित्रो के चरित्र को अंकित करने में लेखिका ने साहस का काम किया है, उसे एक चुनौती के रूप में सामने लाया है। निर्विवादित रूप से सोबती जी का "मित्रो मर जानी" उपन्यास, साहित्य की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

सन् 1968 में "यारों के यार" उपन्यास का प्रकाशन हुआ जिसमें रिश्वत, गुटबंदी, औरत और दफ्तरी जिन्दगी की अनेक बारीकियाँ खोली गई हैं। सूरी जैसा इंसान हर नये अफसर का रहस्य जानता है, वह सच बोलना चाहता है लेकिन बस छटपटा कर रह जाता है। आर्थिक विवशता, जिन्दगी का कठोर यथार्थ और उसमें जीते रहने की लालसा ने उन्हें अपने ही वर्ग के प्रति विद्रोही बना दिया। आज के क्लर्कों की मानसिक अतृप्ति, कुण्ठा, घुटन को लेकर सोबती जी ने इस उपन्यास की रचना की है।

इसके बाद "सूरजमुखी अंधेरे के" 126 पृष्ठों में लेखिका द्वारा लिखा गया एक बहुचर्चित लघु उपन्यास है। इसकी आधार भूमि सन् 1972 में रखी गई। इस उपन्यास की स्त्री को सोबती जी ने परम्परागत लीक से हटाकर नितान्त आधुनिक रूप में प्रस्तुत किया। इसकी कथा तीन शीर्षकों में बंटी हुई है। पुल, सुरंगों और आकाश। "सूरजमुखी अंधेरे के" की रत्ती की त्रासदी यह है कि विवाह और सेक्स के कुदरती बहाव से उत्पन्न सम्बन्धों के सगेपन से उसने कुछ जाना ही नहीं। उन्मुक यौन–सम्बन्ध उसे तृप्ति या मुक्ति नहीं देते बल्कि उसकी यातना को और बढ़ाते हैं। वह एक आधार चाहती है, विवाह का आधार जो उसे एक सम्बन्धों की ऊष्मा से सेंकता रहे। "रत्ती का जीवन एक रेगिस्तान की तरह

सुनसान पड़ा है। प्रयत्न करने पर भी वह सहज नहीं हो पाती, लेकिन इसी पत्थर की अहिल्या के सम्पर्क में दिवाकर नाम का एक विवाहित पुरुश आता है जो बचपन से पड़ी उसकी मानसिक ग्रन्थि को खोलने में कामयाब होता है। दिवाकर श्रीपत की तरह रत्ती को अपने बेडरूम में ना ले जाकर 'कार्वट पार्क' की सुनसान कॉटेज में ले जाता है। दिवाकर को वह पूर्णतः समर्पित हो जाती है किन्तु दिवाकर की पत्नी का तार आने पर उसके स्त्री सुलभ संस्कार आड़े आ जाते हैं और वह दिवाकर को घर भेज देती है। रत्ती फिर अकेले रह जाती है।"[6] लेखिका ने रत्ती के मन में उठते भावों को या दर्द को इतने हृदयस्पर्शी ढंग से व्यक्त किया है कि रत्ती के द्वारा कहा गया एक–एक शब्द जैसे सजीव हो उठता है। शिल्प और सांकेतिकता की दृष्टि से उनका यह उपन्यास श्रेष्ठ उपन्यासों की श्रेणी में आता है।

"जिंदगीनामा" उपन्यास का प्रकाशन सन् 1979 में हुआ। इस उपन्यास में 20वीं सदी के आरम्भ में पंजाब प्रदेश के अंचल में रहने वाले लोगों की पारिवारिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक जिंदगी का इतिहास प्रस्तुत किया गया है। जिंदगीनामा उपन्यास, पंजाब प्रदेश की भिन्न–भिन्न जातियों की रहन–सहन, रीति–रिवाज, खान–पान, वेशभूषा आदि का ऐतिहासिक दस्तावेज होने के साथ–साथ पंजाब की मिट्टी की सोंधी खुशबू और उसकी लोक कथाओं की सांझी संस्कृति के सम्मोहन को भी अभिव्यक्त करता है। इसकी कहानी शाहनी और शाह से होती हुई अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफत पर आकर खत्म होती है। 'जिंदगीनामा' उपन्यास में सबकुछ घटित होता है जो मानवीय संबंधों को बिगाड़ता है और बनाता भी है। इसमें माँ–बाप, भाई–बहन और दूसरे सभी रिश्तों की वो पवित्र मर्यादा है जिनसे संस्कृति हमेशा जिंदा रहती है। वस्तुतः सोबती जी का 'जिंदगीनामा' उपन्यास मानव–जीवन की श्रेष्ठता तथा मानव को मानव से प्रेम करने का संदेश देता है। उनके अपने ही शब्दों में – "जिंदगीनामा जिंदगी का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसके इतिहास में तख्तगाहों को प्रमाणों और सबूतों के साथ दर्ज नहीं किया गया, बल्कि उसकी जगह इसमें दर्ज है लोक मानस की भागीरथी के साथ बहता/पनपता और फैलता तथा जनमानस की सांस्कृतिक पुख्तापन में जिंदा रहता आदमी का इतिहास।"[7] इसी तथ्य को डॉ0 यश गुलाटी के शब्दों में– "साहित्य केवल प्रमाण पत्र नहीं अपितु लोगों की जिंदगी का जीवन्त दस्तावेज है। कृष्णा सोबती के उपन्यास इस परिभाषा को पूर्णतः चरितार्थ करते हैं।"[8]

"समय सरगम" सोबती जी का सन् 2000 में प्रकाशित उपन्यास जिसमें उन्होंने अपने आपको मनुष्य की मानसिकता को ही समय बताया है। हमारी चेतना में संचित हवा, धूप, पानी, वनस्पति आदि यह सब समय के ही अधीन है। इसमें लेखिका ने एक स्त्री जाति का, तत्कालीन एवं आधुनिक समय में किस प्रकार से तंग, नंगा एवं मजबूरियों का लाभ लिया जाता है, दर्शाया है। उनके इस अनूठे उपन्यास में तत्कालीन एवं आज की स्त्री की दशा का वर्णन किया गया है जो हृदयस्पर्शी एवं मार्मिक है।

वस्तुतः कृष्णा सोबती जी हिन्दी की एक ऐसी सशक्त नारीवादी लेखिका हैं जिन्होंने अपने लेखन में नारी की बदलती हुई स्थिति, उसकी यातनाओं, संघर्षों को स्त्रीत्ववादी परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया है। इनके सभी उपन्यासों में जीवन के अनेक अनछुये पहलुओं तथा उनसे सम्बन्धित अनेक समस्याओं की विशद–विवेचना की गई है। साहित्य अपनी प्रकृति के अनुसार ही विषय ग्रहण करता है। उपन्यास में वर्णित कुछ घटनाएं वास्तविक होती हैं और कुछ अवास्तविक, पर वे ऐसी होती हैं जिनकी पूर्ण सम्भावना होती है। सोबती जी ने जितना भी लिखा है वह बहुत ही सुगठित, सटीक एवं रचनात्मक लिखा है। उनकी रचना धर्मिता में सम्पूर्ण निष्ठा, आत्मीयता, भावप्रवणता और कभी न मरने वाला सत्य है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. कृष्णा सोबती का कथा साहित्य, पृष्ठ संख्या–177।
2. कृष्णा सोबती साहित्य का मूल्यांकन व विश्लेषण : नयी नारी और जीवन दृष्टि के संदर्भ में (अध्याय–6, पृष्ठ संख्या–153)।
3. कृष्णा सोबती, डार से बिछुड़ी, पृष्ठ संख्या–17।
4. कृष्णा सोबती का कथा साहित्य– पृष्ठ संख्या–157।
5. पुरुषोत्तम दुबे, व्यक्ति चेतना स्वातन्त्रयोत्तर हिन्दी साहित्य, पृष्ठ संख्या –371।
6. कृष्णा सोबती साहित्य का मूल्यांकन व विश्लेषण : नयी नारी और जीवन दृष्टि की संदर्भ में , पृष्ठ संख्या–161
7. कृष्णा सोबती 'समय सरगम' लेखिका पृष्ठ से।
8. Yes, Gulati the Santy Standered March 8, 1981 Page No.-3.

ISSN : 2394-4366

Received: 20 Nov., 2022; **Accepted:** 27 Dec.,-2022, **Published:** January-March, 2023 Issue

खनिजों से सजे चित्र : भारतीय चित्रकला की एक अनोखी पहचान

– डॉ. कल्पना गौड़
असिस्टेन्ट प्रोफेसर–
चित्रकला विभाग,
जुहारी देवी गर्ल्स डिग्री कालेज,
कानपुर–208004 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
gaurdrkalpna@gmail.com

सारांश

चित्रकला भारत की कला संस्कृति को पोषित करती है इसी कलामय संस्कृति का ही एक मनोहारी अंग है रत्नरंजित चित्रकला। रत्नरंजित चित्रकला अपने कलात्मक सौन्दर्य कनक–रजत–रत्नों जड़ित अद्वितीय अलंकरणों व प्राकृतिक–खनिज रंगों के प्रयोग के कारण आज देश विदेश के कला प्रेमियों व पारखियों को मंत्र मुग्ध कर रही है। रत्नरंजित चित्रकला का स्थान अन्य ललित कलाओं की भाँति महत्वपूर्ण है। रत्नरंजित चित्रकला के विविध रूप प्राचीन काल से ही भारत में विकसित है। जिनका उल्लेख हमारे पौराणिक ग्रंथों में मिलता है। सदियों से चित्रकार भारतीय कला के सिद्धान्तों से प्रेरणा ग्रहण कर अपनी कृतियों को स्थापित करते रहे हैं। रत्नरंजित कला भारत की अद्भुत कलात्मक अनुभूति की द्योतक है। सनातन परम्परा से जुड़ी हुयी है। भारतीय चित्रकला के समन्वित अध्ययन के फलस्वरूप ही रत्नरंजित कला का अध्ययन उपयोगी हो सकता है।

सौन्दर्य के प्रति अनुराग फिर श्रृंगार के माध्यम से सुन्दरता को सत्यं, शिवं व सुन्दरं बनाने की ललक मानवीय रचना और इसके रचयिता में भीतर तक भरी रहती है, जिसके परिणाम स्वरूप हम जो कुछ बनाते हैं उसे जी भर कर सजाते भी हैं। श्रृंगार की सामग्री में ताँबा, लौह, हाथी दाँत व गोमेद फिर सोना व चाँदी और रत्नों की स्थाई माध्यम के रूप में खोज हुयी। प्रकृति के इन खनिजों को न्यूनतम उपलब्धता के कारण मूल्यवान होने की स्थिति प्राप्त हुयी। सनातन जानकारी के अनुसार जहाँ ताँबा लौह जैसे अन्य खनिज रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति में खप गये वहीं कनक, रजत व रतन कलाओं के क्षेत्र में सिरमौर्य बन गये।

तीस–चालीस हजार साल ईसा पूर्व के माने गये फ्रांस की नियाओं और लेस्को के गुफा चित्र हो अथवा मिर्जापुर जनपद के चित्रित शैलाश्रय इन सभी के कलाकारों को खनिज सम्पदा के उपयोग की विद्या ज्ञात थी।

चित्रकला में इतिहास वर्णन मिलता है कि प्रस्तर युग से ही मनुष्य ने खनिज रंगों का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया था, इस युग के कलाकारों की कला रेखा के प्रयोग तक ही सीमित नहीं थी अपितु वे रंगों का भी प्रयोग कर चित्रों को प्राण प्रदान करते थे। लैस्को गुफा (फ्राँस) के प्रायः सभी चित्र रंगों के आकर्षण व सुरुचिपूर्ण योजना से बड़े ही प्रभाव पूर्ण और वास्तविक बन पड़े हैं। इस युग का कलाकार तैल रंगों (आयल कलर्स) को

बनाना भी जानता था। वह खनिज पदार्थों एवं मिट्टियों को रासायनिक प्रक्रियाओं द्वारा रंगों में परिवर्तित करता था और चर्बी को तेल के रूप में प्रयोग करता था।

विष्णु धर्मोत्तर पुराण में खनिजों के उपयोग को रेखांकित किया गया है।

रंगद्रव्याणि कनकं रजतं ताम्रमेव च।
अभ्रकं राजवन्तं च सिन्दूरं त्रपुरेव च।।
हरितालं सुधा लाक्षा तथा नृप।
नीलं च मनुजश्रेष्ठ तथाऽन्ये सन्त्यनकशः।।

अर्थात– राजन ! रंग बनाने के द्रव्य सोना, चाँदी, ताँबा, अबरक, राजवन्त, सिन्दूर, राँगा, हरिताल, चूना, लाख, ईंगुर तथा नील हैं। मानवेन्द्र। इसके अतिरिक्त अनेकों द्रव्य हैं।

चित्रों में सोने के उपयोग का विधान पहले पहल मानसोल्लास ग्रंथ में पाया जाता है।[3]

रंगों के रूप में स्वर्ण आभूषणों का उल्लेख तो सैंधवी संस्कृति में मिलता है, जिनका इतिहास पाँच हजार वर्ष पुराना है। भारतीय चित्रकला का इतिहास इससे भी पुराना है। यह गुफा चित्रों से सिद्ध होता है। बारहवीं शताब्दी में निर्मित जैन कल्पसूत्रों की सचित्र पाण्डुलिपि स्वर्ण के प्रयोग से अलंकृत है।

भारतीय लघुचित्रों में भी सोने चाँदी के वर्क से बने रंगों का प्रयोग विशेष है। सोने तथा चाँदी की चित्रकारी बनाकर इनके रंगों का प्रयोग मुगलकाल की चित्रकला में हुआ है। जिससे चित्र अधिक ओजपूर्ण बन गये हैं।

उपरोक्त उदाहरणों से सहज विचार आता है कि भारतीय चित्रकला में खनिज रंगों का प्रयोग कब कैसे किस रूप में हुआ?यह जिज्ञासा का बिन्दु है। जिसके विषय में हमें अब तक कोई क्रमबद्ध इतिहास नहीं मिलता है।

रंग अभिव्यक्ति है, उन किरण पुंजों की जो बह्माण्ड से निरन्तर धरती पर बरस रही है। सूर्य सहित समस्त ग्रहमाला अपने–अपने रंगीन अनुदानों से हमें पुरस्कृत कर रही है। इन्ही रंगों के रूप में प्रकृति की रचना हुयी है। धरती के गर्भ में रंगों का रहस्यमय खजाना छिपा है। एक–एक रंग का सघन रूप स्वर्ण–रजत और रत्नों के खनिज रूप में मानव को भेंट में प्राप्त हो गया है। और उसने इसका भरपूर उपयोग तन मन धन से किया है। गुणों की इस साम्रगी को दुनियाँ ने सम्पदा के रूप में स्वीकार करके अनेक तरह से अपने लिए उपयोगी बनाया है। देवी–देवताओं से लेकर नारियाँ तक इसी सम्पदा से लदी हैं।

इन रंगारंग माध्यमों के द्वारा उपचारक हमे निरोग करता है। कलाकर्मी इसके अनेकानेक उपयोग करके ललित कला संसार को सनातन काल से समृद्ध करता चला आ रहा है। चित्रकला भी इससे अछूती नहीं है, इसकी श्रृंगार सामग्री में इनका बहुत योगदान है।

प्राचीन साहित्य और धर्मग्रन्थों में चित्रकला के आकर्षक और विस्तृत वर्णन मिलते हैं। विष्णु पुराण में, जो प्राचीनतम पुराणों में है, बहुमूल्य नगीनों के उद्‌गम, गुणों और शक्तियों का विस्तार से विवेचन किया गया है। वेदों में, रामायण–महाभारत में और अन्य प्राचीन महाकाव्यों में कनक, रजत, रत्नों का उल्लेख मिलता है। पाणिनी के व्याकरण में आभूषणों की सूची दी गयी है। और प्रथम शताब्दी ईसवी में रचित कौटिल्य के अर्थशास्त्र में आभूषणों के निर्माण की प्रक्रिया वर्णित है। वराहमिहिर के समय से ही ज्योतिष–सम्बन्धी ग्रन्थों में रत्नों और इनकी सूक्ष्म शक्तियों की परिभाषा प्रस्तुत की गयी है। महाकवि कालिदास ने आभूषणों से सज्जित मानव शरीर के सौन्दर्य के मनोरम चित्र प्रस्तुत किये हैं।

भारतीय मूर्तिकला और चित्रकला में खनिजों के अंकनों को देखकर हमें हड़प्पाकाल से लेकर आज तक के भारतीय जीवन में खनिजों की विविधता और महत्व का पता चलता है।

हड़प्पा की मुद्राओं से अंकित मानव–आकृतियाँ अलंकारों से पूर्णतया मण्डित है। बतौर कुछ उदाहरणों के राजस्थान और दक्षिण भारत में हेलीबड, बेलूर और अमरावती में तथा साँची, अजंता, एलोरा, भुवनेश्वर, कोणार्क और खुजराहो जैसे भारत के मंदिरों और स्मारकों में हमें खनिजों की जो उपयोगिता और भव्यता दिखाई देती है उससे स्पष्ट है कि उन्हें दैविक गरिमा तथा भौतिक सौन्दर्य और शक्ति का प्रतीक माना गया है। देवताओं और देवियों, स्वर्ग के प्राणियों, स्त्री–पुरुष और बच्चों तथा पशुओं के चित्रों और मूर्तियों में अलंकारों की आश्चर्य जनक विविधता मिलती है। मध्य युगीन लघुचित्रों में भी यही परम्परा दिखाई देती है। प्राप्त सामग्री के आधार पर भारत की चित्रकला को दो मुख्य विधाओं भीति

चित्र (म्यूरल) तथा लघुचित्र (मिनियचर) में विभक्त किया जा सकता है।

भीति चित्रों की श्रृंखला में अजंता, बाघ, एलोरा, पनमालाई, सित्तनवासल, तंजायुर, हम्पी, लेपाक्षी और तिरुपाऊतिकुन्द्रम विशेष उल्लेखनीय हैं। आज भीति चित्रों की परम्परा भारत के कोने–कोने में किसी न किसी रूप में जीवित है। भीति चित्रों में गिने–चुने खनिज रंगों का ही प्रयोग होता है ताकि वे चूने के क्षारात्मक प्रभाव से अपने अस्तित्व को न खो बैठें।

जैन–बौध काल की चित्रकला के रूप में लघुचित्रों की मूल्यवान सम्पदा अभी तक सुरक्षित है। इस काल के कदम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, गुजरात, माँडू होकर मुगल दरबार के कलापथ से होते हुए दक्खिनी चित्रकला के साथ–साथ चलते रहे। विदेशी शासकों से संयुक्त क्षेत्रों में स्वतंत्र चित्रकला गतिविधियाँ शासकीय संरक्षण में खूब फूलती–फलती रही थीं। मथुरा–राजपूताना आदि इसके प्रतीक हैं। लघु चित्रों में खनिज रंगों का उल्लेख हमें प्राप्त तो होता है, पर इस विरासत के बारे में न तो विस्तृत ब्योरा ही प्रस्तुत हुआ न ही अध्ययन हुआ है। चित्रकला में खनिज संपदा का पक्ष इतना प्रबल होते हुये भी इस बात पर आश्चर्य होता है कि चित्रकला में खनिजों के उपयोग का जिक्र नाम मात्र को ही कला इतिहास में अंकित हुआ है।

स्वतंत्र भारत में सांस्कृतिक उथल–पुथल की आँधी में हमने पुनः अपनी जड़ों को तलाशना शुरू किया है। रत्नरंजित चित्रकला प्रदर्श देश–विदेश के पर्यटकों और तीर्थटकों के लिए आज कौतूहल का कारण बन गए हैं। आज फिर रत्नरंजित चित्रकला ब्रज की गलियों में राधे–राधे की मधुर गूँज के साथ परिक्रमारत है। छपे–छपाये चित्रों की दुकानों पर आज स्वर्ण और रत्नों से अलंकृत सुन्दरतम मोहक चित्र प्रदर्श बिक्री के लिए सजे हैं। चित्रों की बिक्री सैकड़ों की सीमा लाँघ कर लाखों रुपयों की परिधि में पहुँच गयी है।

सनातन चित्रकला का एकाएक पुनरोदय और जनमानस में उसकी उल्लास पूर्ण स्वीकारिता स्वागतीय तथा यह शैली के शोधपूर्ण अवगाहन योग्य है। इसी उद्देश्य से हम ब्रजभूमि से होकर नाथ द्वारा कला शैली से तंजोर चित्रकला शैली की गवेषणा पूर्ण परिक्रमा के लिए उत्सुक हैं।

बल्लभ सम्प्रदायी जो चित्रकार श्री नाथ जी की सेवा के लिए ब्रजधाम से चलकर श्री नाथ धाम में बस गए थे उन्होंने उदयपुर शैली को इतना प्रभावित किया कि उनकी एक शाखा 'नाथ द्वारा कलम' के नाम से प्रसिद्ध हुयी और कालांतर में उसे नाथद्वारा चित्रशैली कहा जाने लगा। ब्रज की रत्नरंजित कला का सर्वोच्च उन्नयन आज की नाथद्वारा शैली में भी देखने को मिल रहा है।

रत्नरंजित चित्रकला की जो रचनायें आज बन रही हैं उनमें अभी तक ज्वैल डस्ट के सहयोग से चित्रकला, ज्वैलडस्ट के माध्यम से कैलीग्राफी, स्वर्ण, रत्नों से चित्रों का श्रृंगार तथा रत्नचूर्णों को रंग के रूप में प्रयोगवाली ग्लास चित्र रचनायें कमोवेश उपलब्ध मिलती हैं।

स्वर्ण और रत्नों से चित्रकला का श्रृंगार आज ब्रजकला का एक नया आयाम है। ब्रज की गलियों में इस शैली के चित्रों की खूब धूम है। यह शैली वास्तव में चित्रकारी तथा सुनारी का सम्मिलित रूप है। सोने के बर्क को कैनवास पर स्थापित करना फिर उस पर रत्नों को जड़ना स्वर्णकारों का पक्ष है तो चित्र बनाने का कर्म चित्रकारों का पक्ष है। आज की यह कला चित्रकारी और सुनारी की मजबूत गठबन्धन कला है। वृन्दावन के कुंजों में कान्हाई परिवार का कन्हाई चित्रकला मन्दिर, दम्पति किशोर गोस्वामी का गृह–गुरुकुल, नित्य गोपाल शर्मा की चित्रशाला सहित अनेक चित्रकला कर्मक्षेत्र आज रत्नरंजित चित्रकला की आराधना में मस्त हैं।

ब्रज भूमि के अलावा यह चित्रकर्म नाथद्वारा शैली तथा तंजोर शैली के नाम से कला जगत में हलचल मचाये है। ब्रज के सर्वेक्षण के समय उपरोक्त विषय के प्रति मेरी धारणा यह बनी है कि रत्नरंजित कला सदैव चित्रकला में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती थी। इस आधुनिकता की दौड़ में सफल तो आज भी है परन्तु न तो अपना कोई लिखित प्रमाण छोड़ रही है न ही कला जगत में अपनी भूमिका को दर्ज करा रही है।

ज्वैल कटिंग के उपरान्त बचे–खुचे चूर्ण का कलात्मक उपयोग आज ग्लास पेंटिंग के लिए किया जा रहा है। पारम्परिक कला के रूप में मध्य एवं दक्षिण भारत में रंगों के स्थान पर रत्नों के प्रयोग द्वारा चित्रकारी हो रही है। ग्लास पेंटिंग की पद्धति के अनुसार पहले खाकों को बनाया जाता है और फिर रत्नों के कणों को रंग के रूप में

प्रयोग करके चित्र बनते हैं। यह बड़ी कारीगरी का काम है क्योंकि तनिक भी असावधानी होने से कलात्मक पक्ष के खत्म होने का भय रहता है।

पराधीनता के युग में विदेशी शिक्षा संस्कृति और कला के प्रभाव से विशुद्ध भारतीय कला का मूल रूप में ह्रास होता गया। आज स्वाधीन भारत में रत्नरंजित चित्रकला के रूप में इस भारतीय शैली की रचनायें भी शोध का विषय हैं।

ज्वैल डस्ट को रंग के रूप में प्रयोग करके चित्र बनाने का काम लगभग गोपनीय है और जिन कलाकारों को इस शैली पर जानकारी है वो अभी तक उसे सुरक्षित कोटे में रखे हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाये तो यह कला विरासत में देने वाली कला है। भारत में सभी रत्नों की कटाई होती है इन रत्नों की घिसनकणों का उपयोग चित्रकला के अनेक रूपों में होता है।

पोथी चित्रकला की तरह तोहड़ा और कुरान शरीफ का लेखन स्वर्ण–रजत सहित रत्नों की धूल ज्वैलडस्ट से मुस्लिम चित्रकारों द्वारा आज भी राजस्थान में किया जाता है। इन रचनाओं का बाजार देशी कम विदेशी अधिक है इन्हें हज के समय बेचना अधिकतम लाभकारी है।

चित्रकला भारत की कला संस्कृति को पोषित करती है इसी कलामय संस्कृति का ही एक मनोहारी अंग है रत्नरंजित चित्रकला। रत्नरंजित चित्रकला अपने कलात्मक सौन्दर्य कनक–रजत–रत्नों जड़ित अद्वितीय अलंकरणों व प्राकृतिक–खनिज रंगों के प्रयोग के कारण आज देश विदेश के कला प्रेमियों व पारखियों को मंत्र मुग्ध कर रही है।

रत्नरंजित चित्रकला का स्थान अन्य ललित कलाओं की भाँति महत्वपूर्ण है। रत्नरंजित चित्रकला के विविध रूप प्राचीन काल से ही भारत में विकसित है। जिनका उल्लेख हमारे पौराणिक ग्रंथों में मिलता है। सदियों से चित्रकार भारतीय कला के सिद्धान्तों से प्रेरणा ग्रहण कर अपनी कृतियों को स्थापित करते रहे हैं। रत्नरंजित कला भारत की अद्भुत कलात्मक अनुभूति की द्योतक है। सनातन परम्परा से जुड़ी हुयी है। भारतीय चित्रकला के समन्वित अध्ययन के फलस्वरूप ही रत्नरंजित कला का अध्ययन उपयोगी हो सकता है।

सहायक ग्रन्थ सूची

1. वर्मा, अविनाश बहादुर – भारतीय चित्रकला का इतिहास।
2. साखनकर, र. वि. – आधुनिक चित्रकला का इतिहास।
3. शर्मा, लोकेश चन्द्र – भारतीय की चित्रकला का सांस्कृतिक इतिहास।
4. त्रिपाठी, गया चरण – प्राचीन भारत की कला।
5. वशिष्ठ, आर. के. – मेवाड़ की चित्रांकन परम्परा।
6. स्वामी इ. कुमारिल – भारतीय कला और कलाकार।
7. राय, कृष्ण दास – भारत की चित्रकला।
8. उपाध्याय, भगवत शरण – भारतीय चित्रकला की कहानी।
9. मुखर्जी, डॉ. आर. के. – भारतीय संस्कृति और कला।
10. मुखर्जी डॉ. आर. के. – भारतीय कला का इतिहास।
11. दास, एन. सी. – भारतीय चित्रकला।
12. डॉ. सत्येन्द्र – ब्रज लोक साहित्य का अध्ययन।
13. मित्तल, डॉ. प्रभु दयाल – ब्रज की ललित कलाओं का इतिहास।
14. बाजपेयी श्री कृष्णदत्त – उत्तर प्रदेश का सांस्कृतिक इतिहास।
15. अग्रवाल जी. के. – कला सौन्दर्य और समीक्षा शास्त्र।
16. शर्मा पं. श्रीराम आचार्य – चिकित्सा के विविध आयाम।
17. द्विवेदी डॉ. भोजराज – पिरामिड एवं मन्दिर वास्तु।
18. व्यास डॉ. राजशेखर – मेवाड़ की कला और स्थापत्य।
19. चित्रसूत्रम अध्याय – विष्णु धर्मोत्तर पुराण।
20. Day E.W. - The Art of Miniature Painting.
21. Bhushan Jamila Brij - Indian Jawellery Ornament and Decorative Deserns.
22. Tomory Edith - A History of Fine Art in India and the West.
23. Powell, F. William - The World of Colur and How to Use it.
24. Losty, J. P. - Indian Book Painting.
25. Khandalwala, Karl - The origin and Development of Rajasthani Painting Morg XI, No-2.
26. Kramrisch, Stella - Indian Sculpture.
27. Nihar, Ranjan Ray - The Rajput Style in the Panorarma of Indian Painting.
28. Smith, Vinecent - A History of fine Art in India and Ceylon.
29. Wilkinson, J.V.S. - The Mughal Painting] Faber Gallery of Orinental Art.
30. Red Herbert - The Meaning of Art.

शोधपत्र लेखकों को निर्देश

'अभिनव गवेषणा' मल्टी डिस्प्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियररिव्यूड रिसर्च जर्नल है, जिसमें सभी उपविषयों के? मौलिक? शोध पत्र, शोध समीक्षा, विचार, लेखों आदि का? प्रका?शन कि?या जाता है। शोधक?र्ता हिन्दी, अंग्रेजी अथवा संस्कृ?त भाषा में अपने शोध पत्र भेज सक?ते हैं। शोध पत्र भेजते समय कृ?पया निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें-

◈लेखक अपना शोध-पत्र सर्वेश तिवारी (राजन) प्रबन्ध संपादक?- **'अभिनव गवेषणा'** के-444, 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा-कानपुर-27 को अथवा **super.prakashan@gmail.com** पर प्रेषित करें।

◈प्राप्त शोध पत्र पत्रिका में प्रकाशन के पूर्व पुनर्निरीक्षित किये जायेंगे। स्वीकृत शोध पत्र कहीं और प्रकाशित नहीं होना चाहिए और न ही उस शोध पत्र का कोई भी भाग सम्पादक के अनुमति के बिना कहीं और प्रकाशित किया जा सकता है।

◈अपने शोधपत्र की पाण्डुलिपि निम्न भागों में तैयार करें- शीर्षक, सारांश, पाण्डुलिपि, पुस्तक संदर्भ-सूची। कृपया पुनर्निरीक्षण की गुणवत्ता में सहायता करने हेतु अपना नाम, पता पाण्डुलिपि पर न दें।

◈**शीर्षक** - शीर्षक पाण्डुलिपि पर अवश्य दें, किन्तु अपना पूरा नाम, पता, संस्था जहाँ पर अध्ययन अथवा अध्यापन कार्य सम्पादित किया गया हो, आपका विषय, दूरभाष-मोबाइल, फैक्स, ई-मेल पत्राचार हेतु अलग पृष्ठ पर अवश्य दें। उपर्युक्त तथ्य आपके शोध पत्र के शब्द सीमा के अन्तर्गत ही माना जायेगा।

◈**सारांश** - कृपया शोधपत्र का सारांश अधिक?तम 200 शब्दों में दें।

◈**पाण्डुलिपि** - इसके अन्तर्गत मुख्य पाठ्य सामग्री होगी जो 5 से 10 पृष्ठ तक होनी चाहिए। शोध पत्र 10 पृष्ठ से (सारांश, शब्द संक्षेप, सूची समेत) अधिक प्रकाशन हेतु स्वीकार नहीं किया जायेगा। अन्यथा वृहद् शोध पत्र (10 से पृष्ठ से अधिक) प्रकाशन में देर भी हो सकती है। लेखक को यह बात स्वीकार होनी चाहिए कि शोध पत्र पुनर्निरीक्षण के दौरान किये गये संशोधन उन्हें मान्य होंगे। शोध पत्र प्रकाशन के दौरान त्रुटि की सम्भावना न बने इसका पूरा ध्यान रखा जाता है, फिर भी कोई त्रुटि पाये जाने पर लेखक संशोधित री-प्रिन्ट प्राप्त कर सकता है। पत्रिका में संशोधन की व्यवस्था नहीं है।

◈ **सन्दर्भ वर्णमालाक्रमानुसार** - शोध पत्र के समापन पर कृपया संदर्भ वर्ण माला क्रमानुसार ही दें। पत्रिका का वर्ष, लेखक, पृष्ठ संख्या, भाग इत्यादि विस्तार से दें। पुस्तक या पत्रिका शीर्षक इटैलिक दें। ◈ **पुस्तक** - प्रकाशक का नाम, संस्करण, संख्या, प्रकाशन वर्ष, लेखक का नाम, पुस्तक का नाम, पृष्ठ संख्या। ◈ **पत्रिका** - पत्रिका नाम, लेख का शीर्षक, लेखक का नाम, प्रकाशक का नाम, अंक संख्या, माह, वार्षिक, अर्द्धवार्षिक, त्रैमासिक अथवा मासिक जो भी हो स्पष्ट करें।

◈ **संदर्भ ग्रन्थ सूची** - कृ?पया शोध पत्र में क?म से क?म 8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची अवश्य दें। ◈ **समाचार पत्र** - प्रकाशक, तिथि, सन्, पृष्ठ संख्या। ◈ **इण्टरनेट** - वेबसाइड, पृष्ठ संख्या, मुख्य शीर्षक, अन्तः शीर्षक।

◈ **मानचित्र एवं सारणी** - मानचित्र एवं सारणी अथवा चित्र शोध पत्र की समाप्ति के अन्त में दें। यह ब्लैक एण्ड व्हाइट ही होना चाहिए। इसका स्पष्ट संकेत पाण्डुलिपि में दें (उदाहरण, सारणी संख्या)।

◈ **विशेष** - कृपया अपना शोध पत्र ई-मेल करने के बाद डाक से अवश्य भेजें। अपने शोध पत्र के साथ-साथ बायोडाटा, फोटो, अपना पता लिखा लिफाफा (20 रुपये टिकट सहित) भेजें। शोध पत्र हिन्दी, अंग्रेजी अथवा संस्कृ?त भाषा में ही होना चाहिए। शोध पत्र यदि हिन्दी-संस्कृत में है तो (कृतिदेव-हिन्दी फान्ट 14) में अंग्रेजी में है तो (एरियल - अंग्रेजी फान्ट 12) में तैयार सीडी के साथ दें। शोध पत्र प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर लेखक को स्वीकृति पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा। ई-मेल **(super.prakashan@gmail. com)** से प्राप्त शोध पत्र हेतु ई-मेल से स्वीकृति भेजी जायेगी। शोध पत्र प्रेषित करने से पूर्व प्रबन्धक से दूरभाष पर अवश्य सम्पर्क करें। सम्पादक मण्डल अथवा सलाहकार समिति में सम्मिलित करने का अन्तिम निर्णय संस्था का होगा।

◈ **सुझाव** - लेखकों एवं पाठकों को यह अंक कैसा लगा, इस सम्बन्ध में अपने-अपने विचार अवश्य भेजें, इससे मुझे अपनी त्रुटियों को जानने और भावी योजना बनाने में सहायता मिलेगी।

◈ **विनम्र निवेदन**- सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन है कि अपने माध्यम अधिक?तम सदस्यों को पत्रिका परिवार से जोड़कर संस्था का सहयोग करें।

अभिनव गवेषणा

मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल
रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल

Abhinav GAVESHNA

Multi Disciplinary Quarterly International
Refreed/Peer Reviewed Research Journal

ISSN - 2394-4366

E-mail : super.prakashan@gmail.com

कार्यालय : सेक्टर के-444 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा, कानपुर-208027

सदस्यता फार्म

श्रीमान् सम्पादक महोदय,
'अभिनव गवेषणा'
(मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)
सेक्टर-के-444, 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा, कानपुर-208027 (उ. प्र.) भारत

महोदय / महोदया,

निवेदन है मैं / हमारा महाविद्यालय आपके 'सुपर प्रकाशन' द्वारा प्रकाशित 'अभिनव गवेषणा' (मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल) परिवार का ..... वर्षीय / आजीवन / व्यक्तिगत / संस्थागत सदस्य बनना चाहता हूँ / चाहती हूँ? मैं / हमारी संस्था 'सुपर प्रकाशन', विश्व बैंक बर्रा, कानपुर-27 के नाम सदस्यता शुल्क ..... रुपये नकद / मनीआर्डर / चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट खाता क्रमांक (सुपर प्रकाशन - 52570200000355) IFS Code No. BARB0BUPGBX बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा- विश्व बैंक बर्रा (कर्रही) कानपुर-27 के नाम से दे रहा हूँ। ZERO

नाम (श्री / श्रीमती) डॉ. : .....

पद का नाम (जहाँ वर्तमान में कार्यरत हैं) : .....

संस्था / निवास का नाम : .....

पत्र व्यवहार का पूरा पता (पिनकोड सहित) :.....

: .....

फोन / मोबाइल नं. : .....

स्थान व दिनांक : .....

- हस्ताक्षर

प्रबन्ध सम्पादक : सर्वेश तिवारी 'राजन'
मो. : 8896244776

सम्पादक : ***डॉ. जया मिश्रा***
मो. : 9984578999